सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

02.06.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 317




12 उर्वशी रौतेला ने 190 करोड़ में खरीदा बंगला

## न्यूज डायरी

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 83.50 रुपये सस्ता

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने महीने के पहले दिन कॉमर्शियल गैस उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 83.50 रुपये तक की कटौती की है। पिछले महीने कॉमर्शियल सिलेंडर करीब 172 रुपये सस्ता हुआ था। नयी दरें गुरुवार (1 जून 2023) से लागू हो गयी है।

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में विशाल को कांस्य

**रांची।** एसएस मेमोरियल कॉलेज के छात्र विशाल बहादुर ने लखनऊ में हुए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कांस्य पदक जीता है। ट्रिपल जंप प्रतियोगिता में यह मेडल मिला है।

### बीएयू में प्लेसमेंट मेला और इंडस्ट्री मीट आज से

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में पहली बार दो दिवसीय प्लेसमेंट मेला एवं इंडस्ट्री मीट-2023 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह शुक्रवार को दिन में 11:00 बजे से बीएयू के कृषि संकाय स्थित प्रेक्षागृह में होगा। इस कार्यक्रम में बीएयू के अधीन सभी महाविद्यालयों के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले सकेंगे। इस समारोह के मुख्य अतिथि श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता और विशिष्ट अतिथि नाबार्ड के महाप्रबंधक गौतम सिंह होंगे।

### केमिकल फैक्ट्री में हुआ ब्लास्ट, एक की मौत

**कोडरमा।** तिलैया थाना अंतर्गत गझंडी रोड स्थित कोडरमा केमिकल फैक्ट्री में गुरुवार की शाम हुए ब्लास्ट में तीन मजदूर घायल हो ग्ये, जबकि एक की मौत हो गयी। घटना के बाद आनन-फानन में फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा घायलों को उपचार के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। मृतक का नाम नागेश्वर यादव (गोहाल, पिपचो, जयनगर) है। घायलों में रौशन कुमार (ग्राम बेहराडीह, शर्माटांड़, जयनगर), सौरव नंदी (पुरुलिया, पश्चिम बंगाल) एवं केदार विश्वकर्मा (गौशाला रोड, झुमरी तिलैया शामिल हैं।

### परमाणु मिसाइल अग्नि-1 ने लगाया सटीक निशाना

**नयी दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-1 का सफल प्रक्षेपण किया। परमाणु मिसाइल ने बंगाल की खाड़ी में 1000 किमी दूर बड़ी सटीकता के साथ अपने नियोजित लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

# बिजली दर में 5 से 15 पैसे प्रति यूनिट की हुई बढ़ोतरी

## विद्युत नियामक आयोग ने नयी दर को दी मंजूरी, 1 जून 2023 से लागू

■ जेबीवीएनएल का दावा, 2022 में 2500 करोड़ और 2023 में 7400 करोड़ का हुआ नुकसान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में बिजली की नयी दर लागू हो गयी। 1 जून 2023 से बिजली की नयी दर के तहत उपभोक्ताओं को बिजली बिल का भुगतान करना होगा। झारखंड विद्युत नियामक आयोग ने 6.50 फीसदी टैरिफ वृद्धि को मंजूरी दे दी है। जबकि, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) की ओर से दिये प्रस्ताव में 20 फीसदी वृद्धि की मांग की गयी थी। बिजली की नयी दर में 5 से 15 पैसे प्रति यूनिट की हुई बढ़ोतरी हुई है।

झारखंड विद्युत नियामक आयोग ने गुरुवार को राज्य में नयी बिजली दरों का एलान किया। आयोग के कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में आयोग के अध्यक्ष अमिताभ गुप्ता ने नयी दरों की घोषणा की। इसके तहत अब ग्रामीण इलाकों में घरेलू बिजली की दर 5.80 रुपये प्रति यूनिट होगी। जबकि, शहरी क्षेत्र में घरेलू बिजली चार्ज की दर 6.30 रुपये प्रति यूनिट होगी। इसी प्रकार, घरेलू एचटी की दर 6.15 रुपये निर्धारित की गयी है। नयी टैरिफ झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के उपभोक्ताओं के लिए मान्य है। जेबीवीएनएल ने इस संबंध में आयोग को टैरिफ पीटिशन सौंपा था। इसमें घाटे को दर्शाते हुए दर बढ़ाने की अनुमति देने का आग्रह किया गया था।

### बिल भुगतान पर उपभोक्ताओं को मिलेगी विशेष छूट



नियामक आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अमिताभ कुमार गुप्ता ने कहा कि नयी टैरिफ वृद्धि आंशिक रूप से की गयी है। इसमें उपभोक्ताओं का खास ख्याल रखा गया है। अगर उपभोक्ता बिल तिथि के 5 दिनों के भीतर भुगतान करता है, तो उपभोक्ता को बिल के भुगतान पर 2 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। इसके अलावा, ऑनलाइन या किसी डिजिटल मोड के माध्यम से किये गये देय तिथि के भीतर बिल भुगतान पर राशि पर 1 प्रतिशत छूट की अनुमति दी गयी है, जिसकी अधिकतम सीमा 250 रुपये होगी। इसके साथ ही, लोड फैक्टर रिबेट उन सभी उपभोक्ताओं को दिया जायेगा, जिनका लोड फैक्टर 65 प्रतिशत से अधिक होगा और जिसकी अधिकतम सीमा 15 प्रतिशत होगी।

#### 2019 की दरें

घरेलू ग्रामीण उपभोक्ताओं से 5.72 रुपये लिये जाते हैं। घरेलू शहरी उपभोक्ता से 6.25 प्रति यूनिट, घरेलू एचटी से 6.25 रुपये, कॉमर्शियल ग्रामीण से छह रुपये प्रति यूनिट, कॉमर्शियल शहरी से 6.25 रुपये प्रति यूनिट, कृषि कार्यों के लिए 5 रुपये प्रति यूनिट, एलटीआइएसएस से 5.75 प्रति केवीएच और एचटीआइएस 5.50 प्रति केवीएच लिया जाता रहा है। अब इन दरों में बदलाव होगा। वहीं, उपभोक्ताओं को 100-200 यूनिट उपभोग पर सब्सिडी प्रति यूनिट 2.75 रुपये और 201- 400 यूनिट पर सब्सिडी प्रति यूनिट 2.05 रुपये मिल रही है।

#### तीन साल बाद बढ़ी बिजली दरें

पिछले तीन साल से राज्य में बिजली की दरें घोषित नहीं की गयी थीं। वर्ष 2020 में कोविड महामारी को देखते हुए आयोग ने बिजली दर में बढ़ोतरी नहीं करने का निर्णय लिया। ऐसे में वर्ष 2019 का दर अब तक मान्य है। वहीं, वर्ष 2020 के बाद से नियामक आयोग में अध्यक्ष और सदस्य पद खाली हो गया, जिससे बिजली दर निर्धारण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पायी।

#### निगम ने बताया नुकसान का आंकड़ा

जेबीवीएनएल की ओर से दिये प्रस्ताव में 20 फीसदी वृद्धि की मांग की गयी थी। प्रस्ताव में बिजली वितरण निगम ने बताया है कि निगम सालाना 7400 करोड़ रुपये के नुकसान में है। वर्ष 2020 में ये घाटा 2200 करोड़ रुपये था। वर्ष 2021 में 2600 करोड़ और वर्ष 2022 में 2500 करोड़ रुपये का घाटा बताया गया है। हालांकि, जनसुनवाई के दौरान लोगों ने निगम के दावों को झूठ बताया। साथ ही, बिजली दरों में वृद्धि नहीं करने की अपील की गयी।

**200 पन्नों में आयोग ने दिया है फैसला :** लंबी सुनवाई के बाद करीब 200 पन्नों में आयोग द्वारा दिये गये निर्णय में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को कई तरह के सुझाव भी दिये गये हैं। आयोग का यह निर्णय जेबीवीएनएल द्वारा 2019-20, 2020-21 और 2021-22 में दिये गये प्रस्ताव पर सुनवाई के बाद आया है। झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन जस्टिस अमिताभ कुमार गुप्ता, सदस्य अतुल कुमार और महेंद्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से इसकी घोषणा करते हुए कहा कि आयोग 2022-23 और 2023-24 के प्रस्ताव को संयुक्त रूप से सुनवाई के बाद आगे का निर्णय लेगा।

## सीएम हेमंत सोरेन ने की योजनाओं की समीक्षा, कहा

# प्रगति व गुणवत्ता का होगा लाइव वेरीफिकेशन, अधिकारी रहें तैयार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**...और क्या बोले सीएम हेमंत**

- योजनाओं में ऐसी कोई लापरवाही न बरतें, जिससे गुड गवर्नेंस पर आंच आये
- अधिकारी फील्ड विजिट कर योजनाओं की जमीनी हकीकत की लें जानकारी, प्रॉपर मॉनीटरिंग हो
- बजटीय प्रावधानों के अनुकूल योजनाओं में गति लायें, कार्य धरातल पर उतरे, सरकार संकल्पित

**रांची।** गुड गवर्नेंस के लिए जरूरी है कि योजनाएं तय समय पर पूरी हों। योजनाओं में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाये। विशेषकर, विभिन्न विभागों के लिए जो बजटीय प्रावधान हैं, उसके अनुरूप कार्यों में गति होनी चाहिए। इसके लिए अधिकारियों को पूरी जवाबदेही और गंभीरता से कार्य करना होगा। यह कहना था मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का। वह गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में विभागों के प्रधान सचिव/ सचिव के साथ उच्च स्तरीय बैठक में जोहार परियोजना पोर्टल पर अपलोड योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। आज जोहार परियोजना पोर्टल की पहली समीक्षा हुई। इसमें कई बदलाव करने की जरूरत है। इस सिलसिले में आगे जो भी बैठक होगी, उसने मंत्री गण भी मौजूद रहेंगे, ताकि इसकी हर स्तर पर विस्तृत समीक्षा की जा सके।

**विभागों में तालमेल हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित कई योजनाएं कई विभागों से जुड़ी होती हैं। ऐसे में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल हो, ताकि उसका क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो सके। उन्होंने विभागीय सचिवों से कहा कि वे तमाम योजनाओं की प्रॉपर मॉनीटरिंग करें, ताकि उसमें अगर किसी प्रकार का व्यवधान या समस्या आये, तो उसका समाधान निकाला जा सके। इसका यह फायदा होगा कि योजनाएं समय पर पूरी हो सकेंगी।

**सभी पदाधिकारी योजनाओं का आकलन करें :** मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने विभागीय सचिवों को कहा कि वे अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का आकलन करते हुए उसकी विस्तृत समीक्षा करें, ताकि उसका क्रियान्वयन सही तरीके से हो और तमाम चीजें सुचारूपूर्वक आगे बढ़ सकें। दरअसल, कई योजनाएं समय पर पूरी नहीं हो पाती हैं। योजनाओं में विलंब होने से उसकी लागत भी बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए योजनाओं की लगातार निगरानी होनी चाहिए।

**साइट से प्रगति की जानकारी ली जायेगी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं या नहीं, योजनाओं की प्रगति किस स्तर पर है, गुणवत्ता के साथ कार्य हो रहे हैं या नहीं, इसका अब लाइव वेरिफिकेशन किया जायेगा। सूचना प्रौद्योगिकी के सहयोग से इसकी व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत तमाम योजनाओं की साइट से उसकी प्रगति की जानकारी ली जायेगी। (संबंधित खबर पेज 2 पर देखें।)

# चुटूपालू घाटी में ट्रेलर का कोहराम बाइक सवार एक युवक की मौत

## >> कार पर सवार तीन लोग घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** रांची-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर रामगढ़ के चुटूपालू घाटी में एक ट्रेलर ने गुरुवार को कोहराम मचा दिया। अनियंत्रित ट्रेलर ने कई गाड़ियों को टक्कर मारी और फिर घाटी में डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस हादसे में बुलेट बाइक पर सवार बादल करमाली की मौत हो गयी। वह रामगढ़ जिले के वेस्ट बोकारो क्षेत्र का रहने वाला था। वह गुरुवार की सुबह रांची से अपने घर लौट रहा था। इस हादसे में कार पर सवार तीन लोग घायल हो गये हैं, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस हादसे में ट्रेलर पर लदा सरिया फोरलेन पर दोनों ओर बिखर गया। इस हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग -33 पर आवागमन पूरी तरीके से बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया। पुलिस ने काफी मशक्कत कर सड़क पर बिखरे हुए सरिया को हटवाया और दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को भी सड़क के किनारे किया। इसके बाद राजमार्ग 33 पर आवागमन शुरू हुआ। इस दौरान लगभग पांच घंटे तक सड़क जाम रहा, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई।

थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि अनियंत्रित ट्रेलर ने घाटी में एक स्विफ्ट डिजायर कार, एक बुलेट बाइक, एक टाटा 407 और एक ट्रेलर को जोरदार टक्कर मारी। इसके अलावा, डिवाइडर पर लगे बिजली के कई खंभों को भी अनियंत्रित ट्रेलर ने उखाड़ दिया। सरिया लदा ट्रेलर रांची की ओर से रामगढ़ की तरफ आ रहा था। घाटी में घुसते ही वह अनियंत्रित हो गया। दुर्घटना प्रशासन द्वारा चिह्नित ब्लैक स्पॉट के पास हुई है।

### नप का प्रधान लिपिक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**विश्रामपुर।** पलामू भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने नगर परिषद विश्रामपुर के प्रधान लिपिक (बड़ा बाबू) अनिल चंद्रवंशी व चालक जितेंद्र बहेलिया को 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। ज्ञात हो कि रेहला थाना क्षेत्र के ग्राम कधवन निवासी ओंकारनाथ सिंह को नगर परिषद विश्रामपुर में वेलकम बोर्ड निर्माण के लिए टेंडर मिला था। इसकी प्राक्कलित राशि 10 लाख 46 हजार 300 रुपये थी। इस एवज में संवेदक ओंकारनाथ ने नगर परिषद विश्रामपुर में 41,688 रुपये अग्रिम जमानत राशि जमा की थी। कार्य पूर्ण होने के बाद ओंकारनाथ जमानत राशि पाने के लिए नगर परिषद विश्रामपुर कार्यालय का चक्कर लगाते रहे। अंत में नप के बड़ा बाबू अनिल चंद्रवंशी ने कहा कि साहब 10 हजार मांग रहे हैं। बिना दिये काम नहीं होगा। ओंकारनाथ ने इसकी लिखित सूचना एसीबी पलामू को दी। एसीबी ने प्राथमिकी दर्ज कर सत्यापन के लिए जांच की, तो वादी की सूचना सत्य पायी गयी। इसके बाद एसीबी की टीम ने धावा बोला।

## अरविंद केजरीवाल और भगवंत सिंह मान पहुंचे रांची

# आज हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे दिल्ली-पंजाब के सीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान और सांसद संजय सिंह गुरुवार की रात रांची पहुंचे। तीनों मुख्यमंत्री रात को होटल रेडिशन ब्लू में रुके हैं। वे शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलेंगे। मुख्यमंत्री से मिलकर दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्री केंद्र सरकार के खिलाफ चलाये जानेवाले अभियान में सहयोग की अपील करेंगे।

इधर, मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली सूचना के अनुसार झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल एवं पंजाब के सीएम मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान शुक्रवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास परिसर में दोपहर 2 बजे संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित करेंगे। मालूम हो कि केंद्र सरकार के खिलाफ दिल्ली, बिहार और बंगाल के सीएम के साथ 20 से अधिक राजनीतिक पार्टी के नेताओं को एकजुट करने का प्रयास चल रहा है। उनकी बैठक पटना में 12 जून को प्रस्तावित है।

इधर, झारखंड और दिल्ली में जारी इडी की कार्रवाई के बीच केजरीवाल और सीएम हेमंत सोरेन की यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है। दोनों की इस मुलाकात पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

# दो लाख का इनामी नक्सली राजेश उरांव मुठभेड़ में ढेर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** दो लाख के इनामी नक्सली राजेश उरांव को गुमला पुलिस ने गुरुवार को आंजन रोड में मुठभेड़ में मार गिराया। उसे तीन-चार गोली लगने की बात कही जा रही है। मृत नक्सली घाघरा प्रखंड के हुटार गांव का रहने वाला था। पुलिस ने घटनास्थल से एक लोडेड रायफल व कारतूस बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी कमांडर रंथू उरांव का दस्ता आंजन क्षेत्र में भ्रमणशील है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते गुमला पुलिस की टीम आंजन गांव पहुंची। पुलिस वहां सर्च अभियान चला रही थी। इस दौरान पुलिस को देखकर राजेश उरांव ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी मोर्चा लेते हुए जवाबी फायरिंग की। (शेष पेज 11 पर)

### चाईबासा : नक्सलियों की साजिश विफल, चार आइइडी बरामद

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत तुंबाहाका गांव जाने वाले रास्ते में सुरक्षा बलों को निशाना बनाने की साजिश को सुरक्षा बलों ने गुरुवार को फिर एक बार विफल कर दिया। सुरक्षा बलों ने चार आइइडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद किया है। सभी आइइडी को डिफ्यूज कर दिया गया है। बरामद आइइडी में 50 किलो का एक, पांच किलो का एक, आठ-आठ किलो के दो विस्फोटक शामिल हैं। एसपी आशुतोष शेखर ने गुरुवार को बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। सुरक्षा बलों को लक्षित कर हानि पहुंचाने के उद्देश्य से आइइडी लगाया गया था। लेकिन, सुरक्षाबलों ने चार शक्तिशाली आइइडी को बरामद किया और सभी को डिफ्यूज कर दिया। इलाके में सर्च अभियान जारी है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को भी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए सात आइइडी लगाया था, जिसे सुरक्षा बलों ने डिफ्यूज कर दिया था।

## बिहार, छत्तीसगढ़, ओड़िशा, बंगाल और यूपी से आगे निकला राज्य

# आइआइटियन देने में 8वें पायदान पर झारखंड

■ हर साल राज्य के 1.22% बच्चों को आइआइटी में मिलता है दाखिला

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड के बच्चों में टैलेंट की कमी नहीं है। यहां के बच्चे काफी प्रतिभाशाली और हर क्षेत्र में आगे हैं। खासकर, पढ़ाई के क्षेत्र में तो यहां के बच्चे रोज कमाल कर रहे हैं। आइआइटियन देने के मामले में भी झारखंड के बच्चों ने अपने पड़ोसी राज्यों बिहार, छत्तीसगढ़, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश (यूपी) को पीछे छोड़ दिया है। झारखंड आइआइटियन देने में पूरे देश में 8वें पायदान पर खड़ा है। यह झारखंड के लिए बड़े ही गर्व की बात है। हेमंत सरकार ने उच्च शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए राज्य के बच्चों को विदेश भेजने तक की व्यवस्था कर दी है।

### विदेशों में भी लहरा रहे झारखंड का परचम



#### आइआइटी में दाखिले का प्रतिशत

| राज्य | प्रतिशत | राज्य | प्रतिशत | राज्य | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| लद्दाख | 2.96 | गुजरात | 0.7 | पश्चिम बंगाल | 0.74 |
| जम्मू कश्मीर | 0.34 | मध्य प्रदेश | 1.42 | झारखंड | 1.22 |
| हिमाचल प्रदेश | 0.6 | महाराष्ट्र | 1.55 | बिहार | 0.92 |
| पंजाब | 0.78 | गोवा | 1.07 | सिक्किम | 0.0 |
| चंडीगढ़ | 12 | कर्नाटक | 0.9 | असम | 0.48 |
| उत्तराखंड | 1.79 | केरला | 0.54 | मेघालय | 0.1 |
| हरियाणा | 2.77 | तमिलनाडु | 0.6% | त्रिपुरा | 0.55 |
| दिल्ली | 5.2 | आंध्र प्रदेश | 0.6 | मिजोरम | 0.4% |
| उत्तर प्रदेश | 1.06 | तेलंगाना | 4.69 | मणिपुर | 0.07 |
| राजस्थान | 3.18 | छत्तीसगढ़ | 0.76 | मेघालय | 0.1 |
| | | ओड़िशा | 0.55 | अरुणाचल प्रदेश | 1.15 |

राज्य के लिए बड़ी खुशी की बात है कि हरेक साल यहां के 1.22% बच्चों को आइआइटी के बेहतर कॉलेजों में दाखिला मिलता है। पढ़ाई पूरी करने के बाद बेहतर पैकेज के साथ न सिर्फ देश में, बल्कि विदेशों में भी झारखंड का परचम लहरा रहे हैं। बताते चलें कि देश भर में लगभग हर साल 16,00,000 से ज्यादा बच्चे आइआइटी की परीक्षा देते हैं। इनमें से सिर्फ 16,000 बच्चों का ही चयन आइआइटी कॉलेज में हो पाता है। इसमें झारखंड के बच्चों की हिस्सेदारी 1.22% होती है। यानि कि हरेक साल झारखंड से 196 बच्चों को देश के बेहतर आइआइटी कॉलेजों में दाखिला मिलता है। झारखंड के लिए यह आंकड़ा विद्यार्थियों के बीच मनोबल बढ़ाने वाला है।

# रामगढ़ : जबरन दोस्ती को लड़की के गले पर रखा चाकू, गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** देश में लव जिहाद को लेकर चर्चा काफी जोरों पर है। ऐसे ही एक मामले में रामगढ़ में भी एक मुस्लिम युवक ने बुधवार की रात एक हिंदू लड़की से दोस्ती करने के लिए रात के अंधेरे में उसके गले पर चाकू रख दिया। लड़की ने किसी तरह अपनी जान बचायी और भागकर थाने पहुंची। इस संबंध में रामगढ़ थाना में युवती ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। रामगढ़ थाना केस संख्या 135/23 धारा 452, 341, 323, 354 , 308 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना रामगढ़ शहर के सौदागर मोहल्ला में घटी है। पीड़िता ने प्राथमिकी में लिखा है कि सौदागर मोहल्ला के आरजू मंसूरी अपने कुछ लोगों के साथ रात नौ बजे के लगभग मेरे घर में घुस आया। आरजू मंसूरी अपने लोगों के साथ मुझसे जबरदस्ती दोस्ती करने का दबाव बनाने लगा। (शेष पेज 11 पर)

### लव जिहाद

### रांची मामले की जांच को मुंबई गयी पुलिस

**रांची।** राजधानी रांची में लव जिहाद के मामले की जांच करने रांची पुलिस गुरुवार को मुंबई गयी है। मुंबई में रहने वाली मॉडल से रांची पुलिस पूछताछ कर पूरे मामले की जानकारी लेगी। साथ ही मॉडल का बयान दर्ज करेगी। भागलपुर की रहने वाली एक मॉडल ने रांची के एक मॉडलिंग स्कूल के संचालक तनवीर अख्तर पर धोखा देने, शादी के लिए धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और यौन शोषण का आरोप लगाया है। उसने मुंबई के वर्सोवा थाने में मंगलवार को तनवीर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। एफआइआर को मुंबई पुलिस ने झारखंड ट्रांसफर कर दिया। गोंदा थाना में केस दर्ज हुआ है। जांच की जिम्मेदारी एसआइ विवेक कुमार के पास है। पुलिस आरोपी तनवीर अख्तर से संपर्क स्थापित करने की कोशिश में है।

## सीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ योजनाओं की समीक्षा की, कहा

# अधिकारी योजनाओं की टाइमलाइन बनायें

### सीएम हेमंत सोरेन ने वर्क कल्चर में सुधार करने की दी नसीहत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तमाम योजनाओं की टाइमलाइन तय करें। इसके तहत योजनाओं का डीपीआर बनाने, टेंडर प्रक्रिया शुरू करने, काम की शुरूआत और उसके पूर्ण होने का समय निर्धारित हो। अगर योजनाओं में विलंब होता है तो किस स्तर पर कितना विलंब हुआ, इसकी भी रूपरेखा तय होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपनी कार्यशैली में बदलाव लाएं और पूरी जवाबदेही के साथ काम करें।

**अधिकारी फील्ड विजिट करें, जमीनी हकीकत को भी देखें :** मुख्यमंत्री ने विभागों के प्रधान सचिव और सचिव को कहा कि वे हर महीने अपना शेड्यूल तय करें। इसमें कम से कम 3 से 4 दिन फील्ड विजिट को शामिल करें ताकि साइट पर उन्हें योजनाओं की जमीनी हकीकत पता चले।

बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव एल ख्यांगते, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, प्रधान सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव प्रशांत कु सिंह, सचिव विनय चौबे, के. रवि कुमार, मनीष रंजन, राजेश कुमार शर्मा, अमिताभ कौशल, सुनील कुमार, राहुल पुरवार, कृपानंद झा, प्रवीण टोप्पो, जीतेंद्र कुमार सिंह, विप्रा भाल, मनोज कुमार आदि पदाधिकारी थे।



### जलापूर्ति योजनाओं में तय मानकों का पालन हो

मुख्यमंत्री ने कहा की जलापूर्ति योजनाओं के लिए जो पाइप लाइन बिछाई जा रही है उसको लेकर कई शिकायतें मिल रही हैं। जहां पाइपों की क्वालिटी को लेकर सवाल उठ रहे हैं, वहीं उसे बिछाने में मानकों का पालन नहीं हो रहा है। इससे जलापूर्ति योजना कैसे सफल होगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पाइप लाइन बिछाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो। इसमें जो भी मानक तय किए गए हैं, उसका पूरा पालन किया जाना चाहिए।

### जन कल्याणकारी योजनाओं पर विशेष फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन, कई बार इसमें असमानताएं देखने को मिलती हैं। जरूरतमंदों तक इसका लाभ नहीं पहुंच पाता है। अधिकारी इसे गंभीरता से लें और योजनाओं को जरूरतमंदों और लाभुकों तक पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित करें।

### मुख्य रूप से इन परियोजनाओं की हुई उच्चस्तरीय समीक्षा

सुवर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना, 3800 मेगावाट पतरातू सुपर थर्मल पावर स्टेशन हेतु संचरण योजना, बोरियो (होल ब्लॉक) अंडर होल गोड्डा आरडब्ल्यूएसएस, साहेबगंज जिला अंतर्गत गुमानी बराज योजना, गोड्डा एवं सुंदर पहाड़ी रूरल पाइप वॉटर सप्लाई स्कीम सहित झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, एशियन डेवलपमेंट बैंक संपोषित झारखंड अर्बन वॉटर सप्लाई इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट मेदिनीनगर निगम, विद्यासागर एवं जामताड़ा प्रखंड अंतर्गत सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना, कांटा टोली (रांची) फ्लाईओवर निर्माण परियोजना, सरैयाहाट प्रखंड सरैयाहाट ग्रामीण जलापूर्ति योजना, बाघमारा रूरल वॉटर सप्लाई स्कीम, बरलंगा- नेमरा-कसमार-खैराचातर पथ निर्माण कार्य, धोबा-धोबिन-खरपोश-बेनिसागर पथ निर्माण कार्य, रांची जिला अंतर्गत नेवरी विकास विद्यालय से बूटी मोड़, कोकर चौक-कांटा टोली- नामकोम आरओबी तक पथ निर्माण कार्य, साहिबगंज जिला अंतर्गत रांगा सिमरा-हिरन-डुमील श्रीरामपुर-इलाकी भोरबंध- सिमलघाब पथ निर्माण कार्य योजनाओं सहित कई विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति में तेजी एवं योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिया।

**जोहार परियोजना पोर्टल पर अपलोड योजनाएं :** 30 मई 2023 तक जोहार परियोजना पोर्टल पर 1138 योजनाओं की जानकारी है। इसमें 931 योजनाओं का शिलान्यास हो चुका है जबकि, 207 योजनाओं की स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं 595 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है।

### थोड़ी बहुत गलतियां तो होती हैं तो उसे सुधारें

मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार की इतनी बड़ी व्यवस्था में योजनाओं के क्रियान्वयन में थोड़ी बहुत गलतियां तो होती ही रहती हैं लेकिन, इसकी संख्या इतनी ज्यादा नहीं होनी चाहिए कि गुड गवर्नेंस पर असर पड़े। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को इस बात पर ध्यान देने की जरूरत है। अगर कहीं गलतियां हो रही हैं, तो उसपर नजर रखने की जरूरत है और उसका समाधान निकालने की दिशा में त्वरित पहल होनी चाहिए।

## लोगों को बिजली का झटका ट्रैरिफ में 6.5% की बढ़ोतरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राज्य में 1 जून 2023 यानी आज से बिजली की नयी दर के तहत उपभोक्ताओं को बिजली बिल का भुगतान करना होगा। झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा दिए गए 17% वृद्धि प्रस्ताव को ठुकराते हुए 6.50% टैरिफ वृद्धि की मंजूरी दी है। बिजली की दर में वृद्धि सभी तरह के उपभोक्ताओं के लिए लागू की गई है, जिससे 379.91 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व बिजली वितरण निगम को प्राप्त होगा।

| | |
|---|---|
| **बढ़ा हुआ रेट :** घरेलू ग्रामीण उपभोक्ता को अब देना होगा 5.80 रुपया प्रति यूनिट के साथ 50 रुपया फिक्स चार्ज | **पहले का रेट :** घरेलू ग्रामीण उपभोक्ता को पहले देना होता था 5.75 रुपया प्रति यूनिट के साथ 20 रुपया फिक्स चार्ज |
| **बढ़ा हुआ रेट :** घरेलू शहरी उपभोक्ता को अब देना होगा 6.30 रुपया प्रति यूनिट के साथ 100 रुपया फिक्स चार्ज | **पहले का रेट :** घरेलू शहरी उपभोक्ता को पहले देना होता था 6.25 रुपया प्रति यूनिट के साथ 75 रुपया फिक्स चार्ज |
| **बढ़ा हुआ रेट :** घरेलू एचटी उपभोक्ता को अब देना होगा 6.15 रुपया प्रति यूनिट के साथ 150 रुपया फिक्स चार्ज | **पहले का रेट :** घरेलू एचटी उपभोक्ता को पहले देना होता था 6.00 रुपया प्रति यूनिट के साथ 100 रुपया फिक्स चार्ज |
| **बढ़ा हुआ रेट :** कॉमर्शियल ग्रामीण उपभोक्ता (5 केवी से अधिक) को अब देना होगा 5.80 रुपया प्रति यूनिट के साथ 100 रुपया फिक्स चार्ज | **पहले का रेट :** कॉमर्शियल ग्रामीण उपभोक्ता(5 केवी से अधिक) को पहले देना होता था 5.75 रुपया प्रति यूनिट के साथ 50 रुपया फिक्स चार्ज |
| **बढ़ा हुआ रेट :** कॉमर्शियल शहरी उपभोक्ता (5 केवी से अधिक) को अब देना होगा 6.15 रुपया प्रति यूनिट के साथ 150 रुपया फिक्स चार्ज | **पहले का रेट :** कॉमर्शियल शहरी उपभोक्ता(5 केवी से अधिक) को पहले देना होता था 6.00 रुपया प्रति यूनिट के साथ 100 रुपया फिक्स चार्ज |

## खबर एक नजर में

### जैक बोर्ड : स्कूटनी के लिए आवेदन 6 जून से

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने कॉपी रिचेक करने के लिए आवेदन करने की तिथि जारी कर दी है। विद्यार्थी स्कूटनी के लिए 6 जून से 21 जून तक आवेदन दे सकते हैं। मैट्रिक के विद्यार्थियों को 450 रुपये आवेदन शुल्क लगेगा, जबकि इंटरमीडिएट के छात्रों को 750 रुपये आवेदन शुल्क देने होंगे। विद्यार्थी जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर कर आवेदन कर सकते हैं। जैक द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, स्कूटनी केवल परीक्षा केंद्र में हुई कॉपी की होगी। प्रैक्टिकल या इंटरनल कॉपी को रिचेक नहीं कर सकते हैं।

### बुनकर जोड़ो सम्मेलन में शामिल होंगे अनवर अहमद



**रांची।** भारत जोड़ो बुनकर सम्मेलन में शामिल होने के लिए दी छोटनगपुर हैंडलूम एंड खादी वीवर्स लिमिटेड के चेयरमैन और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अनवर अहमद अंसारी महाराष्ट्र के मालेगांव जा रहे हैं। कांग्रेस के अल्पसंखयक विभाग के केंद्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि होंगे। इस से पहले पिछले माह 29 मई को रॉंची के इरबा में भारत जोड़ो बुनकर संवाद की शुरूआत हुई थी।

### राज्यपाल से मिला प्राथमिक शिक्षक संघ का दल

**रांची।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला की अध्यक्षता में गुरुवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से राज्यपाल को अवगत कराया और अपनी मांगों के समर्थन में सहयोगा मांगा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि राज्यपाल ने मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में हरिद्वार महतो, जितेंद्र दुबे और नंदकिशोर तिवारी शामिल थे।

### राजधर्म निभायें मुख्यमंत्री : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में लव जेहादियों की हिम्मत बढ़ गई है। सजा काट के आने के बाद भी न प्रशासन का डर है और न ही फिर से पकड़े जाने का। ट्विट करते हुए बाबूलाल ने कहा कि 14 जनवरी को अरमान खान ने लव जिहाद में रामगढ़ की ममता की निर्ममता से हत्या कर दी। हत्या के बाद अरमान का भाई आरजू खान ममता की बहन को जान से मारने की धमकी देने लगा। इस मामले में काफी दबाव के बाद आरजू की गिरफ्तारी हुई। अब वही आरजू जेल से निकलकर फिर से एक लड़की पर जबरन दोस्ती करने का दबाव बनाते हुए 31 मई की रात 8 अपराधियों के साथ जबरन उसके घर घुसा और उसे जान से मारने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मामला है। राज्य में ऐसी घटनाओं में अप्रत्याशित रूप से बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा कि झारखंड में बड़े पैमाने पर ऐसा षड्यंत्र चल रहा है, इन षड्यंत्रों को रोकने की दिशा में वे अपना राजधर्म निभायें।

### पीआइबी रांची में अब्दुल हमीद ने किया योगदान



**रांची।** भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी अब्दुल हमीद ने गुरुवार को पत्र सूचना कार्यालय रांची में संयुक्त निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। हमीद इससे पूर्व आकाशवाणी रांची में समाचार सेवा प्रभाग के प्रमुख के रूप में पदस्थापित थे। भारतीय सूचना सेवा में 35 वर्ष से अधिक के कार्यकाल में श्री हमीद ने दिल्ली, कोलकाता, गंगटोक, गुवाहाटी, इंफाल और रांची में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रमुख विभागों पीआइबी, आकाशवाणी, प्रकाशन विभाग, दूरदर्शन और सीबीसी में अपनी सेवाएं दी हैं। पीआईबी रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि श्री हमीद की योग्यता एवं अनुभव का लाभ पीआईबी, रांची को मिलेगा। इस मौके पर पीआईबी रांची के कार्यालय प्रमुख ओंकार नाथ पांडेय और क्षेत्रीय प्रसार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर भी मौजूद थे।

### पासवा का आज से पुरी में राष्ट्रीय अधिवेशन



रांची। पासवा का चार दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 2 जून से 5 जून के बीच ओड़िशा के पुरी में होने जा रहा है। देशभर के चुनिंदा 400 निजी विद्यालयों के प्रतिनिधि इस अधिवेशन में शामिल होंगे जबकि झारखंड के विभिन्न जिलों से 17 डेलीगेट्स अधिवेशन में हिस्सा लेंगे। अधिवेशन में शामिल होने के लिए झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं झारखंड प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे सेवा विमान से गुरुवार को पुरी के लिए प्रस्थान किये। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद के नेतृत्व में पूरे देशभर के प्रतिनिधियों के साथ शिक्षाविदों की विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, पासवा के प्रदेश सलाहकार रोहित प्रियदर्शी उरांव, प्रदेश महासचिव नीरज सहाय, बच्चन पाण्डेय, बेबी सिंह,सुनीता सिन्हा,आशा पाण्डेय, प्रवीण प्रकाश सिंह,इयान कुमार, अल्ताफ अंसारी, मो.नेशार, ज्ञानेश्वर दयाल, मींकू कुमार, धीरेन्द्र राम, बिपीन कुमार, राशीद अंसारी भी पुरी के लिए प्रस्थान कर गए हैं।

## आज व कल विकसित स्थल महासंपर्क अभियान के बनेंगे केंद्र बिंदु : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ हो चुका है। महा जनसंपर्क अभियान के प्रदेश संयोजक सह प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने बताया कि 2और 3 जून को प्रदेश के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में मोदी सरकार और प्रदेश के विकसित प्रमुख स्थल जिसे भाजपा ने विकास तीर्थ कहा है, का भ्रमण करेंगे। डॉ वर्मा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश 3 जून को रांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित बिरसा मुंडा पार्क, जेल रोड के कार्यक्रम में अपराह्न 3 बजे शामिल होंगे जबकि प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह 3 जून को लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर 11 बजे पूर्वाह्न आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इसके अलावा 3 जून को ही 11 बजे पूर्वाह्न केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा खरसावां विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खुंटपानी में हर घर नल जल योजना स्थल के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी 3 जून को ही कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज करमा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा 3 जून को खिजरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत निर्मित हुंडरू ब्रिज स्थल पर कार्यक्रम में शामिल होंगे, जबकि 2 जून को पूर्वाह्न 11 बजे प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय हटिया विधानसभा क्षेत्र के नगड़ी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने गुरुवार को 11 बजे खिजरी विधानसभा क्षेत्र के ओरमांझी स्थित अनगड़ा ब्रिज पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

### स्थानीय खेलों को प्रोत्साहन : स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव ने जारी किया आदेश

## सरकारी स्कूलों में गुलेल और कंचा जैसे खेल को मिलेगा बढ़ावा : के रवि कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में गुलेल और कंचा जैसे खेल को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इसका आदेश शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने जारी किया है। इसकी सूचना जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षकों को भी दे दी गयी है। राज्य के सभी सरकारी विद्यालय एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षण में खेल एवं शारीरिक शिक्षा संबंधी गतिविधियों को सम्मिलित करने के लिए आदर्श दिनचर्या तैयार की गयी है। नई शिक्षा नीति-2020 के आलोक में बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनके बौद्धिक स्तर को ऊंचा करने के लिए इसे तैयार किया गया है। यह आदेश कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, मॉडल विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में भी लागू होगा।

**सुबह 8.45 बजे विद्यालय प्रबंधन द्वारा लंबी घंटी लगाना सुनिश्चित करें :** कक्षा संचालन के लिए सुबह 8.45 बजे विद्यालय प्रबंधन द्वारा लंबी घंटी लगाना सुनिश्चित होगा। इसी तरह ग्रीष्मकालीन कक्षाओं के समय यथा 1 अप्रैल से 30 जून में प्रातः 6.45 बजे लंबी घंटी लगायी जाएगी। प्रत्येक कक्षा के बाद छोटी घंटी लगाना सुनिश्चित करेंगे। प्रातः कालीन प्रार्थना सभा सुबह 9 से 9.15 होगा। ग्रीष्मकालीन कक्षाओं के समय प्रार्थना सभा सुबह 7 बजे 7.15 बजे तक होगा। विद्यालय की प्रार्थना सभा में सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य है। विद्यालय की दिनचर्या में बुधवार एवं शनिवार को शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एक घंटी दिया जाएगा। इस समयावधि में पीटी, ड्रील, एरोबिक्स, योग इत्यादि गतिविधियों को संचालित किया जाएगा। जारी आदेश में कहा गया है कि विद्यालय प्रबंधन सभी गतिविधियों में विद्यालय के सभी शिक्षकों को शामिल होना सुनिश्चित करेंगे। सभी शुक्रवार व शनिवार में से किसी एक दिन एक घंटी पुस्तकालय के लिए होगा।

**खेल के लिए ये प्रावधान :** विभिन्न खेलों के अतिरिक्त एक विद्यालय एक खेल विधा के अंतर्गत उस क्षेत्र में लोकप्रिय खेल (जैसे गुमला, सिमडेगा जिला में हॉकी) को आवश्यक रूप से खेल की घंटियों में शामिल होगा। विद्यालय द्वारा चयनित खेल ओलंपिक, राष्ट्रमंडल व एशियन प्रतियोगिताओं के लिए खेलों की सूची में शामिल होगा। विद्यालयों में पारंपरिक क्षेत्रीय खेलों (जैसे गुलेल, कंचा, कितकित, सेकोर, लट्टू, गोटी आदि) को भी बढ़ावा दिया जायेगा। उपरोक्त खेल गतिविधियां विद्यालय के शारीरिक शिक्षा शिक्षक, नोडल शिक्षक और प्रधानाध्यापक अथवा प्रभारी प्रधानाध्यापक की देखरेख में संचालित होंगे। सभी विद्यालय कक्षा एक से 12 तक के विद्यार्थियों का हेल्थ कार्ड एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण की अध्यतन स्थिति विद्यालय के रिकॉर्ड में होगा।

### सहायक अध्यापक संवर्ग नियुक्ति, प्रोन्नति और सेवा शर्त (संशोधन) नियमावली का विरोध शुरू

## झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने कहा- टेट की परीक्षा लें और शिक्षकों को ₹4200 का ग्रेड-पे ही दें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय महतो ने इस नियुक्ति नियमावली का विरोध किया है। संजय महतो ने कहा कि विगत कई वर्षों से टेट परीक्षा नहीं होने से लाखों छात्र-छात्राएं इस नियुक्ति से वंचित हो जायेंगे। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पहले सरकार टेट परीक्षा लें, उसके बाद ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो। शिक्षकों की नियुक्ति पुराने वेतनमान 9300-34800 और ग्रेड पे 4200 पर ही की जाये।

ये है झारखंड कैबिनेट का फैसला : द्वारा झारखंड के प्रारंभिक स्कूलों में सहायक अध्यापक संवर्ग नियुक्ति, प्रोन्नति व सेवा शर्त (संशोधन) नियमावली 2023 को मंजूरी दे दी गयी है। अब, राज्य के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में लगभग 50,000 शिक्षकों की नियुक्ति होगी। सहायक आचार्य की नियुक्ति पुराने वेतनमान 9300-34800 और ग्रेड पे 4200 पर नहीं होगी। इनकी नियुक्ति 5200-20200 के वेतनमान और 2400-2800 के ग्रेड पे पर होगी। इस आधार पर प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्ति होने वाले सहायक आचार्य को 26 हजार रुपये और मध्य विद्यालयों में नियुक्ति होने वाले सहायक आचार्य को 28 हजार रुपये वेतन मिलेगा, जबकि पुराने वेतनमान वाले सहायक शिक्षकों को नियुक्ति के समय 40 हजार रुपये मिलते थे। शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने के लिए टेट पास करना अनिवार्य है। आज तक झारखंड अलग राज्य बनने के बाद मात्र दो बार वर्ष 2013 एवं 2016 में टेट परीक्षा ली गई है, जबकि झारखंड में प्रत्येक वर्ष टेट परीक्षा लेनी है।

## आइएएस राजीव अरुण एक्का प्रकरण की जांच के लिए एक्शन मोड में आयोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आइएएस राजीव अरुण एक्का प्रकरण की जांच के लिए एक सदस्यीय जांच आयोग एक्शन में है। झारखंड हाईकोर्ट के रिटायर्ड पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस वीके गुप्ता को झारखंड सरकार ने एक्का द्वारा अपने पद के कथित दुरूपयोग मामले की जांच का दायित्व दिया है। इस क्रम में आयोग के स्तर से लोगों से सहयोग मांगा गया है। आयोग के सचिव अखलेश कुमार सिन्हा ने सूचना जारी कर कहा है कि महत्वपूर्ण पद पर रहते राजीव अरुण एक्का ने कथित तौर पर अनाधिकृत रूप से आधिकारिक दस्तावेजों पर अनाधिकृत व्यक्ति की कथित उपस्थिति में हस्ताक्षर किये। कोई भी व्यक्ति जो इस प्रकरण में कोई जानकारी रखते हों, वे आयोग को सहयोग करें। अपना लिखित पक्ष 15 जून 2023 तक आयोग के पते पर भेज सकते हैं। लिखित तौर पर जरूरी सूचनाएं (मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, डाक का पूरा पता) और एफिडेविट डाक से या हाथों हाथ आबकारी भवन कांके रोड, रांची- 834008 के पते पर उपलब्ध करा सकते हैं।

### झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने रांची आये दिल्ली और पंजाब के सीएम

# विपक्षी एकता के लिए राष्ट्रीय राजनीति में हेमंत सोरेन का कद बढ़ा, कई मायने में बनायी अलग पहचान

**सत्येन्द्र**



**रांची।** पहले हिमाचल प्रदेश और बाद में कर्नाटक विधानसभा चुनाव का परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आने के बाद 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्ष में उम्मीद की बड़ी किरण जगा दी है। पीएम मोदी की तमाम कोशिशों के बावजूद कर्नाटक के लोगों ने भाजपा को सत्ता से बेदखल कर दिया। इस बदलाव ने 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्ष में उम्मीद की किरण जगा दी है। इसका असली चेहरा 20 मई को बेंगलुरू के कांति राव स्टेडियम में हुए सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण समारोह में भी देखने को मिला। समारोह में नीतीश, तेजस्वी जैसे एंटी बीजेपी लॉबी के बड़े नेता के साथ झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी भी राष्ट्रीय राजनीति में कुछ अलग ही संकेत दे रही थी। वहीं कांग्रेस भी विपक्षी एकजुटता दिखाने के साथ-साथ खुद को बड़े भाई की भूमिका में कोई कसर नहीं छोड़ी। मंच पर देश के बड़े विपक्षी नेताओं के साथ हेमंत सोरेन के मौजूद होने के कई मायने निकाले जा रहे हैं।

इधर ताजा राजनीतिक घटनाक्रम के तहत दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्री क्रमशः अरविंद केजरीवाल और भागवत मान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने गुरुवार को रांची पहुंचे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद केंद्र द्वारा अधिसूचना लाकर दिल्ली सरकार के अधिकारों में कटौती करने के खिलाफ हेमंत सोरेन से मदद मांगना भी भरतीय राजनीति में बढ़ते कद का प्रतीक माना जा रहा है। इस संबंध में रजनीतिक विशलेषकों का कहना है कि हेमंत सोरेन राष्ट्रीय राजनीति में अपनी एक अलग पहचान बना रहे हैं। जिसका नतिजा 2024 के लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा।

ज्ञात हो कि कर्नाटक के सीएम के शपथ ग्रहण समारोह के लिए कांग्रेस ने गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को विशेष तौर पर न्यौता भेजा था। इसमें झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए थे। यह बताने के लिए काफी है कि हेमंत सोरेन का राजनीतिक कद कितना बड़ा हो गया है। इसका इंडिकेशन 10 मई को ही मिल गया था, जब उनसे मिलने खुद बिहार के सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव उनके आवास आ पहुंचे थे। करीब एक घंटे की चर्चा के बाद नीतीश कुमार ने कहा था कि 2024 का चुनाव विपक्ष मिलकर लड़ेगा और परिणाम पूरा देश देखेगा। उस वक्त सीएम हेमंत ने भी खुलकर कह दिया था कि वह अभिभावक तुल्य नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में काम करने को तैयार हैं। अब सवाल उठता कि क्या वाकई हेमंत सोरेन ने राष्ट्रीय राजनीति में अपनी अलग पहचान बना ली है या वे जरूरत का हिस्सा भर हैं। आखिर वह भाजपा विरोधी विपक्षी एकता में दिलचस्पी क्यों ले रहे हैं, जबकि कई बार उनकी पार्टी खुद भाजपा के साथ झारखंड की सत्ता में रह चुकी है।

इस संबंध में झारखंड की राजनीति के जानकारों का मानना है कि हेमंत सोरेन का बेंगलुरू जाना नैतिकता का हिस्सा है, क्योंकि वह कांग्रेस के बूते झारखंड के सीएम बने हुए हैं। इसलिए इस आमंत्रण से यह आकलन करना कि हेमंत सोरेन का कद राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा हुआ है, यह मुनासिब नहीं लगता। रही बात नीतीश कुमार की उनसे मुलाकात की तो उन्हें लगता है कि इस मुलाकात के पीछे नीतीश कुमार की मंशा झारखंड में जदयू के लिए जगह तलाशने की थी। क्योंकि कुछ दिन पहले ही जदयू के अध्यक्ष ललन सिंह भी आकर सीएम हेमंत से मिल चुके थे।

वहीं दूसरी ओर इसके विपरीत कुछ राजनीतिक जानकारों का यह भी कहना है कि हेमंत सोरेन ने अपनी राजनीतिक कुशलता से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर ली है। उनके पहल के बगैर झारखंड में विपक्षी एकता की कल्पना भी नहीं हो सकती क्योंकि यहां झामुमो का एक परंपरागत वोट बैंक हैं। आदिवासियों के बीच शिबू सोरेन की अलग पहचान है। हेमंत सोरेन राज्य के दूसरे ऐसे सीएम हैं जो रघुवर दास के बाद सबसे ज्यादा समय से सत्ता संभाले हुए हैं। वो भी कांग्रेस और राजद के सहयोग से।

राजनीतिक जानकारों का कहना झारखंड में 14 लोकसभा सीटें हैं। इनमें 12 पर एनडीए (11 पर भाजपा और एक पर आजसू) का कब्जा है। सिर्फ दो सीटें सत्तारूढ़ गठबंधन के पास है। इसलिए यह राज्य 2024 के चुनाव के लिहाज से बेहद मायने रखता है। इस स्थिति में भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों को हेमंत सोरेन को साथ लेकर चलना राजनीतिक मजबूरी भी है।

## स्पीड न्यूज

### नवनियुक्त शिक्षकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण



मेदिनीनगर। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार स्थानीय मुख्यमंत्री एक्सीलेंस जिला स्कूल मेदिनीनगर के प्रशाल में 180 नवनियुक्त उच्च विद्यालय के शिक्षकों को दस दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का संचालन पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण के आठवें दिन शिक्षक-सह-शिक्षाविद परशुराम तिवारी ने कहा कि जानने के लिए सीखना, अस्तित्व के लिए सीखना व सह अस्तित्व के लिए सीखना शिक्षा के चार प्रमुख स्तंभ हैं। शिक्षकों को सजग होकर शिक्षण कार्य करना चाहिए। वहीं एपीओ जान मुथू ने समग्र शिक्षा अभियान की गतिविधियों, पाठ योजना, कक्षा संचालन, स्व अध्ययन एवं बच्चों के साथ शिक्षकों के लगाव तथा अभिभावकों की भागीदारी पर चर्चा की। इस मौके पर समग्र शिक्षा अभियान के विकास कुमार दूबे, शादाब हुसैन, आमोद सिन्हा व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर व अन्य मौजूद थे।

### पलामू के खिलाड़ी गतका प्रतियोगिता में भाग लेने जालंधर रवाना



मेदिनीनगर। पंजाब के जालंधर शहर में 4 से 5 जून को आयोजित सिख धर्म के गतका खेल में पलामू के आठ खिलाड़ी भाग लेंगे। जिसमे द कराटे एकेडमी से काजल कुमारी, अगरिया प्रियदर्शनी, अमित पांडेय, इशू राज सिंह, आकर्ष प्रताप, राम प्रताप सिंह भाग लेंगे साथ ही ओरिएंट पब्लिक स्कूल के अनामिका मेहता, सुप्रिया कुमारी भाग लेगी। मौके पर पलामू जिला गतका संगठन के सचिव सुमित बर्मन ने कहा कि राष्ट्र स्तरीय गतका प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए यह खिलाड़ी अपना खेल का प्रदर्शन दिखाएंगे, जिसमें बेहतरीन खिलाड़ियों का चयन खेलो इंडिया अथवा 37वां नेशनल खेल के लिए चयनित किया जाएगा।

### सेवानिवृत्ति पर लिपिक को दी गई विदाई



मेदिनीनगर। उपनिदेशक कल्याण कार्यालय के लिपिक-सह- लेखापाल राजेन्द्र प्रसाद को उनके सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी। आयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित विदाई-सह-सम्मान समारोह में आयुक्त के सचिव-सह-उपनिदेशक कल्याण ने राजेन्द्र प्रसाद के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने भरोसा किया किया कि उनके अनुभव का लाभ कार्यालय के अन्य कर्मियों को मिलता रहे। सेवानिवृत्त लिपिक राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि यहां बिताया पल हमेशा याद आयेगी। उन्होंने गीत के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी ने कहा कि सेवानिवृति के बावजूद अपना अनुभव और स्नेह बनायें रखें। तनवीर अंसारी ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद जी नौकरी से विदाई पा रहे हैं, लेकिन उनका हमेशा मार्गदर्शन मिलता रहे, यही भरोसा है। जयंत कुमार ने उनके उज्जवल भविष्य एवं दीघार्यु होने की कामना की। मूल रूप से पंडवा प्रखंड के टांड़तरा गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद वर्ष 1989 में सरकारी सेवा में आये। मौके पर राजीव रंजन तिवारी, प्रेम धीरज कुमार, तनवीर अंसारी, पवित्र प्रणव, जयंत कुमार, वसीम अहमद, राहुल कुमार, लव-कुश कुमार गुप्ता, अजीत कुमार, गणेश कुमार, शितलेश कुमार, सेवानिवृत्त लिपिक राजेन्द्र प्रसाद की धर्मपत्नी एवं अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

### आर्थिक स्थिति को नहीं बनने देंगे बच्चों की पढ़ाई में बाधा : कोमल कुमार अंकू



मेदिनीनगर। युवा समाजसेवी कोमल कुमार अंकू ने एक बार फिर अपनी उच्च स्तरीय सोच का परिचय देते हुए अपने जन्मदिन की खुशियों को दोस्तों के साथ मिलकर जरूरतमंद बच्चों के साथ बांटा। अपने जन्म दिवस के अवसर पर कोमल कुमार अंकू ने अपने आस पास के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और लघु शिक्षा केन्द्रों अपने साथियों में जाकर लगभग डेढ़ सौ बच्चों के बीच उनके सर्वांगीण विकास हेतु पठन-पाठन सामग्री, खेलने की सामग्री, बिस्किट,मिठाई, चाकलेट आदि वितरित किया। मौके पर अंकु ने कहा कि आर्थिक स्थिति को बच्चों की पढ़ाई में बाधक नहीं बनने देंगे। सामग्री वितरण में मोहित मित्तल, कबीर कश्यप ऋषभ कुमार, आकर्ष कुमार, वत्सल कुमार, तुषार धवल, आर्यन राज,रौशन कुमार, रोहित सिंह, राहुल गुप्ता, सौरभ सिंह, रुद्र प्रताप सिंह एवं अन्य युवा सहयोगी उपस्थित थे।

### अभाविप ने पोस्टर प्रदर्शन कर दिल्ली के छात्रा की हत्या का किया विरोध



मेदिनीनगर। दिल्ली में 28 मई को एक 16 वर्षीय छात्रा की सरेआम निर्मम हत्या के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आबादगांज स्थित मिशन स्कूल के सामने पोस्टर प्रदर्शन किया। बैनर के माध्यम से हत्यारे को अविलंब फांसी देने एवं पीड़िता को न्याय मिले। कार्यक्रम में विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री रत्नेश त्यागी ने कहा कि आज हमारे समाज में इस तरह की घटनाएं आम हो गई है, भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो इसके लिए हमें इन घटनाओं को लेकर संवेदनशील होना पड़ेगा। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोविन्द मेहता,बिपिन यादव ने भी छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

### समाजसेवी अरविंद ने विद्युत अधिकारी को सौंपा तीन सूत्री मांग पत्र



छतरपुर पलामू। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविन्द गुप्ता चुनमुन ने विद्युत आपूर्ति प्रमंडल छतरपुर के कार्यपालक अधिकारी को ज्ञापन सौंप। अरविंद ने मांग पत्र में दिए गए जिन समस्याओं की ओर कार्यपालक अधिकारी का ध्यान अकृष्ट कराया है उसमें कहा गया है कि नगर पंचायत अंतर्गत पड़ने वाला मसिहानी गांव एक बड़ा इलाका है जहां के लोग नियमित बिजली बिल जमा करते हैं लेकिन उनके गांव की बिजली व्यवस्था सेपरेट ट्रांसफार्मर नहीं होने से अत्यंत लचर है। नतीजन लोगों को लो वॉल्टेज और अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरे मामले में कहा गया है कि नगर से सटे महुआलेवा गांव में भी आजादी के बाद से ही बिजली नहीं पहुंची है नतीजन गांव के लोग आदम जमाने मे जीने को विवश हैं। साथ ही ज्ञापन में यह मांग भी किया गया है कि नगर के लोग पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं होने से परेशान हैं भीषण गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो गया है इलाके में निर्बाध बिजली आपूर्ति की आवश्यकता है। इस सम्बध में अधिकारी ने आश्वस्त किया कि समस्याओं के निराकरण की दिशा में विभाग द्वारा जल्द ही सकात्मक पहल की जाएगी।

### मध्यस्थता से विवाद हुआ समाप्त



मेदिनीनगर। पलामू जिला व्यवहार न्यायालय में सिविल जज सीनियर डिविजन सप्तम परमानंद उपाध्याय के न्यायालय में चल रहे बंटवारा बाद 201/ 2018 गुरुवार को मध्यस्थता के माध्यम से मध्यस्थ शशि भूषण के अथक प्रयास से समाप्त कराया गया। बिदित हो कि रामकिशोर मेहता के द्वारा बटवारा को लेकर यह केस न्यायालय में लाया गया था। उन्होंने पारसनाथ मेहता के विरुद्ध केस किया था। विपक्षी पारसनाथ मेहता ने कहा कि सर्वे ऑफिस के गलती से उनका एक अंश जमीन छूट गया है। जब कभी भी आवेदकगण के द्वारा सर्वे में भूल सुधार करने हेतु आवेदन दिया जाएगा बिपक्षी गण के द्वारा बिरोध या आपत्ति दर्ज नही करेंगे। अपना सहमति प्रदान करेंगे। साथ ही सभी पक्ष आपस मे मिलकर अपना अपना हिस्सा में प्राप्त जमीन को सर्वे में ऑन लाइन दर्ज कराने हेतु सहमति से आवेदन देकर ऑन लाइन चढ़वाने हेतु करवाई करेंगे।

# सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन के कारण 25 वर्ष पीछे चला गया पांकी विधानसभा : डॉ शशिभूषण

मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन को डिबार कर पैसा वापस कराये सरकार



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पांकी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में सड़क, पुल-पुलिया का निर्माण मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन के द्वारा विगत 15 वर्षों से अधिक समय से कराया जा रहा है। निर्माण कार्य जांच के दौरान घटिया पाया गया है। उक्त बातें पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कही। वे गुरूवार को परिसदन में पत्रकारों से मुखातिब थे। डॉ मेहता ने कहा कि पांकी प्रखंड के टाटी दीदरी-गड़गांव पथ के बीच अमानत नदी पर पुल निर्माण का कार्य सिलिदिलिया कंस्ट्रक्शन के द्वारा वर्ष 2021 से कराया जा रहा है जो कि आज भी अधूरा है। इस पुल निर्माण को लेकर ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जांचोंपरांत पाया गया कि संवेदक द्वारा चार पीयर/पीयर सॉफ्ट एवं डेस्क स्लैब समेत ग्रीडर को न तोड़ा गया और न ही पुनःनिर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। जिस कारण अभी तक पुल का निर्माण कार्य अधूरा है। इस बावत संवेदक को बार बार कार्य को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया, इसके बावजूद संवेदक द्वारा लापरवाही बरती गयी है। इस बावत ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल पलामू के कार्यपालक अभियंता ने मुख्य अभियंता को डिबार करने की अनुशंसा किया है। विधायक ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में इस संवेदक के द्वारा तीन ब्रीज का निर्माण कराया जाना था जो सभी अधूरा हैं। कार्य अवधि समाप्ति के बावजूद भी संवेदक द्वारा कार्य को पूर्ण नहीं किया जाना दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि 31 नवंबर 2017 को सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन को ब्रीज निर्माण का काम विभाग के द्वारा मिला था जिसे 29 नवंबर 2020 को पूरा करना था। जो नहीं किया गया। इस पर विभाग द्वारा जांच करने पर मुख्य अभियंता को घटिया काम किये जाने की सूचना दी गई थी। इसके बाद विभाग ने पांच जून 2022 को पत्र के माध्यम से यह कहा कि संवेदक द्वारा काम नहीं किया जा रहा है इसलिए इसे डिबार किया जाये। मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन को डिबार घोषित करने के लिए विभाग द्वारा पत्र लिखा गया। जिसे संवेदक ने पहुंच व पैरबी के बल पर उस पत्र को वहीं विभाग में दबा दिया गया था। जिस पर सरकार ने भी कोई संज्ञान नहीं लिया। जो दुर्भाग्यपूर्ण बात है। डॉ मेहता ने कहा कि संवेदक द्वारा जनता के बीच यह दुष्प्रचार किया जा रहा है कि वर्तमान विधायक काम नहीं होना देना चाह रहे हैं। जो तथ्य से विपरित है। संवेदक नियमावली के तहत विभाग द्वारा जांच किया जाता है। जांचोपरांत गड़बड़ी पाये जाने पर संवेदक को काली सूची में डाला जाता है, लेकिन अभी तक सरकार ने मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन को काली सूची में डालने का काम नहीं किया है। विधायक ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में 99% काम इसी कंपनी के द्वारा ही कराया गया है जो सभी घटिया एवं अपूर्ण काम है। पूर्व जनप्रतिनिधि के द्वारा काम तो ले लिया जाता है लेकिन उसे पेटी कॉन्टैक्ट पर बेच दिया जाता है जिस कारण कार्य की गुणवत्ता नहीं बन पाती है। उन्होंने कहा कि तरहसी प्रखंड के उदयपुरा गांव में बनाया जा रहा आवासीय विद्यालय भी अधूरा है। उन्होंने झारखंड सरकार से मांग किया है कि मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन के द्वारा कराये गये सभी कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराकर पैसा वापस कराया जाये और इसे काली सूची में डाला जाये। सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन के कारण पांकी विधानसभा विकास के मामले में 25 वर्ष पीछे चला गया है जिसका भरपाई करना वर्तमान समय में नामुमकिन है। उन्होंने कहा कि कुंदरी स्थित सड़क का निर्माण कराया जाना था इसमें भी संवेदक के द्वारा मापदंडों का अनुपालन नहीं किया गया। जिसका जांच विभाग द्वारा किया गया, जिसमें काफी अनियमितता पाई गई थी। इसके बावजूद भी सरकार के संरक्षण में संवेदक फल फूल रहा है। यदि सरकार द्वारा संवेदक के उपर नियमानुसार कार्रवाई नहीं की गई तो सारी समस्याओं को लेकर विधानसभा में आवाज उठाने का काम किया जायेगा। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, प्रो बच्चन ठाकुर, प्रसिद्ध सिंह, ईश्वरी प्रसाद सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

### मंदिर के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# मां दुर्गा की भक्ति से मिलती है शक्ति : बिट्टु





खबर मन्त्र संवाददाता

सतबरवा पलामू। प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह में मां दुर्गा मंदिर के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार की रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख रीमा देवी, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव व भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित तथा फीता काटकर किया। वही पूजा कमिटी के सदस्यों ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत 25 किलो के फूल माला से किया। मौके पर पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने कहा कि मां दुर्गा के भक्ति से सारे जनमानस को शक्ति मिलती है। देवी दुर्गा के नौ रूप होते हैं। जिन्हें हम कई नामों से जानते हैं। इन्हीं के बल पर सारा संसार चल रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोगों का मन स्वस्थ होता है। प्रमुख रीमा देवी ने कहा कि भक्ति में शक्ति है। हमें मन की शांति के लिए पूजा पाठ करना चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बहाने हम सब एक जगह मिलते-जुलते हैं। उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने कहा कि मां दुर्गा की पूजा अर्चना से सुख शांति और समृद्धि मिलती है। अवधेश सिंह चेरो ने कहा कि मां दुर्गा का भक्त कभी दुखी नहीं होता है। वहीं बिहार के लोकगायक रामाशंकर सिंह और गुड्डू हलचल के शानदार दोगोला कार्यक्रम का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। वहीं मुख्य अतिथि बिट्टू सिंह ने पूजा समिति के लोगों को 21 हजार रुपए का सहयोग राशि दिया। मौके पर कार्यक्रम के संरक्षक पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव, अध्यक्ष उमेश यादव, सचिव निरज पासवान, धिरेंद्र कुमार सिंह, अनुज चंद्रवंशी, प्रमोद राम, संजय यादव, श्याम बिहारी प्रसाद, अफजल अंसारी, अरूण साव, चिंटू मिश्रा समेत काफी संख्या में महिला और पुरुष मौजूद थे।

# केंद्र की योजना गांव व कस्बों के लिए लाभकारी : मेहता

प्रशिक्षण लेकर महिलाएं घर-गृहस्थी का विकास करेंगी : डीसी
ग्रामीण कौशल्य योजना से बेरोजगारी मिटेगी : डीडीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। जेएसएलपीएस द्वारा गुरुवार को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना को लेकर स्थानीय नगर भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते, डीपीएम विमलेश शुक्ला और सांसद प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत बेहतर कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उदय कुमार, लालमणि देवी, वंदना देवी, मोहम्मदगंज प्रखंड के बीपीएम दीपक सिंह, नौडीहा बाजार प्रखंड के बीपीएम प्रदीप खलखो, बीपीएम अरविंद कुमार को प्रशस्ति पत्र दिया गया। मौके पर पांकी विधायक डॉ मेहता ने कहा कि यह केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना गांव व कस्बों के लिए बेहद लाभकारी है। लोग इस योजना का लाभ लेकर अपने गांव व कस्बों में ही रोजगार की व्यवस्था कर पा रहे हैं। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत महिलाओं को प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाया जायेगा। केंद्र ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं संचालित की है। डीसी दोड्डे ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना एक महत्वकांक्षी योजना है जो पूरे देश में लागू है। इसके तहत जिले में 3000 दीदियों को प्रशिक्षण देना है। वंही उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि आज के समय में बेरोजगारी मुख्य समस्या है जिसका निदान दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के द्वारा बहुत हद तक संभव है। कार्यशाला में सदर बीडीओ, पड़वा बीडीओ, बीपीएम, सहिया दीदी, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सदर प्रखंड के तीन पंचायतों में मनाया गया प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस

### डीडीसी ने किया लंबित आवासों का निरीक्षण



मेदिनीनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लंबित लक्ष्य को पूरा कराने के उद्देश्य से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया जा रहा है। इसी के तहत उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने सदर प्रखंड अंतर्गत सरजा, पोलपोल व लहलहे पंचायत में लंबित आवासों का भौतिक रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित आवासों के लाभुकों से सीधा संवाद स्थापित कर आवास निर्माण में आ रही परेशानियों को सुना एवं समाधान हेतु मौके पर ही संबंधितों को निर्देशित भी किया। उन्होंने लहलहे पंचायत भवन में बैठक कर आगामी 30 जून तक लंबित सभी आवासों को कैसे पूर्ण किया जा सके इस दिशा में कार्ययोजना तैयार की गयी। मौके पर बीडीओ अमिताभ भगत समेत अन्य उपस्थित थे।

# पेड़ पर फंदे से झूलता मिला युवती का शव



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर प्रखंड के अंतर्गत गणके गांव के जंगल में एक युवती का शव फांसी के फंदे से झूलता हुआ पाया गया। शव का पहचान ललिता कुमारी 26 वर्षीय पति का नाम रवि रंजन ठाकुर के रूप में किया गया। मालूम हो कि मृतका 3 माह पहले अंतरजातीय लव मैरिज रवि रंजन ठाकुर के साथ की थी। ललिता रात को घर से बाहर निकली थी। जब देर रात तक वह घर नहीं आयी तो ससुरालवालों ने उसकी खोजबीन शुरू की। इस दौरान ललिता का शव गनके जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ पाया गया। वही सूचना पाते ही सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए पीएमसीएच अस्पताल भेज दिया। प्रभारी ने बताया कि यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। लड़की के पास एक सुसाइड नोट भी मिला है हर पहलुओं पर छानबीन की जा रही है। लड़की के घर वालों द्वारा सदर थाना में मामला दर्ज किया गया है। इस मौके पर एसआई धीरेंद्र सिंह, बंदिनी लाकड़ा, अर्जुन राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त प्रधान सहायक को दी गयी विदाई



हरिहरगंज पलामू। प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित प्रधान सहायक आजम बेग की सेवानिवृत्ति पर प्रखंड सभागार में गुरुवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने की तथा संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने किया। बीडीओ ने अपने संबोधन में प्रधान सहायक के कार्य करने के तरीके तथा उनके मृदुभाषी स्वभाव की सराहना की। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, अखिलेश मेहता के अलावे सहायक सरजू बैगा, अलीम अंसारी, एई शिवशंकर चौधरी, जेई विपिन राय, संतोष गुप्ता, विद्या सागर कुमार, ब्लाक कोर्डिनेटर चंदन कुमार, घनश्याम गुप्ता अनिल सिंह, शिवम कुमार, अफताब आलम, सुजीत कुमार, ग्रामसेविका अरूणा कुमारी, उर्मिला कुमारी, निरंजन सिंह, आबिद हुसैन, सुधीर कुमार, मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के कर्मी उपस्थित थे।

### बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं तो होगा आंदोलन : राजीव



हरिहरगंज पलामू। प्रखंड क्षेत्र में गर्मी शुरू होते ही बिजली की संकट उत्पन्न हो गई है। हरिहरगंज व पीपरा प्रखंड के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 12 मेगावाट बिजली की जरूरत है। जबकि मात्र 5 मेगावाट बिजली ही मिल रही है। अगर बिजली की समस्या में सुधार नहीं हुआ तो क्षेत्र की जनता उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होगी। उक्त बाते भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने कार्यकर्ताओ के साथ बैठक करने के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए कही। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती को लेकर क्षेत्र मे हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है। वही राजीव रंजन ने कहा की अगर बिजली की समस्या पर सुधार नहीं हुआ तो वे अपने समर्थकों के साथ 15 से उग्र आंदोलन करने पर बाध्य हो जाएगे। इस मौके पर राजेश रंजन मिश्रा, शंभू यादव, कृष्ण कुमार साव, अखिलेश यादव, राजू शौंडिक, बलराम ठाकुर, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, अभय कुमार, विक्की कुमार, शशि शेखर, छोटू कुमार, नसीम आलम, आदित्य कुमार, जीतवहन, अमित, सुदामा ठाकुर, दिनेश आदि मौजूद थे। इस संबंध में विद्युत विभाग के जेई कुलदीप यादव ने बताया कि भागोडीह से बी- मोड़ के बीच का संचरण लाइन का टावर गिर जाने से परेशानी पैदा हुई है। उन्होंने बताया कि टावर मरम्मत का कार्य चल रहा है। एक सप्ताह के अंदर कार्य पूरा हो जाएगा और बिजली आपूर्ति पहले के तरह चालू हो जाएगी।

### विधायक आज करेंगी जनजागरण अभियान का शुभारंभ

पाटन पलामू। भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल का सेवा सुशासन और गरीब कल्याण हेतु प्रतिबद्ध मोदी सरकार एवं पाटन छतरपुर विधानसभा के विधायक पुष्पा देवी के द्वारा 3 वर्ष का विकास कार्य का कांफ्रेंस और हिसरा बरवाडीह में विधानसभा स्तरीय जन जागरण अभियान का शुभारंभ दो जून को किया जायेगा। मौके पर भाजपा नेता सह पलामू के पूर्व सांसद मनोज कुमार शामिल होंगे। इसकी जानकारी भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

# कांग्रेस ने 1 लाख पोस्टर लगाने का लिया संकल्प



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में समस्या समाधान पेटी उपलब्ध कराया गया एवं पोस्टर का विमोचन किया गया एवं पूरे जिले में एक लाख पोस्टर लगाने का संकल्प लिया गया। मौके पर बिट्टू पाठक ने कहा कि आए दिन प्रखंडों से शिकायत मिलती है कि उन्हें पदाधिकारियों के द्वारा बेवजह परेशान किया जाता है। लोगों को समस्या का समाधान के लिए दर-दर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्रखंड कार्यालय में आकर लोग अपनी समस्या लिखित तौर पर पलामू कांग्रेस जिला कार्यालय को बताने का काम करें। मौके पर उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, शमीम अहमद राईन, इंदु भगत, मिथिलेश कुमार सिंह जितेंद्र कमलापुरी, अशोक पासवान, नसीम खान, रिजवान खान, राजेंद्र अग्रवाल, शिवनाथ प्रसाद गुप्ता, मिट्ठू खान, राजीव रंजन, देवांग शुक्ला, हर्ष सहानी, आफताब खान, सौरभ पांडे, शैलेश मेहता, नफीस खान, रविंद्र कुमार, मनोज अग्रवाल, खुर्शीद आलम, मुख्तार आलम, विकास पासवान, विभूति नारायण पाठक, शशि रंजन पांडे, साकेत सिंह, जतरू उरांव, अजय पांडे, मिथिलेश मिश्रा, आलोक सिंह लोग उपस्थित थे।

# शिक्षक संघ ने राज्यपाल को मांग पत्र सौंपा



रांची/मेदिनीनगर। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला की अध्यक्षता में महामहीम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात किया और शिक्षक की विभिन्न समस्याओं यथा विद्यालयों का अव्यवहारिक समय सारणी में सुधार, शिक्षकों को एम ए सी पी का लाभ देना, प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति, स्नातक वाणिज्य को भी स्नातक कला के पद पर प्रोन्नति, सभी ग्रेडो में प्रोन्नति, सुविधाजनक स्थानांतरण एवं अंतर जिला स्थानांतरण नीति बनाने, रद्द की गई फिटमेंट वेतनमान को लागू करने, विद्यालय कार्य में गैर सरकारी संगठनों का हस्तक्षेप समाप्त करने, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त करने आदि मुख्य मांगों पर बिंदुवार चर्चा के पश्चात मांग पत्र सौंपा। महामहीम महोदय ने प्रतिनिधिमंडल को कहा कि आपकी इन मांगो पर शिक्षा सचिव को बुलाकर आवश्यक निर्देश दिया जाएगा। सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में राजेंद्र शुक्ला, हरिद्वार महतो, जितेंद्र दुबे और नंदकिशोर तिवारी शामिल थे। राज्यपाल से मुलाकात के क्रम में महामहिम के प्रधान सचिव नीतिन मदन कुलकर्णी उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्ति एक सतत प्रक्रिया : पुलिस अधीक्षक

### सेवानिवृत्ति पर एसआई महेंद्र नाथ दुबे को दी गई भावभीनी विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

देवघर/मेदिनीनगर। देवघर जिला में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर महेंद्र नाथ दुबे को सेवानिवृति उपरांत भावभीनी विदाई दी गई। आयोजित विदाई समारोह में देवघर एसपी सुभाष चंद्र जाट, एसडीपीओ पवन कुमार, मुख्यालय डीएसपी मंगल सिंह जमुदा, सीसीआर डीएसपी, मेजर शेरू रंजन, पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम कुमार सिंह समेत कई पुलिस अधिकारी जवान और कर्मी उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए एसपी सुभाष चंद्र जाट ने कहा कि महेंद्र नाथ दुबे पुलिस विभाग के लिए एक प्रेरणा श्रोत हैं। एसपी जाट ने कहा कि श्री दुबे ने पुलिस जवान से लेकर सब इंस्पेक्टर तक का सफर तय किया। दुबे 38 वर्षों की सेवा कल में अपने दायित्व का समुचित निर्वहन किया। उन्होंने कहा की सरकारी सेवा में जो योगदान किया उसे एक दिन सेवानिवृत भी होना है। यह तय है। फिर भी सरकारी सेवा में अपने उत्तरदायित्व का तन मन लगन के साथ निर्वहन अत्यंत आवश्यक है। दुबे इसका उदाहरण हैं। जिन्होंने एक आरक्षी के पद पर योगदान करने के बाद आज दारोगा पद से सेवानिवृत हुए। एसपी जाट ने कहा की सेवानिवृति एक सतत प्रक्रिया है। लेकिन जब तक सेवा का अवसर मिले ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए। इससे अलग पहचान के साथ साथ अपने ही मन को भरपूर शांति मिलती है। विदाई समारोह में एसपी जाट ने दुबे को अंग वस्त्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही दुबे के उज्जवल भविष्य की कामना की। विदित हो की दुबे 1985 में एक आरक्षी के रूप में पुलिस विभाग में सेवा शुरू किया था। पहली पोस्टिंग जमशेदपुर में हुई। जमशेदपुर में दुबे 15 वर्षों तक डीएसपी के रीडर पद का दायित्व संभाला। इसके बाद नक्सल क्षेत्र चतरा से लेकर देवघर पुलिस में सेवा दिया। दुबे मूलतः पलामू जिला अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा ग्राम के निवासी हैं। इनके दो पुत्र और दो दामाद भी पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। दुबे का छोटा बेटा राष्ट्रीय खिलाड़ी है जो सीआरपीएफ में सेवारत है।

# शिक्षा देने से शिक्षकों की बढ़ती है महता : इंदर सिंह नामधारी

›› बलवंत सिंह नामधारी कॉलेज की प्राचार्या ज्योति सिन्हा को दी गई विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

सतबरवा पलामू। बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल कॉलेज सतबरवा के प्राचार्या ज्योति सिन्हा के सेवानिवृत्त होने पर कॉलेज परिवार ने भावभीनी विदाई दी। मौके पर संस्थापक सचिव सह पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी ने बुके और शाल देकर सिन्हा को विदाई दिया। कॉलेज के सभागार में आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि शिक्षक दैवीय रूप होते है। शिक्षा देने से शिक्षकों की महता बढ़ जाती है। मेरी राजनीति शिक्षा से ही शुरू हुई। 1967 में मेरे पिता जी का निधन हुआ। इसके बाद गढ़वा में योद्धा सिंह नामधारी कॉलेज की स्थापना की। उसके बाद पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव जी के कहने पर सतबरवा में कन्या उच्च विद्यालय तथा 1990 में इंटर कॉलेज की स्थापना की गई। उन्होंने कहा कि बीए की पढ़ाई फिर से इस कॉलेज में शुरू की जाएगी। नामधारी ने कहा कि 23 वर्षों तक सेवा देने वाली प्राचार्या ज्योति सिन्हा आज सेवानिवृत्त हो गई है। वहीं प्राचार्या सिन्हा ने कहा कि 23 वर्षों तक इस कॉलेज में अपनी सेवा दी आगे भी इस कॉलेज के विकास के लिए सहयोग करूंगी। विदाई तो एक प्रक्रिया है, एक दिन सभी को अपने कामों से विदा लेना पड़ता है। वहीं नवनियुक्त प्राचार्य प्रोफेसर अजय कुमार साहू ने कहा कि सचिव ने हमें जो जिम्मेवारी सौंपी है उसका निर्वहन करते हुए कॉलेज को बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। मौके पर शिक्षिका प्रतिमा कुमारी, बिहारी प्रसाद, सुदामा मेहता, भोला मेहता, अरुण प्रसाद, विनय प्रसाद सुरेंद्र कुमार समेत कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## मन का मिलन पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीया प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो सुश्री कुमारी रंजना अस्थाना के मार्गदर्शन में 01 जून को मध्यस्थता पर आधारित विशेष अभियान मन का मिलन पखवारा कार्यक्रम के अर्न्तगत अनुमंडल के विभिन्न पंचायतो में कार्यक्रम किया गया, जिसमें पारा लीगल वोलेनटियर्स ने बैनर एवं पम्पपैलेट के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। मन का मिलन पखवारा कार्यक्रम के तहत आज विभिन्न वादों में दोनों पक्षकार उपस्थित हुए जिन्हें सुलह कराने का प्रयास किया गया ।

## पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदकर किया बर्बाद

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत न्यू रोड फुसरो के श्याम भंडार के गली में पेयजल सप्लाई के लिए पाइप लाइन डाली जा रही है। गली में बनी लाखों रुपये की लागत की सड़कें खोदकर बर्बाद कर दी गई हैं। फुसरो नप द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराए गए इस कार्य में सड़कों का सुधार न कराए जाने के चलते ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। जानकारी के अनुसार फुसरो नप द्वारा श्याम भंडार गली मे भी पेयजल सप्लाई के लिए पाइप लाइन का विस्तार किया जा रहा है। ठेकेदार ने पाइप लाइन डालने के लिए गली की अच्छी खासी सड़कों को खोद कर बर्बाद कर दिया है।

## सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न परियोजनाओं से सेवानिवृत्त 6 कामगारों को अधिकारियों व यूनियन प्रतिनिधियों ने प्रतीक सम्मान के साथ शॉल ओढ़ाकर विदाई दी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक व्यवहारिक प्रक्रिया है, जिससे हर किसी को एक दिन गुजरना पड़ता है। कामगारों की मेहनत के बल पर ही आज कोल इंडिया इस मुकाम तक पहुंचा है। कोल इंडिया परिवार हमेशा अपने मजदूरों के साथ खड़ा रहा है।

# बिजली की समस्या से त्रस्त झरिया के लोगों ने कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**झरिया।** गुरुवार को बिजली की समस्या से त्रस्त झरिया के युवाओं ने बच्चों संग समाजिक संस्था यूथ कॉन्सेप्ट के सहयोग से बिजली कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान में न तो विभाग के एसडीओ और न ही कोई अन्य जावेबदेह अधिकारी मौजूद थे। हाथों में तख्ती लिए लोगों में विभाग कर प्रति आक्रोश साफ देखा जा सकता था। इस दौरान यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से झरिया की जनता पानी और बिजली के लिए तरस रही है पर कोई देखने वाला नहीं है। चार दिनों से बिना आंधी पानी के ही पूरे झरिया में बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है लोग न तो अपना वयापार कर पा रहे हैं और न ही ग्रहणी घर मे अपना काम। बिजली के बिना बच्चे गर्मी की छुट्टी में मिले होमवर्क तक पूरा नहीं कर पा रहे हैं। वहीं मौजूद लोगों ने अधिकारियों पर फोन नहीं उठाने और कार्य मे लापरवाही बरतने का आरोप भी लगाया।

वहीं प्रदर्शन में शामिल मनुव्वर सोलंकी ने बताया कि पिछले कई दिनों से इंदिरा चौक में लगा एक स्विच खराब है जिस कारण पूरे झरिया का लोड एक ही स्विच पर है। ऐसे में पूरे झरिया में कहीं भी फाल्ट होता है तो उसे ठीक करने के लिए पूरे झरिया का लाइन बंद किया जा रहा है अगर वह स्विच बन जाती है तो आधी समस्या दूर हो जाएगी। सनोज कुमार ने बताया कि थोड़ी सी बारिश और आंधी के बाद फाल्ट दूर करने में विभाग के कर्मियों को घण्टो लग जाता है। कारण पूछने पर कर्मियों द्वारा कहा जाता है कि ये सामान नहीं है वो समान नहीं है। इस लिए विभाग द्वारा झरिया में अविलंब तार सहित अन्य सामग्रियों की व्यवस्था की जाए और मॉनसून से पहले विभाग द्वारा इसकी तैयारी की जानी चाहिए। प्रदर्शन के बाद विभाग के अधिकारियों से मिल एक मांग पत्र सौंपा गया।

### अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन की कार्रवाई

## 32 डिसमिल सरकारी जमीन अवैध कब्जे से मुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर मौजा में सरकारी जमीन पर कब्जा मामले में प्रशासन की टीम ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कल्याणपुर मौजा में 01 एकड़ 49 डिसमिल सरकारी जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया था। मकान का निर्माण और घेराव कर लिया गया था। गोविंदपुर सीओ रामजी वर्मा और बरवाअड्डा पुलिस ने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। पक्का मकान बनाने वालें के ऊपर कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। जमीन कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को आवेदन दिया था। इसी के आधार पर कार्रवाई की गई। साथ ही उक्त जमीन पर भारी मात्रा में ईंट जमा करने को लेकर एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है। वहीं सीओ रामजी वर्मा ने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर 32 डिसमिल जमीन को कब्जा मुक्त करा लिया गया है। उन्होंने कहा कि अगल बगल की जमीन पर भी कंस्ट्रक्शन किया गया है। उन्हें नोटिस भेजकर, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि धनबाद में सरकारी जमीन पर कब्जा के मामले आते रहे हैं। पहले भी यहां कार्रवाई होती रही है।

## झरिया विद्युत पदाधिकारियों की सद्बुद्धि को मंदिर में प्रार्थना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झरिया ।** धनबाद निर्माण के बैनर तले बाजे गाजे के साथ झरिया मेन रोड स्थित पंचदेव मंदिर परिसर मे झरिया विधुत आपूर्ति प्रमंडल के अधिकारियो को सद्बुद्धि हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गयी। कि अधिकारियो को ईश्वर सद्बुद्धि प्रदान करे कि वे अपने कर्तब्य का पालन करते हुए झरिया कि बेबस उपभोक्ता पर रहम करे । उपभोक्ताओ ने कहा कि झरिया मे गत दस दिनो से ब्लैक आउट जेसी स्थिती है अधिकारी कुम्भ करिणी निद मे सोये हुए है जबकी उपभोक्ताओ के द्वारा दिए गए राजस्व से अधिकारियो का घर चलता है धनबाद निर्माण विगत कई वर्षो से महाप्रबंधक से खराब सुईचो को ठिक कराने की मांग करते हुए आ रहा है, या तो ब्यवस्था मे सुधार करे अन्यथा पुरे झरिया शहर को ब्लैक आउट कर दे । कल कोयरीबांध सतमोड्वा मे टी.आर.डब्लू द्वारा रिपेयरिंग किया हुआ ट्रांसफार्मर लगाया गया था । जो लोड देते ही जल गया । ऐसे मे टी.आर.डब्लू.मे कैसा काम होता है वह भी शक के दायरे मे आता है वही झरिया मे मैनटेनस का कार्य सिर्फ कागजो पर होता है जिसके कारण झरिया की स्थिती नरकिय हो गयी है।

## कसमार के नावाडीह में माकपा किसान सभा का विरोध सभा

**बोकारो/कसमार।** अखिल भारतीय किसान सभा कसमार अंचल कमेटी के नेतृत्व में कसमार प्रखंड के नावाडीह में आयोजित विरोध सभा में जिलाध्यक्ष कॉ शकूर अंसारी ने कहा कि भारतीय महिला पहलवानों ने स्वर्ण पदक जीत कर भारत की शान और गौरव को बढ़ाने का कार्य किया है। इन पहलवानों ने भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष सह सांसद बृजभूषण सिंह पर छेड़खानी और बलात्कार का आरोप लगाया है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया।

**प्ररूप संख्या आईएनसी–26**
[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में बदलने के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन
**केंद्र सरकार, (क्षेत्रीय निदेशक), पूर्वी क्षेत्र कारपोरेट कार्य मंत्रालय, कोलकाता के समक्ष,**
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 (5) (ए) के मामले में
और
**ऐशलेशा कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
**(CIN: U27102JH2005PLC011699)**
जिसका पंजीकृत कार्यालय: मैसर्स होटल लि लैक (ऐशलेशा कॉर्पोरेशन लिमिटेड की इकाई) चढ़री प्लॉट नं. 1736, वार्ड नं. 01, लाइन टैंक रोड, रांची, झारखंड –834001 में है, के मामले में
....याचिकाकर्ता
एतदद्वारा सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन का प्रस्ताव करती है, जिसमें कंपनी का पंजीकृत कार्यालय "झारखंड राज्य" से "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" में स्थानांतरित करने के लिए 20 मार्च, 2023 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में बदलाव की पुष्टि करने की मांग की गई है।
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्ररूप फाइल कर एमसीए–21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो, के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह (14) दिनों के भीतर क्षेत्रीय निदेशक, पूर्वी क्षेत्र, कोलकाता, पश्चिम बंगाल, निजाम प्लेस, II एमएसओ बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, 234/4, एजेसी बोस रोड, कोलकाता पश्चिम बंगाल–700020 पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय पते पर भी भेजें।
मैसर्स होटल लि लैक (ऐशलेशा कॉर्पोरेशन लिमिटेड की इकाई) चढ़री प्लॉट नं. 1736, वार्ड नं. 01, लाइन टैंक रोड, रांची, झारखंड–834001
आवेदक के लिए और आवेदक की ओर से
**ऐशलेशा कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
हस्ता/–
नारायण महतो (निदेशक)
डीआईएन : 06795423
पता: पुत्र सुकुल महतो, खोरहा टोली महतो कोचा, पीओ जी.पी.ओ, पीएस. सदर, कोकर, रांची, झारखंड–834001
दिनांक : 02.06.2023
स्थान : रांची

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**
**निविदा सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-37-42-2023, दिनांक: 31.05.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-37-2023। कार्य का नाम:** सैटेलाइट डिपो, हटिया में ट्रैक मशीन रखरखाव डिपो के लिए एक स्टैबलिंग लाइन का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 43,54,903.20। **बयाना राशि:** ₹ 87,100। **क्रम संख्या:** 2। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-38-2023। कार्य का नाम:** एडीईएन/आरएनसी के न्यायक्षेत्र के अधीन मूरी यार्ड, रांची सेटलमेंट तथा हटिया सेटलमेंट को छोड़कर किमी. 428/12 से हटिया एवं रांची यार्ड सहित हटिया से मूरी खंड के लिए 01.07.2023 से 30.06.2025 तक की अवधि के दौरान जोनल कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,27,55,584.64। **बयाना राशि:** ₹ 2,13,800। **क्रम संख्या:** 3। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-39-2023। कार्य का नाम:** एडीईएन/आरएनसी के न्यायक्षेत्र के अधीन रांची यार्ड एवं सेटलमेंट को छोड़कर आरएनसी-एलएडी-बीआईसीआई-टीओआरआई खंड के लिए 01.07.2023 से 30.06.2025 तक की अवधि के दौरान जोनल कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,26,25,126.20। **बयाना राशि:** ₹ 2,13,100। **क्रम संख्या:** 4। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-40-2023। कार्य का नाम:** एडीईएन/मूरी के न्यायक्षेत्र के अधीन मूरी यार्ड एवं सेटलमेंट को छोड़कर बरकाकाना (छोड़कर) से कोटशिला (छोड़कर) खंड के लिए 01.07.2023 से 30.06.2025 तक की अवधि के दौरान जोनल कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,69,30,006.50। **बयाना राशि:** ₹ 2,34,700। **क्रम संख्या:** 5। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-41-2023। कार्य का नाम:** एडीईएन/मूरी के न्यायक्षेत्र के अधीन मूरी यार्ड एवं सेटलमेंट खंड के लिए 01.07.2023 से 30.06.2025 तक की अवधि के दौरान जोनल कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,33,15,192.60। **बयाना राशि:** ₹ 2,66,600। **क्रम संख्या:** 6। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-42-2023। कार्य का नाम:** एडीईएन/मूरी के न्यायक्षेत्र के अधीन मूरी से चाण्डिल (छोड़कर) (मूरी यार्ड एवं सेटलमेंट को छोड़कर) खंड के लिए 01.07.2023 से 30.06.2025 तक की अवधि के दौरान जोनल कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,09,35,211.22। **बयाना राशि:** ₹ 2,04,700। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 22.06.2023 को अपराह्न 3:00 बजे (क्रम संख्या 1 से 6 प्रत्येक के लिए)। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-238)

## लूट कांड का उद्भेदन: चार आरोपी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कतरास।** 13 मई 2023 की रात्रि में मांदरा के समीप फुलारीटाड कोलियरी में कार्यरत कर्मी सुधीर मांझी , पिता स्व गुड्डु मांझी, कंचनपुर ,पोस्ट तेलो ,थाना नावाडीह ,जिला बोकारो के साथ 6 अज्ञात अपराधियों के द्वारा रात्रि में 12:00 बजे मारपीट करते हुए घायल कर इनके स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्या जेएच09 एन 7143 एवं पर्स से 2500 रुपए लूट लिया गया था। इस संबंध में सुधीर मांझी के लिखित आवेदन के आधार पर बरोरा थाना कांड संख्या 30/ 23 ,दिनांक 15 मार्च 2023 धारा 395 भादवी अंकित किया गया था। कांड के उद्भेदन हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा के नेतृत्व में बरोरा थाना एवं बाघमारा थाना का एक संयुक्त टीम का गठन किया गया था। कांड के अनुसंधान के क्रम में दिनांक 31/5 /2023 को छापेमारी टीम के द्वारा घटना में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। एवं इनके निशानदेही पर कांड में लूटी गई मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों का नाम नीरज चौहान उम्र 19 वर्ष, पिता कारू चौहान, अपर मंदरा,थाना बरोरा, जिला धनबाद, दूसरा छोटू चौहान ,उम्र 22 वर्ष ,पिता रामाशीष चौहान , अपर मंदरा , थाना बरोरा, जिला धनबाद। तीसरा चंदन सिंह ,उम्र 19 वर्ष , पिता प्रभुनाथ सिंह, भीम कनाली, थाना बाघमारा, जिला धनबाद एवं स्थाई पता रानीगंज पंजाबी मोड आसनसोल ,थाना आसनसोल ,पश्चिम बंगाल । चौथा राहुल कुमार वर्णवाल ,उम्र 28 वर्ष पिता प्रमोद प्रसाद वर्णवाल, साकिम डुमरा मोड परिधान वस्त्रालय के सामने ,थाना बाघमारा ,जिला धनबाद है। अपराधिक इतिहास में नीरज चौहान, छोटू चौहान व राहुल कुमार वर्णवाल का रहा है।

## आनंद मार्ग के धर्म महासम्मेलन में हजारों साधक होंगे शामिल




**बोकारो।** आनंद पूर्णिमा के अवसर पर आनंद नगर में आयोजित आनंद मार्ग के तीन दिवसीय विश्व स्तरीय अर्धवार्षिक धर्म महासम्मेलन में देश-विदेश से हजारों साधक-साधिकाएं शामिल होंगे। प्रेसवार्ता में आचार्य रमेंद्रानंद अवधूत व आचार्य सत्यदेवानंद अवधूत ने कहा कि महासम्मेलन में 72 घंटे का बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन, आनंद मार्ग प्रचारक संघ के पुरोधा प्रमुख व अध्यक्ष आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत का आध्यात्मिक प्रवचन, प्रभात संगीत का गायन व अनुवाद कार्यक्रम सहित हरि परिमंडल गोष्ठी के तत्वावधान में कौशिकी व तांडव नृत्य, 2 जून को पुरोधाओं, आचार्यो एवं तात्विकों की आमसभा बैठक, धर्म चक्र के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अनेक युवक-युवतियों का अंतरजातीय दहेज मुक्त विवाह संपन्न कराया जाएगा। विश्व मानवता की पीड़ा को दूर करने के लिए सामाजिक आर्थिक सिद्धांत प्रउत के कार्यकताओं की बैठक को आचार्य विमलानंद अवधूत संबोधित करेंगे। 4 जून को आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल की ओर से साड़ी एवं धोती का वितरण किया जाएगा। मार्ग की पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं, प्राकृतिक औषधियां आदि विभिन्न स्टॉल के द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

## विवाह मंडप व पेवर ब्लॉक का उद्घाटन



**बोकारो।** सर्वोदय सेवा शान्ति आश्रम नीमतल्ला गन्धाजोर में जय गुरुदेव के जन्मोत्सव पर बतौर मुख्य अतिथि बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने नवनिर्मित विवाह मंडप, पेवर ब्लॉक का उद्घाटन किया। इस क्रम में विधायक ने क्षेत्र की समस्याओं का निदान करना अपनी पहली प्राथमिकता बताई। ग्रामीणों ने कहा कि आज तक किसी सांसद विधायक ने आश्रम में किसी भी तरह का योगदान नहीं दिया। विधायक श्री नारायण के द्वारा पूर्व में डीप बोरिंग भी दी गई थी। उपस्थित लोगों ने विधायक के योगदान हेतु उनके प्रति आभार जताया। मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री संजय त्यागी, भाजपा जिला किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गणेश राय, जिला मीडिया प्रभारी महेंद्र राय, मंडल अध्यक्ष अरविंद राय, अनंत गोस्वामी, लक्ष्मण सिंह, बाबू देवघरिया, गिरीश राय, दिनेश महतो, आशुतोष महतो, कालू सिंह, मनोज राय, मंतोष राय, विक्की राय, सुबोध महतो, अजय राय, भूतनाथ महतो, विनय किशोर, अविनाश झा आदि मौजूद रहे।

# दूसरों से ईर्ष्या रखने वाले मनुष्य कभी सफल नहीं होते : मिश्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बाघमारा ।** दूसरों से ईर्ष्या रखने वाले मनुष्य जीवन में कभी सफल नहीं होते है। जहां सम्मान न हो उस जगह पर कभी नहीं जाना चाहिए। उक्त बातें आमडीह घोराठी में आयोजित श्री श्री 108 रुद्र चंडी महायज्ञ के अवसर पर आयोजित प्रवचन के दौरान वृंदावन से आई कथावाचिका गंगा मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि पति पत्नी का प्रेम भगवान शिव और माता पार्वती की तरह होनी चाहिए। दोनों के अपनी सामंजस्य से ही जीवन खुशहाल होता है। भगवान शिव की बात नहीं मान माता पार्वती के मायके जाने वाली प्रसंग पर कहा कि जहां इंसान को सम्मान नहीं मिले वहां भूलकर भी नहीं जाना चाहिए। वर्तमान समय में माता पिता अपने कार्यों में इतने व्यस्त हो गए है कि बच्चों को किताबी ज्ञान के अलावे अन्य सांसारिक ज्ञान बताना ही भूल गए। जब तक बच्चों को सांसारिक ज्ञान का बोध नहीं होगा तो वे आगे चलकर कैसे होंगे अंदाजा लगाया जा सकता है। कथा प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ने कथा वाचिका से आशीर्वाद प्राप्त कर बाघमारा विधानसभा क्षेत्र की जनता के प्रति सुख शांति की कामना किये। प्रवचन के दौरान श्रोताओं की भारी भीड़ देखी गयी। शिव पार्वती विवाह की झांकी के दौरान श्रोता अपने आप को रोक नहीं सके जो जहां थे वहीं खड़ा होकर नाचने लगे। इस दौरान आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि के अलावे कथावाचिका,बच्चु राय,विशु रवानी, राजेंद्र सिंह,एतवारी बढ़ई आदि को माला पहनाकर,बुके देकर तथा अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी राजू शर्मा, मितलाल शर्मा, बासुदेव शर्मा,बिनोद पांडेय, ब्रह्मदेव राणा,निमाई राय,गुड्डू शर्मा,पवन शर्मा,सुभाष शर्मा,विजय शर्मा सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

**शिला स्थापना के दौरान उमड़ी भीड़ :** पांच दिवसीय महायज्ञ के चौथे दिन गुरुवार को नवनिर्मित मंदिरों में आचार्य रमेश पांडेय की देखरेख में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां काली व मां दुर्गा की शिला को स्थापित किया गया। इस दौरान उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ द्वारा गगनचुंबी जयकारा लगाया गया।

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग**

**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला – 2023**
**दिनांक :– 03.06.2023, स्थान :– अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग**

अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग द्वारा दिनांक 03.06.2023 **को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, आई० टी० आई० परिसर, सिन्दूर हजारीबाग** में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के निम्नलिखित प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है –

| Count Sr No | Name and Address of the Employer | Name of the Post | No of Vacancy | Qualification | Experience | Salary | Age (Min – Max) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LIC of India, Hazaribagh | RCA ( Rural Career Agent) | 50 | 10 th, 12th | ---- | 5000 + Commission + Reward | 18 + | |
| 2 | Jay Bharat Maruti Automotive Ahemdabad | Welders & Fitters | 210 | 10th, ITI | ---- | 17200 Overtime 50rs Par hours | 18 - 35 | |
| | | Electrician | | 10th , 12th ITI | ---- | 17000 Overtime 50rs Par hours | 18 - 35 | |
| | | Machine Operator | | 10th , 12th ITI | ---- | | 18 - 35 | |
| 3 | Bajaj Allianz life Hazaribagh | Insurance Manager | 8 | Graduate | ---- | 84000 + incentive | 18 - 35 | |
| | | Assistant Sales officer | 5 | Graduate | ---- | 84000 + incentive | 18 - 35 | |
| | | Sales Manager | 5 | Graduate | ---- | 1.8 lakh to 5 lakh | 18 - 35 | |
| 4 | National Protective Security Services Jamshedpur | Security Guard | | Non Matric or Above | ---- | 10000-16000 | 18-45 | |
| | | Supervisor | | Graduate | 3 Years | 12000-18000 | 25-40 | |
| | | Gunman | | Non Matric or Above | Veiled Licence | 15000 | 20-40 | |
| | | Operator and Helper | | Non Matric | Cooking Experience for 30-40 People | 8000-10000 | 20-40 | |
| | | Office staff | | BA Computer | ---- | 10000-16000 | 18+ | |
| 5 | Auto Parts Manufacturing Company Chennai | Welder CO2 | 50 | 8th, 10th, 12th, ITI, Diploma | ---- | 22000 | 18 - 35 | |
| 6 | Kshitiz Hospital & Research Centre Hazaribagh | Nursing Staff | 02 | ANM / GNM | 1 Years | 9000 | 22 | Hazaribagh |
| | | X- Ray Technician | 01 | X- Ray Technician | 1 Years | 15000 | 25 | Hazaribagh |
| 7 | Bull Fighter Security Services | Security Guard | 02 | Yes | 1 years | 10956 | 55 | |
| | | Cook | 02 | Yes | 2 Years | 12000 | 50 | |
| 8 | BESTS JOB | Security Guard | 125 | 10th, 12th | ---- | 21000 | | Hazaribagh |
| | | HR Manager | | | ---- | 3.5 th 5 LPA | | hazaribagh |
| | | Female Guard | | | ---- | 10000 | | Hazaribagh |
| 9 | AVI Enterprises Contractor & Placement Service Saraikela Kharsawan Jharkhand | Quality Control | 10 | CIPET | 1 years | 20000-30000 | 25-35 | Jamshedpur |
| | | Molding Helper | 50 | MATRIC PASS | 1 years | 12000-15000 | 20-35 | Jamshedpur |
| | | Molding Operator | 50 | INTER PASS | 1 years | 13000-18000 | 20-35 | Jamshedpur |
| | | Welding Mistree | 20 | MATRIC PASS | 1 years | 12000-15000 | 20-35 | Jamshedpur |
| | | Marketing Officer | 5 | BBM | 3 years | 15000-25000 | 20-35 | Jamshedpur |
| | | Office Receptionist | 5 | BCA | 1 years | 10000-15000 | 22-35 | Jamshedpur |
| | | Sweeper | 50 | 8TH PASS | NA | 10000-15000 | 20-35 | Jamshedpur |
| | | Security Guard | 50 | NON MATRIC AND ABOVE | NA | 10000-15000 | 19-40 | Jamshedpur |
| | | Driver | 20 | MATRIC PASS | 3 years | 10000-15000 | 20-40 | Jamshedpur |
| | | Cook | 20 | 8TH PASS | 2 years | 8000-10000 | 20-40 | Jamshedpur |
| | | Paver Block Operator | 20 | 8TH PASS | 2 years | 13000-20000 | 20-40 | Jamshedpur |
| 10 | L&T CSTI Sarampore Kolkata West Bengal | Assit. Shuttering Carpenter | 1000 | 5th | ---- | 13125 | 18-32 | |
| | | Asst. Bar Bender & Steel Fixing | 1000 | 5th | ---- | 13125 | 18-32 | |
| | | Asst. Scaffolder | 1000 | 5th | ---- | 13125 | 18-32 | |
| | | Fitter | 500 | ITI | ---- | 13125 | 18-32 | |
| 11 | TK Construction & Services Pvt.Lltd Jamshedpur | Filed Executive | 24 | Graduate | ---- | 10000-12000 | 18-45 | Hazaribagh |
| | | Helper | 100 | Non Matric | ---- | 12000 | 18-45 | |
| | | Trainee Operator | 15 | ITI | ---- | 11000 | 18-28 | Vishakhapatnam |
| | | Technician | 15 | Diploma | ---- | 11500 | 18-28 | jasshedpur |
| | | Mason / Carpenter | 100 | Non Matric | 6 month | 20000 | 20-45 | Vishakhapatnam |
| | | Bar Bendar | 100 | Non Matric | 6 month | 20000 | 20-45 | Vishakhapatnam |
| | | Telecaller | 5 | Graduate | 1 Year | 6000-10000 | 20-30 | Hazaribagh |
| | | Placement coordinator | 2 | MBA | 6 month | 10000-15000 | 20-28 | |
| | | Field supervisor | 5 | Graduate | 1 Year | 15000 | 25-45 | |
| | | Development officer | 30 | Graduate / MBA | 6 month | 15000-20000 | 18-45 | Hazaribagh |
| | | Office Asst | 1 | Graduate | 1 Year | 8000 | 20-30 | |
| | | Computer Operator | 5 | Graduate | 1 Year | 10000-15000 | 20-45 | Hazaribagh |
| | | Data Entry Operator | 10 | Inter | 1 Year | 6000-10000 | 20-40 | Hazaribagh |
| | | Accountant | 2 | B.Com | 1 Year | 10000-15000 | 20-40 | Jamshedpur |
| | | Graphics Designer | 2 | Inter | 1 Year | 8000-12000 | 20-40 | Jamshedpur |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक जो पूर्व से नियोजनालय में निबंधित नहीं हैं। वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www. Rojgar.jh2arkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों, निबंधन कार्ड, बायोडाटा (02 प्रतियों में) एवं आवासीय प्रमाण पत्र (**अनिवार्य रूप से**) के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। साथ ही COVID-19 हेतु निर्गत निर्देशों यथा मास्क सेनिटाइजर का उपयोग करना अनिवार्य है। साक्षात्कार सुबह 10.00 बजे से संध्या 04.00 बजे तक होगा। रिक्तियाँ निजी क्षेत्र की है। अत: चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

**नियोजन पदाधिकारी**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग**

PR298843 (Labour Employment and Traning)23-24*D

# आर्थिक गति बरकरार

मजबूत व्यापक आर्थिक नीतियों और जिंस कीमतों में नरमी के चलते देश की वृद्धि की गति 2023-24 में बरकरार रहेगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यह संभावना जताई है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति में कमी की उम्मीद भी है। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि धीमी वैश्विक वृद्धि, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक वित्तीय प्रणाली में दबाव के कारण अगर वित्तीय बाजार में अस्थिरता होती है, तो इससे वृद्धि के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा हो सकते हैं। वैश्विक अनिश्चितताओं के बने रहने से विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) प्रवाह अस्थिर रह सकता है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि अच्छी त्योहारी मांग और पूंजीगत व्यय पर सरकार के जोर से वृद्धि को समर्थन मिला। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में देश की वास्तविक जीडीपी 7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक ऐसी भुगतान प्रणाली तैयार कर रहा है जो किसी भी परिस्थिति में काम करेगी। प्राकृतिक आपदाओं और युद्ध जैसी विनाशकारी घटनाओं के दौरान महत्वपूर्ण लेनदेन के लिए यह प्रणाली उपयोगी होगी। केंद्रीय बैंक के अनुसार प्रस्तावित ह्यलाइट वेट एंड पोर्टेबल पेमेंट सिस्टम पारंपरिक प्रौद्योगिकियों से अलग होगा और इसे बहुत कम कर्मचारी कहीं से भी संचालित कर सकेंगे। बड़ी मात्रा में भुगतान के लिए आरटीजीएस (रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट), एनईएफटी (नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर) और यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) जैसी मौजूदा प्रणालियां उन्नत आईटी अवसंरचना और जटिल तारों के नेटवर्क पर निर्भर हैं। प्राकृतिक आपदाओं और युद्ध जैसी भयावह घटनाओं में ये प्रणालियां अस्थायी रूप से बंद हो सकती हैं। इसलिए, इस तरह की विषम परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार रहने में समझदारी है।

# देश की बात

पीएम मोदीजी के मन की बात के दौरान संयोग ये बना कि प्रधानमंत्रित्व काल के 9 साल पूरे हुए और हाल में ही सौवा एपिसोड भी। इन वर्षों में देश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र पर चला है। इन 9 वर्षों में ही देश के अनेक पुराने विवाद भी पूरी शांति और सौहार्द्र से सुलझाए गए हैं। पूर्वोत्तर से लेकर कश्मीर तक शांति और विकास का एक नया भरोसा जगा है। इन 9 सालों में हमने सरकार और जनता से ज्यादा एक देश के रूप में काम किया, टीम इंडिया के रूप में काम किया। देश में बेरोजगारी, गरीबों की संख्या और कुछ उद्योगपतियों की दौलत में एक साथ बढ़ोतरी हुई है, क्या इसे सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास कहा जा सकता है। निजीकरण को बढ़ावा देकर राजकोषीय घाटा पूरा करने में सरकार का ध्यान है और कहा जा रहा है कि हमने समर्पित भाव से काम किया। और जिन पुराने विवादों को शांति से सुलझाने का दावा किया गया, उनकी हकीकत भी सब जानते हैं, बस इस वक्त माहौल ऐसा बना दिया गया है कि सरकार के गलत फैसलों के खिलाफ खुलकर बोलने का चलन खत्म सा होता जा रहा है। नोटबंदी, अनुच्छेद 370, सीएए, कृषि बिल ऐसे अनेक मसले हैं जिसके निर्णयों को लेकर देश आगे बढ़ा। निश्चित तौर पर देश में बेरोजगारी और उससे जनित गरीबी लगातार बढ़ रही है। रक्षा और रेल के साथ ही आधारभूत संरचना के बजट में रिकार्ड बढ़ोतरी, शिक्षा के क्षेत्र में गंभीर प्रयास नयी शिक्षा नीति सहित, मेडिकल की सीटें एक लाख से अधिक करने में सफलता जैसे कई मामलों में मोदी ने सही दिशा में काम किया है। नौ साल में एक स्थिर सरकार और कांग्रेस की नीतिगत अवरोध को समाप्त करने में सफलता पाई है। अब मोदी सरकार दो के एक साल बचे हैं जिसमें आम लोगों की सुविधा बढ़ने की उम्मीद कर रही है।

# अंतरिक्ष युद्ध की आहट और रणनीतिक सकपकाहट



**किसी** भी संभावित युद्ध से बचने का बस एक ही उपाय यह है कि खुद को इतना मजबूत और शक्तिशाली बना लिया जाए कि हमलावर आक्रमण करने से पहले सौ बार सोचे। केंद्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार पिछले नौ वर्षों से यही कर रही है, जिससे दुनिया का शक्ति-संतुलन गड़बड़ाने लगा है।

यह सरकार अपने राष्ट्रीय हितों और वैश्विक जरूरतों के बारे में इतनी सजग है कि वसुधैव कुटुम्बकम के शाश्वत व अकाट्य भारतीय सिद्धान्तों, जिससे गुटनिरपेक्षता भी ओत-प्रोत है, के आगे अमेरिकन लॉबी और रशियन लॉबी की एक नहीं चलने दे रही है। यहां पर अमेरिकन लॉबी का मतलब अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी जैसे नाटो देशों से है। जबकि रशियन लॉबी का मतलब रूस, चीन, उत्तर कोरिया, ईरान, तुर्की जैसे सीटो देशों से है। भारत तीसरी दुनिया के देशों को साधकर दुनिया के बहके हुए विकसित देशों के निरंकुश व्यक्तिगत और सामूहिक स्वार्थों को संतुलित करने की जद्दोजहद में जुटा हुआ है और अपने लक्ष्यों को धीरे- धीरे ही सही, लेकिन दृढ़तापूर्वक प्राप्त कर रहा है। इन मसलों पर फ्रांस, इजरायल और जापान जैसे देश भारत की खुलकर मदद भी करते हैं।

इन वार लव ट्रायंगल जैसे त्रिकोणीय युद्ध हालातों के बीच भले ही तीसरा विश्व युद्ध टलता जा रहा हो, लेकिन अमेरिकी गुट और रूसी गुट की वैश्विक बादशाहत को बनाये रखने के लिए जो छोटे-छोटे युद्ध हो रहे हैं, वो इस बात की चुगली कर रहे हैं कि प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध को झेल चुकी यह दुनिया आखिरकार कबतक तीसरा विश्व युद्ध टाल पाएगी। क्या प्रथम विश्व युद्ध के गोला बारूद, द्वितीय विश्व युद्ध के परमाणु बम की तरह तीसरे विश्व युद्ध में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कोई नया गुल खिलाएगी और इस बार जल, थल, नभ के अलावा अन्तरिक्ष में भी युद्ध होगा।

यदि अंतरिक्ष युद्ध की नौबत आई तो अमेरिका-ब्रिटेन गुट और रूस-चीन गुट की तरह क्या भारत को भी जापान और फ्रांस के साथ मिलकर कोई अंतरिक्ष गुट तैयार कर लेना चाहिए। यह सब बातें मैं इसलिए कर रहा हूं, क्योंकि हाल ही में अमेरिकी सेना के एक अधिकारी ने कहा था कि अगर जरूरत पड़ी तो हम अंतरिक्ष में भी युद्ध करने के लिए तैयार हैं। आपकी याददाश्त ताजा करा दें कि रूसी और चीनी अधिकारी भी पूर्व में ऐसी धमकियां दे चुके हैं। यदि ऐसा हुआ तो जल, थल, नभ युद्ध से ज्यादा बबार्दी अंतरिक्ष युद्ध से होगी, क्योंकि सूचना तकनीक और सूचना क्रांति के सहारे तेजी से आगे बढ़ती हुई यह दुनिया सेटेलाइट गिरते ही अचानक ठहर जाएगी और सबकुछ अस्त-व्यस्त हो जाएगा। इससे जनजीवन इतना प्रभावित होगा कि बिना मारे ही अन्य कारणों से लोग बर्बाद हो जाएंगे। भूख-प्यास-तनाव से मर जायेंगे।



-कमलेश पांडेय

> मैं यह देखना चाहता था कि पत्रकारिता मृत्यु के मामलों को कैसे कवर करती है या बड़े पैमाने पर होने वाली मौतों को कैसे दर्ज करती है। मुझे केवल पॉयंटर वेबसाइट पर एक आलेख मिला जिसमें मृत्यु के मामलों की रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों को लेकर कुछ उपयोगी मानक दिए गए। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' में प्रकाशित एक आलेख में भारत में कोविड से हुई वास्तविक मौतों का एक अनुमान पेश किया गया।

यदि उपर्युक्त अमेरिकी अधिकारी की बातों पर गौर करें तो उसने साफ बताया कि रूस के लगातार आक्रामक रवैये और चीन की अंतरिक्ष में ताकत बनने की महत्वाकांक्षा से अमेरिका सशंकित है और अपनी वैश्विक बादशाहत पर मंडराता खतरा देख वह किसी भी हद से गुजर सकता है। इतिहास साक्षी है कि जब-जब राजाओं को अपनी गद्दी छिनने का खतरा होता था तो वो युद्ध का बिगुल फूंक देते थे। लोकतांत्रिक वाकयुद्ध और चुनावी साल में छिड़े सीमाई युद्ध की वजह भी प्रायः यही बताए जाते हैं।

अमेरिका के अंतरिक्ष नियंत्रण में नीति, योजना और रणनीति विभाग में उपनिदेशक ब्रिगेडियर जनरल जेसी मोरहाउस मई 2023 के तीसरे सप्ताह में दो देशों की अंतरिक्ष संचालन शिखर सम्मेलन 2023 में शिरकत करने लंदन पहुंचे थे। जहां ब्रिटेन और अमेरिका की अंतरिक्ष में संयुक्त क्षमताओं पर खुलकर चर्चा की गई थी। इसके बाद अमेरिकी दूतावास में मोरहाउस ने जो कुछ कहा, वह रूस-चीन के लिए स्पष्ट संकेत है कि अगर रूस-यूक्रेन युद्ध नहीं थमा और फिर चीन-ताईवान युद्ध भड़का तो फिर अमेरिका वह कर सकता है, जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता।

उन्होंने दो टूक कहा कि यदि हमें जरूरत पड़ी तो हम आज रात में भी अंतरिक्ष में युद्ध लड़ने के लिए तैयार हैं। अगर कोई भी देश अमेरिका को धमकाता है या हमसे सम्बन्ध रखने वाले अथवा हमारे साथ रक्षा सम्बन्धों पर समझौते कर चुके देशों को किसी तरह से परेशान करने की कोशिश करता है या उनके किसी हित में बाधा पहुंचाता है तो हम आज रात ही लड़ने को तैयार हैं। यदि आपको अंतरिक्ष युद्ध की बरीकीपूर्वक समझ है तो यह अमेरिका का ऐसा मास्टर स्ट्रोक साबित होगा, जिससे रूस के दो मजबूत और करीबी देश चीन-भारत की अर्थव्यवस्था व जनजीवन तबाह हो जाएगा। फिर रूस के सामने हथियार डालने के अलावा कोई चारा भी नहीं बचेगा।

इसलिए भारत को चाहिए कि वह अंतरिक्ष युद्ध के संभावित दुष्प्रभावों को रोकने के लिए एक मजबूत रणनीति बनाए। साथ ही, अमेरिका-रूस के बीच ऐसी नौबत न आने दे कि अमेरिका को एक बार फिर से अपना रौद्र रूप दिखाना पड़े, जैसा कि वह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 6 अगस्त 1945 को जापान के दो महत्वपूर्ण शहर हिरोशिमा और नागासाकी पर दो परमाणु बम गिराकर दे चुका है। वियतनाम, लीबिया, इराक पर अमेरिकी भूमिका जगजाहिर है। अफगानिस्तान-पाकिस्तान के बीच चले हिंसक दांवपेच में भी वह बदनाम रहा है।

ऐसे दुर्दांत देश को यूक्रेन में उसकी हद बताने के लिए रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन द्वारा किया जा रहा यौद्धिक प्रयत्न सराहनीय है। उन्हें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मिल रहा चीन-भारत का साथ भी दुनियावी संतुलन बनाए रखने के लिए उचित है। लेकिन अमेरिकी और नाटो की ताजा बौखलाहट किसी तीसरे विश्व युद्ध (अंतरिक्ष युद्ध) का बीजारोपण न कर दे, इसके लिए कूटनीतिक और सामरिक दोनों प्रयास करने होंगे और अचानक सेटेलाइट ठप हो जाने के बाद भी भारतीय जनजीवन अप्रभावित रहे, इसके लिए ठोस उपाय करने में ही बुद्धिमानी है। कहा भी गया है कि अग्र सोची, सदा सुखी।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात

### नीली रोशनी से दूरी

**अंकिता बनर्जी**

**कामकाजी** हों या गृहिणी-महिलाओं की दिनचर्या का बड़ा हिस्सा स्क्रीन के सामने बीतने लगा है। वर्किंग वूमन ही नहीं, हाउस वाइव्स भी अच्छा खासा वक्त स्क्रीन में झांकते हुए बिता रही हैं। पर जिन स्मार्ट गैजेट्स ने जीवन आसान किया है, सारी दुनिया को जोड़ा है। वही गैजेट्स चेहरे का नूर भी फीका कर रहे हैं। ब्लू लाइट सेहत को हर तरह से नुकसान ही पहुंचा रही है। ताजा रिसर्च बताती हैं कि स्मार्ट फोन से निकलने वाली नीली रोशनी स्किन के लिए बहुत ज्यादा घातक है।

दरअसल, स्मार्ट गैजेट्स से निकलने वाली ब्लू लाइट भी एक तरह का रेडिएशन ही है। जिसका आंखों ही नहीं, स्किन पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। द हेल्थ साइट में प्रकाशित समाचार के मुताबिक, मोबाइल, लैपटॉप और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी उम्र से पहले बुढ़ापा और धूप में न निकलने पर भी स्किन टैनिंग जैसी परेशानी की वजह बन रही है। साथ ही यह नीली रोशनी चेहरे पर डार्क स्पॉट और पिग्मेंटेशन जैसी स्किन की कई समस्याओं का कारण हो सकती हैं। इसकी वजह यह है कि नीली रोशनी का यूजर्स की स्किन टोन पर असर पड़ता है। स्मार्ट गैजेट्स से निकलने वाली ब्लू लाइट की किरणें स्क्रीन में झांक रहे इंसान की स्किन टोन को बहुत ज्यादा प्रभावित करती हैं। गैजेट्स से निकलने वाले इस प्रकाश के दुष्प्रभाव को आमतौर पर आंखों को नुकसान पहुंचाने से ही जोड़कर देखा जाता है। जबकि यह चेहरे की सुंदरता को भी फीका करने वाला है। असल में स्मार्ट गैजेट्स से निकलने वाली यह रोशनी त्वचा के रोम-रोम में समाते हुए गहराई तक जाती है। जिसके चलते खुजली, रूखापन और टैनिंग की समस्या शुरू हो जाती है। इतना ही नहीं, हरदम स्क्रीन के सामने रहने और गैजेट्स का ज्यादा इस्तेमाल करने से स्किन के बहुत ज्यादा रूखा हो जाने का खतरा है। कामकाज के लिए आप जो लैपटॉप या कम्पयूटर इस्तेमाल करती हैं, उस सिस्टम की स्क्रीन पर रेडिएशन कम करने वाला स्क्रीन गार्ड लगाना कुछ हद तक मददगार साबित हो सकता है। साथ ही स्मार्ट फोन जैसे डिवाइसेज को डार्क में इस्तेमाल करना भी।

**रांची** की बेटी मानवी लव जिहाद का शिकार बनी हैं। लव जिहाद का यह वैश्विक संक्रमण पूरी दुनिया में अपनी तबाही मचाए हुए है। लोगों के घर परिवार तबाह हो जा रहे हैं, मां बाप की दुनिया उजड़ जा रही है। झारखंड पुलिस से मेरी मांग है कि इस बेटी को धर्मपरिवर्तन के लिए दबाव बनाने वाले को सजा दिलाये।

**-बाबूलाल मरांडी, विधायक**

## आपके ट्वीट

**झारखण्ड** एकेडमिक कॉउन्सिल (जैक) बोर्ड इंटर (आर्ट्स) और (कॉमर्स) परीक्षा में उत्तीर्ण होने सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। सभी अभिभावकों और शिक्षकों को भी हार्दिक बधाई। **- हेमंत सोरेन**





**यशस्वी** नेतृत्व में राष्ट्रीय मानस को आशा, उत्साह, आत्मविश्वास एवं नवाचार से भरने वाले सेवा, सुरक्षा, सुशासन और समग्र विकास के गौरवशाली एवं निर्माणकारी 09 वर्ष पूर्ण होने की सभी राष्ट्र प्रेमियों को हार्दिक बधाई! **- योगी आदित्यनाथ**

# कैसा आहार

## धर्म-प्रवाह

**जग्गी वासुदेव**

**हमारी** मनोवैज्ञानिक अवस्था पर, हमारे भोजन का बहुत प्रभाव पड़ सकता है। चिकित्सा विज्ञान अब इस बात की चर्चा कर रहा है कि कैसे फलों का आहार हमारी मनोवैज्ञानिक खुशहाली को बढ़ाता है। क्या इसका कोई महत्व है? क्या अधिकांश रूप से फल आधारित भोजन उन लोगों के लिये ठीक है जो सामान्य पारिवारिक परिस्थितियों में होते हैं, तथा कामकाज और काफी शारीरिक गतिविधि करते हैं ?

किसी भी मशीन में, चाहे जिस तरह के ईंधन का उपयोग हो रहा हो, उसकी क्षमता इस बात पर निर्भर करती है कि वह कितनी आसानी से जलता है? उदाहरण के लिये एक सामान्य कार में आप जिस गैसोलीन का उपयोग करते हैं, वह रेसिंग कार या विमान के गैसोलीन से अलग होता है, और उसका कारण है ईंधन का आसानी से जलना! आपने पेट्रोल पम्पों पर अलग-अलग स्तर के ऑक्टेन वाले गैसोलीन देखे होंगे-- 87, 89, 90, 91, 93, 96.... हम जब मोटरसाइकिल चलाते थे तो 100 ऑक्टेन वाला तेल लेने के लिये तीन गुना रकम देते थे क्योंकि उससे अचानक ही हमारी मोटरसाइकिल ऐसे दौड़ती थी, जैसे दूसरी नहीं दौड़ सकतीं थीं।

फलों का आहार सुपाच्य होता है : सबसे ज्यादा आसानी से पचने वाला भोजन है - फल। पाचन का अर्थ है, जठराग्नि - पाचन अग्नियां। अगर इन अग्नियों को सबसे ज्यादा प्रभाव के साथ जलना है तो, निश्चित ही फल सबसे अच्छे हैं।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडीटर

### रोकें भ्रमजाल

**चुनाव** का बिगुल बजते ही लुभावने वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं जिन्हें अपने चुनाव घोषणा-पत्र में शामिल कर राजनीतिक पार्टियां सालों से अपनी रोटियां सेंकती आ रही हैं। **- निशीकांत, रांची**

### अन्न का संरक्षण

**समर्थन** मूल्य पर गेहूं जैसी उपज की सरकारी खरीद जारी है। खबरों के मुताबिक कई केंद्रों पर उपज को सुरक्षित रखने के माकूल इंतजाम नहीं हैं। पिछले वर्ष भी जब सरकारी खरीदी की गई और बेतरतीब मौसम की बेरुखी के चलते पानी गिरने से बेशकीमती गेहूं पानी में भीगने से सड़-गल गया था। ऐसे में सरकार पिछले साल के कटु अनुभव को ध्यान में रखते हुए अभी से उचित उपाय करने चाहिए।

**-हेमा हरि, मेदिनीनगर**

# पहली बार एथनाल का उपयोग रिकार्ड स्तर पर पहुंचा

**नागेन्द्र सिंह**

**भारत** में पहली बार पेट्रोल में एथनाल मिश्रण 7,2 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गया है। आपूर्ति वर्ष 2020-21 (दिसंबर से नवंबर) के पहले 4 महीनों के दौरान यह किया जा सका है। इससे देश 2022 तक 10 प्रतिशत एथनाल मिश्रण के लक्ष्य की ओर बढ़ा है।

उद्योग जगत के सूत्रों का कहना है कि अगर तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) अगले कुछ महीने के दौरान पूरी मात्रा में एथनाल ले लेती हैं तो मिश्रण का अखिल भारतीय स्तर नवंबर 2021 में सीजन के अंत तक 8 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। अब तक पेट्रोल में एथनाल मिलाने का अखिल भारतीय स्तर पर सबसे बेहतर अनुपात करीब 5.2 प्रतिशत रहा है।

दरअसल महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, गोवा, दमन और दीव में करीब 9.5 से 10 प्रतिशत एथनाल मिलाया गया है। इसका मतलब यह है कि ये राज्य 2022 के मिश्रण के 10 प्रतिशत लक्ष्य के करीब हैं। हालांकि यह आसान नहीं रहा है।

चीनी उद्योग का कनहा है कि 2020-21 सत्र के पहले चार महीने में मिश्रण और ज्यादा हो सकता था, लेकिन तेल विपणन कंपनियों की ओर से प्रत्येक डिपो में एथनाल भंडारण क्षमता के अनुमान में कुछ रणनीतिक त्रुटियां हुईं। इसकी वजह से मिलों को डिपो में एथनाल की आपूर्ति करनी

## आर्थिक

पड़ी, जो उनकी उत्पादन इकाइयों से दूर थे। उद्योग जगत के सूत्रों के आंकड़ों के मुताबिक 29 मार्च तक ओएमसी ने 2020-21 के लिए 4.57 अरब लीटर एथनाल की जरूरत बताई ती, जिसमें से 3.25 अरब लीटर के लिए कंपनियों की बोली को अंतिम रूप दिया गया। वहीं करीब 2.98 अरब लीटर एथनाल के लिए पहले ही अनुबंध हो चुका है, जिसमें से 1 अरब लीटर की आपूर्ति हो गई, जबकि शेष की डिलिवरी होनी है।

इसमें से करीब 77 प्रतिशत या 0.77 अरब लीटर एथनाल बी-हैवी मोलैसिस और गन्ने के रस से बनाया गया है, जिसकी वजह से 8 लाख टन अधिशेष चीनी में कमी आएगी। कुल मिलाकर उद्योग जगत का मानना है कि 2020-21 में करीब 20 लाख टन टीनी का उत्पादन कम होगा क्योंकि गन्ने का इस्तेमाल एथनाल के लिए हो रहा है।

चीनी कंपनियों का आरोप है कि ओएमसी ढुलाई की लागत वास्तविक दरों की तुलना में बहुत कम वापस कर रही हैं, क्योंकि आधार दर अक्टूबर 2020 में तय की गई थी (ईंधन के दाम बढने के पहले)। इसकी वजह से चीनी कंपनियों के ऊपर 3 से 5 रुपये प्रति लीटर अतिरिक्त बोझ अपनी जेब से भरना पड़ रहा है।

डीजल की दर अक्टूबर 2020 के बाद 25 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (आईएसएमए) सहित चीनी कंपनियों ने सुझाव दिया है कि अगर ओएमसी को लगता है कि ढुलाई की लागत में बदलाव नहीं हो सकता है तो ओएमसी को खुद ट्रांसपोर्ट कांट्रैक्ट करना चाहिए (जैसा कि पेट्रोल आपूर्ति के मामले में वे करती हैं) और उनका नाम चीनी कंपनियों को दिया जाना चाहिए।अधिकारी ने कहा, 'इस तरह से चीनी कंपनियों को ढुलाई का शुल्क वापस नहीं लेना होगा, जबकि डीजल की आपूर्ति भी बहाल हो सकेगी।'

इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन के महानिदेशक अविनाश वर्मा ने कहा, 'हम आसानी से ज्यादा एथनाल की आपूर्ति कर सकते थे, अगर ओएमसी द्वारा कुछ डिपो के अनुमान लगाने में त्रुटि नहीं होती।'

# जीएसटी में टीडीएस के बारे में जानना आवश्यक



**अजयदीप बाधवा**

**जीएसटी** में टीडीएस हम में से अधिकांश लोग इनकम टैक्स के अंतर्गत टीडीएस के बारे में जानते हैं, पर आज हम इस आलेख में जीएसटी में टीडीएस पर बात करेंगे। जैसा कि हम सब जानते हैं कि क्रेता समान या सेवा के आपूर्ति के बिल के साथ जीएसटी भी विक्रेता को दे देता है जिसे विक्रेता सरकार को जमा कर देता है। पर कभी कभी क्रेता पूरा जीएसटी विक्रेता को देने के स्थान पर उसका एक हिस्सा विक्रेता को न देकर सीधे सरकार को दे देता है जिसे हम टीडीएस कहते हैं। वस्तुतः यह जीएसटी विक्रेता को सरकार को देना था पर उसके स्थान पर क्रेता ने ही दे दिया। हालांकि टीडीएस क्रेता सरकार को देता है पर चुकीं इसे देना विक्रेता को था इस कारण सरकार इस टीडीएस का क्रेडिट विक्रेता को ही देती है, अर्थात यह विक्रेता की ओर से सरकार को अग्रिम जीएसटी का भुगतान माना जाता है और बाद में विक्रेता

## आर्थिक

अपनी जीएसटी की देय राशि से इसे घटा कर शेष राशि ही सरकार को देता है। जीएसटी कानून के तहत टीडीएस काटने के लिए उत्तरदायी केंद्र सरकार या राज्य सरकार का एक विभाग या प्रतिष्ठान; या स्थानीय प्राधिकारी; या सरकारी एजेंसियां या ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों की श्रेणियां हैं जिन्हें सरकार द्वारा अधिसूचित किया जा सकता है। वर्तमान में कर योग्य वस्तुओं और/या सेवाओं के आपूर्तिकर्ता को किए गए भुगतान पर 2% की दर से टीडीएस वहीं काटा जाता है, जहां एक व्यक्तिगत अनुबंध के तहत ऐसी आपूर्ति का कुल मूल्य 2,50,000 रुपये से अधिक है। पर जब आपूर्तिकर्ता का स्थान और आपूर्ति का स्थान प्राप्तकर्ता के पंजीकरण की स्थिति से भिन्न हो तो कर की कोई कटौती आवश्यक नहीं है। यहां यह बात ध्यान देने योग्य है कि एक व्यक्ति जो टीडीएस काटने के लिए उत्तरदायी है, उसे अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा और इसके लिए कोई सीमा नहीं है। जीएसटी के तहत पंजीकरण पैन के बिना और आयकर अधिनियम के तहत जारी मौजूदा कर कटौती और संग्रह खाता संख्या (टेन) का उपयोग करके प्राप्त किया जा सकता है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि टैन अनिवार्य है।

टीडीएस काटने के बाद उसे अगले माह की 10 तारीख तक सरकार को जमा करना होता है और आयकर कानून के समान, जीएसटी के तहत कर काटने वाले व्यक्ति को सरकार को कर जमा करने के 5 दिनों के भीतर संबंधित व्यक्ति को जीएसटी आर-7ए के रूप में टीडीएस प्रमाणपत्र जारी करना होता है।

(कॉस्ट एवम मैनेजमेंट एकाउंटेंट, कर सलाहकार, रांची)


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### एस्बेस्टस तोड़ हजारों रुपये के सामान की चोरी, पीड़ित ने थाना में दिया आवेदन

**कैरो।** थाना क्षेत्र के नरौली में चोरी का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात नरौली के अकलेश उरांव अपने परिवार के साथ खंडा में आयोजित यज्ञ की कथा कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जिसके बाद जब रात 11 बजे घर वापस लौटा तो पाया कि घर का एस्बेस्टस टूटा हुआ है। जब अलमीरा खोलकर देखा तो वहां से 25 हजार नकद, आठ हजार के सोने का झुमका, सात हजार के दो जोड़ी पायल, छह हजार के चांदी की चेन, एक हजार के दो जोड़ी बिछिया के अलावे कांसा का एक लोटा, कांसा के दो थाली दो गिलास, दो कटोरा जिसका मूल्य करीब 4500 है। नकद सहित सभी सामान मिलाकर कुल 51 हजार पांच सौ की चोरी हुई है। मामले को लेकर पीड़ित अकलेश उरांव ने थाना को आवेदन देकर उचित कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। मामले में थाना के एसआई ऋषिकांत का कहना है कि घटना की सूचना मिली है, जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### नाबालिग युवक ने लगायी फांसी, मौत

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के फसिया नदी टोली निवासी स्व. कृष्णा राम का पुत्र विकास राम (16) ने गुरुवार को घर पर तौलिया के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार परिवार के सभी सदस्य जब घर पर थे तो विकास अपने रूम का दरवाजा बंद कर घर में तौलिया से फांसी लगा लिया। जब उसकी मां खाना खाने के लिए उसे बुलाने गयी तो रूम का दरवाजा बंद पाया। छेद से झांक कर देखा तो वह तौलिया के सहारे लटक रहा था। जिसके बाद मां ने हल्ला कर लोगों को जुटाया। घटना की जानकारी गुमला पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर शव को पोस्टमार्टम हाउस में शीत गृह में रखा गया है।

### चैनपुर के शिविर में 25 यूनिट रक्त संग्रह



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित कौशल विकास केंद्र में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें चैनपुर बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह, सीओ गौतम कुमार, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, स्थानीय मुखिया शोभा देवी सहित कई प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी एवं कई ग्रामीणों ने रक्तदान किया। मौके पर बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन उपायुक्त गुमला के निदेर्शानुसार किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि रक्तदान महादान है। आपके रक्तदान किसी को जीवन दिया जा सकता है। शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में राकेश कुमार एवं उनकी टीम के द्वारा सहयोग दिया गया। रक्तदान करने वालों को जूस, मीठा एवं कप दिया गया। रक्तदान शिविर में चिकित्सा प्रभारी राजमोहन खलखो, बीपीएम विनय कुमार, आवास को-ऑर्डिनेटर अमर साहू, प्रखंड समन्वयक हीरा लाल साहू, हुलेश साहू, विश्राम केवट, राम कुमार यादव, राम मोहन साहू मुनेश्वर कुमार सिंह अंचल निरीक्षक, सहित जे एस पी एल कर्मी, आंगनबाड़ी की सेविका के साथ प्रखंड के ग्रामीण उपस्थित थे।

### गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव ने की भवन निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में गुरूवार को भवन प्रमंडल विभाग से संबंधित विभिन्न लंबित योजनाओं की समीक्षा की हुई। बैठक में नया समाहरणालय भवन, विमेंस कॉलेज, एकलव्य विद्यालय, मॉडल स्कूल, पीएचसी एवं सीएचसी सेंटर, ईवीएम वेयर हाउस, मंडल कारा, गोडाउन समेत विभिन्न प्रखण्डों में भवन निर्माण विभाग द्वारा संचालित विकास कार्य की विस्तार से समीक्षा की गयी। इस दौरान नये प्रोजेक्ट्स पर भी कार्य योजना तैयार करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में डीएमएफटी एवं एससीए के तहत संचालित योजनाएं की भी समीक्षा कर लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि भूमि विवाद या उससे संबंधित कारणों से कार्य को पूर्ण करने में हो रही परेशानी को विहित प्रपत्र में समुचित जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमंडल को लंबित योजनाओं को निश्चित समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमंडल व अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### मोतियाबिंद और अंधेपन की पहचान को लेकर सहियाओं को प्रशिक्षण




**डुमरी।** उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश के आलोक में आकांक्षी प्रखंड डुमरी में मोतियाबिंद व अंधेपन की पहचान करने के संबंध में टाटा स्टील फाउंडेशन की सहायता से प्रशिक्षण कार्यशाला की गयी। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में 126 सहियाओं ने भाग लिया। उपायुक्त के निर्देश पर डुमरी में जल्द ही आई चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिससे पूर्व सहियाओ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि सहियाओं द्वारा पहले चरण में मोतियाबिंद एवं अंधेपन से संबंधित मरीजों को चिह्नित किया जा सके। जिसके पश्चात चिह्नित मरीजों के इलाज हेतु आई चेकअप कैंप का आयोजन किया जायेगा। उक्त कैंप में टाटा स्टील फाउंडेशन के डॉक्टर्स के टीम के द्वारा मरीजों का चेकअप एवं इलाज किया जायेगा। यह कैंप जून माह में आयोजित किया जाना है। कार्यशाला में मुख्य रूप से बीडीओ डुमरी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य केंद्र डुमरी, बीपीओ डुमरी, बीटीएम, टीएसएफ पब्लिक हेल्थ मैनेजर सहित संकर नेत्रालय के अन्य कर्मी मौजूद थे।

# पुलिस को मिली थी रंथू उरांव के दस्ते की आने की सूचना: एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** एसपी ऐहतेशाम वकारिव ने बताया कि भाकपा माओवादी कमांडर रंथू उरांव के अपने दस्ते के साथ मड़वा व आंजन क्षेत्र में आने व बड़ी घटना को अंजाम देने की सूचना मिली थी। इसपर गुमला पुलिस आंजन पहुंची। वहां पुलिस ने दो लाख के इनामी नक्सली राजेश उरांव को मुठभेड़ में मार गिराया। इस अभियान में जिला पुलिस बल के लोग शामिल थे, जबकि घटना के बाद सीआरपीएफ व गुमला पुलिस सर्च अभियान चला रही है।

**शराब-मुर्गा की लग गयी थी लत, माड़-साग मिला तो बन गया नक्सली :** वर्ष 2001 से ही दुर्दांत नक्सली टोहन महतो के संपर्क में लगातार राजेश रहता था। शराब खस्सी मुर्गा खाने की लत लग गयी थी। बाद में टोहन पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। जिसके बाद एक दिन राजेश की मां सुगनी देवी ने माड़-साग बनाकर भात दिया तो राजेश क्रोध में आ गया और सारा खाना उठा कर फेंक दिया। इसके बाद वह बुद्धेश्वर उरांव के संपर्क में आकर नक्सली संगठन में बचपन में ही 2003 में शामिल हो गया। इसके बाद से अब तक हर गतिविधि में शामिल था।



घटनास्थल पर पड़ा ईनामी नक्सली का शव।

## गुमला पुलिस ने राजेश उरांव को मार नक्सलियों की तोड़ दी कमर

गुमला। गुमला पुलिस लगातार माओवादियों को बैक फुट में ढकेलती नजर आ रही है। राजेश उरांव के मारे जाने के बाद मुट्ठी भर बचे नक्सलियों में दहशत फैल गई है। इस घटना के बाद लोग आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि नक्सली जल्द ही क्षेत्र से गायब हो जाएंगे। माओवादी कमांडर सिलवेस्टर को भी पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था। जिसके बाद से जिले में नक्सलियों की कमर लगातार टूटते गई। यही कारण है कि जिले में अब नक्सलियों का दबदबा समाप्त होते जा रहा है। पुलिस भाकपा माओवादी के बड़े कमांडरों को या तो मुठभेड़ में मार गिरायी है या फिर पकड़ कर सलाखों के पीछे भेज चुकी है। अब संगठन में रंथू उरांव, खुदी मुंडा, लजीम अंसारी जैसे कुछ ही कमांडर बचे हैं जो पुलिस के भय से एक साथ दस्ता बनाकर घूमते हैं। गुमला पुलिस लगातार सर्च ऑपरेशन चलाकर माओवादियों को क्षेत्र में टिकने नहीं दे रही है। यही कारण है कि जिले में माओवादी घटनाओं में लगभग कून विराम लग गया है। माओवादी स्वयं अपनी जान बचाकर भागते फिर रहे हैं। वो दिन दूर नहीं है जब गुमला जिला से माओवादी संगठन का लगभग पूर्ण सफाया हो जायेगा।



## घाघरा पुलिस से परिजनो ने कहा- शव नहीं लेंगे

घाघरा थाना के एसआई टेकलाल महतो राजेश उरांव के मारे जाने की सूचना देने के लिए हुटार गांव पहुंचे और जैसे ही राजेश के भैया और भाभी को राजेश की मौत की सूचना दे रहे थे इसी दौरान राजेश की भाभी ने कहा हमें उसके शव से कोई लेना देना नहीं है। पुलिस अपने तरीके से उसका अंतिम संस्कार कर दे। घर में हम अपना खाने के लिए तरस रहे हैं तो शव का अंतिम संस्कार कैसे करेंगे। राजेश कितने लोगों को तड़पाया है कितने लोगों को मारा है। वैसे नक्सली का शव हम देखना भी नहीं चाहते हैं। उसके मौत से हम सभी खुश हैं और वैसे नक्सली का यही अंजाम होना चाहिए जो पुलिस ने किया। साथ ही भाभी ने यह भी कहा कि पुलिस का काम था कि मौत की सूचना देना पुलिस ने अपना काम किया पर हमें उसके शव से कोई लेना-देना नहीं हम उसके शव को गांव में भी घुसाना नहीं चाहते है।



राजेश के मारे जाने की सूचना देने पुलिस पहुंची उसके घर।

**भाई है तो दुख हो रहा है पर जैसी करनी वैसी भरनी :** राजेश के भाई भैयाराम उरांव ने कहा भाई है तो दुख हो रहा है। पर जैसी करनी वैसी भरनी एक न एक दिन राजेश को मरना ही था। गलत का अंजाम हमेशा गलत होता है। हमें नक्सली से कोई लेना-देना नहीं है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति को नप ने निकाली झोला रैली

- हाथों में कपड़े के थैले लेकर सड़कों पर निकले सैकड़ों महिला-पुरुष
- लोग घर से झोला लेकर ही बाजार जायें : नप प्रशासक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** आगामी पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक बार फिर सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पाद पॉलिथीन के विरुद्ध जागरूकता अभियान को नगर परिषद के द्वारा दोहराया जा रहा है। उसी क्रम में नगर परिषद ने गुरुवार को झोला रैली नाम से जागरूकता कार्यक्रम चलाया।

नगर परिषद से संबद्ध स्वयं सहायता समूहों की सैकड़ो महिलाओं, फुटपाथ विक्रेताओं तथा आम लोगों ने हाथ में कपड़े का थैला लेकर बाजार के बीच सड़कों पर पैदल मार्च निकाला। रैली निकाल रहे लोगों ने शहर के नागरिकों से अपील की कि वे जब भी बाजार जाएं तो साथ में एक कपड़े का थैला लेकर जरूर जाएं। रैली का शुभारंभ नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। संजय कुमार ने कहा कि कपड़े के थैला का ज्यादा से ज्यादा उपयोग ही हमें पॉलिथीन की आदत से मुक्ति दिला सकता है। नगर परिषद और जेएसएलपीएस से संबद्ध स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पर्यावरण अनुकूल उत्पाद जैसे कपड़े के थैले, कागज के ठोंगे आदि बनाती हैं।




झोला रैली में शामिल लोग।

**खास बातें :** सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रभावी पाबंदी लगाने के लिए पॉलिथीन के विकल्प के रूप में कपड़ा का थैला स्थानीय बाजार में सहजता से उपलब्ध हो सके। इसे लेकर नप ने झोला बैंक खोलने का निर्णय लिया है। नप में कार्यरत सैकड़ों स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रेरित किया जा रहा है कि वे कपड़े के थैले बनायें। नप की इस अपील पर कई ऐसी महिलाओं के समूहों ने कपड़े के थैले बनाना शुरू भी कर दिया है। किंतु उनको औपचारिक मार्केटिंग प्लेटफार्म उपलब्ध नहीं है, इसे सहज सुगम बनाने के लिए नगर परिषद ने अपने निगरानी में झोला बैंक की स्थापना करेगा।

# सीएम से मिल झामुमो जिलाध्यक्ष ने रखी जिले के विकास की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोहरदगा जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची स्थित उनके आवास पर मिलकर लोहरदगा जिला की जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए जिले की शत प्रतिशत विकास की मांग रखी है। इधर सीएम को झामुमो जिला अध्यक्ष के द्वारा जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क, बिजली एवं अन्य जन समस्याओं से अवगत कराते हुए जिले में इस भीषण गर्मी में पेयजल की बड़ी संकट से जिलेवासियों को निजात दिलाने एवं शिक्षा के क्षेत्र को सुदृढ़ कराने स्वास्थ्य की समस्याओं को मजबूती के साथ निराकरण कराने सहित जिले के तमाम क्षेत्रों की सड़कों की विकास की मांग रखी है।

साथ ही जिले में आए दिन बिजली की बड़ी समस्या को गंभीरता पूर्वक निपटारा कराने की भी मांग रखी है। वहीं कैरो प्रखंड में वर्षों से निर्मित अस्पताल का यथाशीघ्र संचालन कराने की मांग रखी है। जिसपर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिलाध्यक्ष को आश्वस्त कराते हुए कहा कि लोहरदगा जिले की विकास को लेकर हमारी सरकार पूरी तरह से कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साथ ही राज्य के सभी क्षेत्रों का समुचित विकास को लेकर कार्य योजना तैयार की गई है एवं पूरे राज्य में विकास कार्यों को व्यापक रूप दिया गया है। सीएम ने कहा कि लोहरदगा जिला का विकास निश्चित रूप से बड़े पैमाने हमारी सरकार कर रही है बाकी योजनाओं पर भी खाका तैयार कर विकास कार्यों को जमीनी स्तर पर उतारते हुए अंजाम दिया जायेगा।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलते झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल।

# कृषि ऋण माफी को लेकर छूटे हुए किसानों की ई-केवाईसी 15 जून तक करें पूरा : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा की गई। इसके अंतर्गत छूटे हुए किसानों, जिनका ई-केवाईसी लंबित है, उनका ई-केवाईसी आगामी 15 जून 2023 तक पूर्ण कराने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा व एलडीएम, लोहरदगा को दिया गया। प्रखंडों के लंबित ई-केवाईसी के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को प्रतिदिन छूटे हुए योग्य किसानों का ई-केवाईसी कराये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, अपर समाहर्ता, लोहरदगा को इसकी सतत मॉनिटरिंग किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता के रूप में समीरा एस, जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, अग्रणी बैंक प्रबंधक रविंद्र प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी अमर भूषण क्रांति, कार्यपालक दंडाधिकारी सन्नी कुमार दास, आत्मा उपनिदेशक तृप्ति तिर्की समेत अन्य उपस्थित थे।




मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा करते उपायुक्त व उपस्थित अन्य।

### बजरंग दल के दो कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला नगर के कार्यकर्ता भीम सिंह राजपूत और अक्षय कुमार ने ब्लड डोनेशन करके अस्पताल में इलाजरत मरीज की जीवन रक्षा में सहायता की। भीम सिंह राजपूत ने चौथी बार रक्तदान किया। वहीं अक्षय कुमार ने अपना दूसरी बार रक्तदान किया। बजरंग दल जिला संयोजक रविंद्र सिंह ने बताया कि बजरंग दल के कार्यकर्ता हमेशा समाज हित में हमेशा कार्य करने को तत्पर रहते हैं। प्रत्येक दिन संगठन के कार्यकर्ता रक्तदान कर जरुरतमंद मरीज की सहायता करते हैं। मौके पर रविंद्र सिंह, यशराज, सुनील सोनी लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, भरत कुमार मीडिया प्रभारी रोहित खंडेलवाल उपस्थित थे।

### नाबालिग के अपहरण में तीन आरोपी गये जेल

**कुड़ु/लोहरदगा।** कुडु थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के अपहरण के मामला प्रकाश में आया था। मामले को लेकर कुडू थाना में कांड संख्या 69/23 धारा 363/366ए के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। बताया जाता है की विगत 23 मई दिन मंगलवार की दोपहर से लड़की अपने घर नहीं आयी। लापता नाबालिग लड़की न नैंतीलो निवासी मजुद्दीन अंसारी की पुत्री साजिया खातून है। सात दिनों से लड़की का कोई पता नहीं चल रहा है। पुलिस हर मुमकिन कोशिश कर रही है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी जारी है। इसे लेकर तीन आरोपियों को जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों में सेनहा प्रखंड के डाडू निवासी फारुख अंसारी के पुत्र मोइन अंसारी, स्व जफात अंसारी के पुत्र साहबाज अंसारी एवम स्व हुसैन अंसारी के पुत्र सेराजूल अंसारी है। इधर लड़की का कोई भी सुराग अब तक पता नहीं चल पाया।

### लव जिहाद में नाबालिग को फंसानेवाला गिरफ्तार

**कैरो /लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी को लव जिहाद के चक्कर में फसाकर मुस्लिम युवक द्वारा लेकर फरार होने की घटना का भंडाफोड़ हुआ है। नाबालिग लड़की को भगाने की खबर पर कुडू थाना पुलिस ने दोनों को बस स्टैंड से पकड़कर कैरो थाना पुलिस को सौंपा दिया। घटना को ले कर क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गया था, जिसे पुलिस द्वारा शांत कराया गया। मिली जानकारी अनुसार बुधवार को कुडू थाना क्षेत्र के ननतिलो गांव निवासी फजलुद्दीन अंसारी का पुत्र मुस्ताक अंसारी द्वारा अपने प्रेम जाल में फंसाकर कैरो थाना क्षेत्र की विशेष समुदाय के एक नाबालिग को कुडू के रास्ते भगा ले जाया जा रहा था। तभी कुडू बस स्टैंड में गश्ती में निकली पुलिस को इसकी भनक लगी। जिसके बाद पूछताछ के क्रम में खुलासा हुआ कि मुस्ताक अंसारी द्वारा नाबालिग को भगाया जा रहा है। गश्ती में निकली पुलिस द्वारा दोनों को पकड़कर कुडू थाना लाया गया। जिसके बाद इसकी सूचना कैरो थाना पुलिस को देते हुए दोनों को सौंप दिया गया। कैरो थाना में नाबालिग के पिता द्वारा लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए मुस्ताक को जेल भेज दिया गया। कैरो थाना पुलिस ने भादवि की धारा 363, 366 अ, 506 के तहत कांड अंकित किया गया है।

## तिगावल जंगल के समीप से आठ गोवंशीय पशु जब्त, तस्कर धराया

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के तिगावल जंगल के समीप से पुलिस ने तस्करी के लिए जा रहे 8 गोवंशीय पशुओं को जब्त किया है। वहीं मौके पर पुलिस ने एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया। चैनपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तिगावल जंगल के समीप से कुछ लोग अवैध गोवंशीय पशुओं को मारते पीटते हुए तस्करी को ले जा रहे हैं। जिसके बाद चैनपुर थाना के एक एस आई मानिक मार्डी एवं वासुदेव सवैया दल बल के साथ सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए 8 गोवंशीय पशु को जब्त कर थाना ले आयी। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध गोवंशीय पशु तस्करी के खिलाफ लगातार कारवाई जारी रहेगी। वहीं जब्त पशुओं को वरीय पदाधिकारियों के आदेश पर जरूरतमंद किसानों के बीच जिम्मेनामा लिखाकर उन्हें सौंप दिया जायेगा।

### एल्युमिनियम कारखाना को लेकर धरना छह को

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल गुमला इकाई के बैनर तले गुमला को रेल लाइन से जोड़ने व गुमला-लोहरदगा जिला के सीमांत पर एल्युमिनियम कारखाना निर्माण का कार्य शुरू कराने की मांग को लेकर 6 जून 2023 को दिन के 11 बजे जिला मुख्यालय गुमला में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। धरना कार्यक्रम के जरिए इन मांगों को जोरदार तरीके से उठाते हुए आगामी आंदोलन की भी रूपरेखा की घोषणा की जायेगी।

## चेन छिनतई करने वालों का शीघ्र पर्दाफाश करे प्रशासन: विचार मंच

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर में गुरुवार को दिनदहाड़े एक महिला से चलती बाइक से चेन छिनतई का मामला घटा। जिसे लेकर लोगों में काफी रोष है। सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गुरुवार को सवेरे हुई चेन छिनतई की घटना में शामिल लोगों का पर्दाफाश प्रशासन शीघ्र करे, क्योंकि ऐसी घटना लोहरदगा शहरवासियों को चौंकाने वाली है। मालूम हो कि सवेरे करीब छह बजे के बीच छत्तर बगीचा के सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर एन कुजूर अपनी पत्नी (शिक्षिका) पुष्पा बाखला को रेलवे स्टेशन बाइक से छोड़ने जा रहे थे। इस बीच न्यू रोड पर्ल होटल के समीप लाल रंग की बाइक से दो युवक पीछा करते हुए आये एवं उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन छीन कर फरार हो गये। उन्होंने जब पीछा किया तो वे लोग न्यू रोड कादिर लेन की ओर भाग गये। बाइक पर पीछे बैठा युवक लाल और सफेद रंग की शर्ट पहने था। वह दोनों हाथ से पीछे नंबर प्लेट को ढंक कर रखा था।

# किडनी बीमारी से ग्रसित मरीज के इलाज के लिए कांग्रेसियों ने सिविल सर्जन से की अपील

- मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना से बीमार व्यक्ति को लाभ देने की रखी मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** असंगठित कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुख्तार आलम और जिला सचिव इबरार अंसारी ने सिविल सर्जन राजू कच्छप से मुलाकात कर किडनी रोग से ग्रसित खड़िया पाड़ा निवासी वसीम कुरैशी के इलाज में मदद की अपील की। ग वसीम कुरैशी पिछले कई महीनों से दोनों किडनी की बीमारी से ग्रसित है। डॉक्टर ने जल्द से जल्द इलाज करवाने को कहा है। इलाज नहीं होने पर दोनों किडनी खराब हो जाएगा और मरीज की मृत्यु हो जायेगी। वसीम कुरैशी मजदूरी करके किसी तरह अपने घर का चलाता है। परंतु जब से वह बीमार हुआ है उसके बाद उसकी आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई है। खाने पीने का भी मोहताज हो गया है। वसीम कुरैशी की पत्नी अपने पति की इलाज करवाने के लिए दर दर भटक रही है और मदद की गुहार लगा रही है। वसीम की पत्नी का कहना है कि अगर मेरे पति को कुछ हो जाता है तो हम और हमारे छोटे छोटे बच्चे अनाथ और बेबस हो जायेंगे। सभी बच्चों की जिंदगी खराब हो जाएगी। इसकी जानकारी मुख्तार आलम और इबरार अंसारी को मिलने पर उन्होंने उनके पत्नी से मिलकर मामले की जानकारी ली और हर संभव मदद करने की बात कही। उन्होंने सिविल सर्जन से मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत मरीज को लाभ देने की मांग की।




सिविल सर्जन से बातचीत करते कांग्रेसी नेता।

सेन्हा में किसानों के लिए हुआ जागरूकता कार्यक्रम

# कृषि कार्य में जैविक खाद को बढ़ावा दें किसान: सुरजा भगत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में कृषक मित्रों और किसानों को प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुरजा भगत ने निर्देश देते हुए कहा की कृषि कार्य में किसान जैविक खाद को बढ़ावा दे और जीवामृत खाद, नैनो यूरिया, नीम कोटेज खाद, गोबर खाद, केंचुआ खाद का अधिकतर प्रयोग करें।

साथ ही अन्य किसानों को रसायनिक खाद का प्रयोग नहीं करने के लिए प्रेरित करने के लिए निर्देश दिया गया। साथ ही देशी बीज के अंतर्गत मडुवा, गोंदली, मकई, बाजरा का खेती करने के लिए निर्देश दिया गया।

वहीं कृषि योग्य भूमि पर पानी बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर एटीम स्नेहलता भगत के अलावे कृषक मित्र राजेंद्र नायक, एतवा उरांव, संगीता कुमारी, सूरज कुमार, चिंता देवी एवं तुलसी उरांव, अशोक कुमार भगत, सूर्या उरांव, प्रकाश महतो, रविन्द्र उरांव सहित अन्य किसान उपस्थित थे।



कार्यक्रम में मौजूद लोग।

स्पीड न्यूज

## किसान गोष्ठी का आयोजन

**कांडी।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने किसान गोष्ठी में मोटे अनाज को पैदा करने को लेकर प्रोत्साहित किया। बीटीएम रंजित कुमार सिंह ने पशुओं के गोबर से गोबर गैस बनाकर उपयोग करने की बात कही। साथ ही किसानों को गोबर खाद उपयोग करने की सलाह दिया। किसानों को युरिया खाद से बचने की सलाह दिया। मौके पर किसान मित्र विजय कुमार पाण्डेय, नीरज कुमार द्विवेदी, राकेश कुमार, मनोज पासवान, कमलेश कुमार सिंह, राजीव तिवारी के अलावे सैकड़ों किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ मनोज कुमार तिवारी तथा संचालन बीटीएम रंजित कुमार सिंह ने किया।

## मानदेय वृद्धि में विधायक का महत्वपूर्ण योगदान : चन्दन

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य के प्रखण्ड अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर ने राज्य सरकार द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय वृद्धि में भवनाथपुर विधानसभा के विधायक भानु प्रताप शाही का महत्वपूर्ण योगदान बताया है। पंसस अध्यक्ष ने बताया कि भवनाथपुर विधायक से संघ के सदस्यों के साथ मुलाकात कर मानदेय वृद्धि एवं भत्ता का मामला विधानसभा में प्रमुखता से उठाने के लिए आग्रह किया था।

## टेम्पू से गिर कर चालक घायल

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतगर्त महाराणा प्रताप चौक के समीप टेम्पू से गिर कर चालक घायल हो गया। वहीं घायल की पहचान डोमचांच निवासी 30 वर्षीय सन्तोष मोदी पिता अशोक मोदी के रुप में हुई। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त चालक टेम्पू के ऊपर सामान बांध रहा था, इसी दौरान असंतुलित होकर गिर गया, जिससे उक्त चालक घायल हो गया। फिलहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

## बीडीओ ने किया प्रखंड स्तरीय बैठक

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में बीडीओ बैधनाथ उरांव की अध्यक्षता में शतप्रतिशत स्वच्छता कवरेज हेतु प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। वहीं बैठक में आंगनबाड़ी सेविका एवं स्वास्थ्य विभाग से सहिया के माध्यम से छूटे हुए योग्य लाभुकों का सर्वे कर सूची उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। साथ ही साथ ठोस कचरा प्रबंधन, तरल कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, माहवारी कचरा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी देते हुए इसे धरातल पर उतारने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा सभी आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्यालय, स्वास्थ्य उप केन्द्र आदि का सर्वे कर उसमें अवस्थित शौचालय को दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग से डॉ.ओमेर आलम, समन्वयक जयराम कुमार, महिला पर्यवेक्षिका रेखा कुमारी एवं मीना केशरी, बालेश्वर प्रसाद यादव, प्रसादी यादव, किशुन यादव, अमर कुमार, सुनील सिंह, शैलेंद्र कुमार, गंगिया देवी, अनीता देवी सहित सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं जल सहिया मौजूद थे।

## भारती क्लासेज के सभी 22 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण, संस्थान में खुशी

**कोडरमा।** जयनगर रोड स्थित भारती क्लासेज के 22 विद्यार्थियों ने बारहवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान लाकर जिले का नाम रौशन किया। परीक्षा में कुल 22 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमें सभी प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोचिंग के संचालक अमित कुमार भारती ने विद्यार्थियो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमारे संस्थान के सभी 22 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान लाकर शत प्रतिशत परिणाम हासिल किया, जो हमारे लिए गर्व की बात है। साथ ही कहा कि शिक्षक दिवस के दिन चार सौ से ज्यादा अंक लाने वाले सभी विद्यार्थियों को संस्था की ओर से सम्मानित किया जायेगा।

# नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

### स्प्रिट व शराब बनाने वाली सामग्री के साथ एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कान्हाचट्टी।** पुलिस ने बुधवार को राजपुर गांव के बसरिया टांड टोला में छापेमारी कर अवैध शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। यहां घर के भीतर कच्चा स्पिरिट व कैरेमल का प्रयोग करते हुए नकली शराब बनाई जाती थी। फर्जी रैपर, क्यूआर कोड लगाकर पैकिंग करके उसको बेच देते थे। पुलिस ने एक अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक घर से 40 लीटर कच्चा स्प्रिट, 449 खाली बोटल, बड़ी मात्रा में अवैध शराब बनाने वाली उपकरण, रैपर, ढक्कन सहित कई अन्य चीज बरामद किया है। राजपुर थाना परिसर में गुरुवार को थाना प्रभारी ने ऑपरेशन प्रहार के तहत की गई कार्रवाई के संबंध में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदय को गुप्त सूचना मिली थी कि राजपुर गांव के बसरिया टोला निवासी अभिषेक कुमार दांगी अपने घर में नकली शराब बनाता है इसे विभिन्न विदेशी शराब कंपनियों के बोतल में पैक



कर जगह-जगह सप्लाई कर रहा है। सूचना के आलोक में इस पर पुलिस ने गांव में छापा मारा तो अभिषेक कुमार अपने मकान में अवैध शराब बनाने तथा पैकिग करने के काम में लगे हुए थे। पुलिस ने उसे शराब बनाने वाली उपकरण के साथ दबोच लिया और थाना ले आई,पकड़े गए आरोपी के उपर संगीन धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है। थाना क्षेत्र में शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ होने व पुलिसिया कार्यवाही से शराब व अफीम माफियाओं में हड़कंप मचा हुवा है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी के साथ सहायक अवर निरीक्षक शिव प्रसाद साह व थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# एसपी ने किया मरकच्चो थाना का औचक निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने गुरुवार को मरकच्चो थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने में दर्ज मामलों के निष्पादन एवं कांड के आरोपी बनाए गए लोगों पर अब तक की गई कारवाई के संबंध में थाना प्रभारी से जानकारी ली, साथ ही अभिलेखों का निरीक्षण कर कांडों के निष्पादन की हकीकत हो जाना। वहीं उन्होने थाना प्रभारी को गंभीर मामलों में दर्ज कराए गए कांडों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ससमय आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के अलावा नामजद लोगों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

साथ ही उन्होंने थाना में आने जाने वाले फरीयादों से मित्रता पूर्वक बर्ताव करते हुए उनके मामलों को गंभीरता से लेने की बात कही। वहीं उन्होंने थाना भवन का भी जायजा लिया। मौके पर इंस्पेक्टर अवधेश सिंह, थाना प्रभारी लव कुमार, एसआई उत्तम कुमार बैध, एएसआई एसएन मिश्रा, दयाराम सिंह, एएसआई लक्ष्मण गोप, लालबहादुर आदि मौजूद थे।

# इंटरसिटी एक्सप्रेस के चपेट में आने से एक युवक व एक महिला की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा-गया रेलखंड के कोडरमा स्टेशन पर गुरुवार की सुबह करीब 8:10बजे धनबाद-देहरी ऑन सोन इंटरसिटी एक्सप्रेस से गिरकर एक युवक और महिला गंभीर रूप से घायलों हो गये। मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन धनबाद की तरफ से कोडरमा स्टेशन पर पहुंची और ट्रेन की स्पीड कम हो रही थी, इस दौरान ट्रेन में सवार महिला ग्राम टिकर जिला चतरा निवासी 34 वर्षीय ममता देवी पति अजय कुमार सिंह चलती ट्रेन से नीचे उतर गई। जिसके बाद महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में चली गई। महिला को गिरता देख ट्रेन पर सवार ग्राम हीरोडीह थाना जयनगर निवासी 23 वर्षीय दिनेश कुमार पिता सुभाष चन्द्र यादव महिला को



बचाने के लिए चलती ट्रेन से उतर गया। इस दौरान वह भी ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना में युवक और महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने दोनों घायलों को तत्काल एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। जिसके बाद दोनों शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**युवक के शव आया गांव, पसरा मातम :** जयनगर थाना क्षेत्र के हीरोडीह निवासी 23 वर्षीय दिनेश यादव पिता सुभाष चंद्र यादव की रेल हादसे में गुरुवार को मौत हो गई।

युवक का शव गांव पहुंचते पूरा गांव गमगीन हो गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। युवा का चयन रेल ग्रुप डी में हुआ था। जून माह में ज्वाइन करना था, लेकिन रेलवे में ज्वाइन करने के पहले रेल हादसे में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने घर जाकर परिजनों से मिले और ढांढस बंधाए एवं शव यात्रा में भी शामिल हुवे।

# जमीन विवाद मामले में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलवरिया पंचायत के ग्राम बीघा में विगत 5 मई को हुई जमीनी विवाद (खुनी संघर्ष) के मामले में घायल हुई महिला की रिम्स में इलाज के दौरान बुधवार मौत हो गयी। जहां गुस्साए ग्रामीणों ने फरार अभियुक्त को गिरफ्तारी की मांग करते हुए विपक्षीयों द्वारा किए गए मुकदमा को हटाने की मांग करते हुए पुरनाडीह चौक स्थित कोडरमा-गिरिडीह मुख्य सड़क गुरुवार की सुबह को लगभग दो घंटा जाम कर दिया। जिससे वाहनों की दोनों तरफ लम्बी कतार लग गयी और आवागमन में रहगिरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हलाकि सड़क जाम की सूचना मिलते हीं जिप अध्यक्ष रामधन यादव, नवलशाही थाना प्रभारी अनिल सिंह व फुलवरिया मुखिया संजय मेहता द्वारा परिजनों को आश्वासन देते हुए कहा की आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा व विपक्ष द्वारा किए गए मुकदमा को हटा देने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद सड़क जाम हटाया गया। ज्ञात हो की विगत 5 मई को जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी, जिसमें यमुना मेहता, पिता स्व. हेमा मेहता ने नवलशाही थाना में आवेदन भी दिया था। आवेदन में कहा गया था की पप्पू मेहता पिता मनोज मेहता ने दर्शनी देवी पति यमुना मेहता को हाथोड़ा से मार कर घायल कर दिया है, जिसके बाद ईलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों द्वारा घायल महिला को गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया था, जहां उसकी 25 दिन बाद मौत हो गई।

# डीटीओ ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना चेकपोस्ट पर वरीय पदाधिकार के निर्देश पर डीटीओ भगीरथ प्रसाद एवं एएसआई त्रिवेणी बास्की के नेतृत्व में थाना मोड़ के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर गुजरने वाले दर्जनों दोपहिया व चारपहिया वाहनों को रुकवा कर वाहनों की जांच की गई। जांच अभियान में उक्त मार्ग पर गुजरने वाले सभी दोपहिया व चार पहिया वाहनों के जांच से संबंधित आवश्यक कागजात, हेल्मेट, ट्रिपल लोड़, सीट बेल्ट, ड्राविंग लाइसेंस आदि की गहनता से जांच की गई। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना लाईसेंस, बिना सिटबेल्ट, प्रदूषण, फिटनस का कुल बीस वाहन का चलान काटा गया। जिसमें 43 हजार पांच सौ रूपये का चलान काटा गया। मौके पर संत कुमार पांडेय, जितेंद्र उरांव, जैफ एवं जेएमपी के जवान मौजूद थे।

# मुकदमा दर्ज करने के विरोध मे थाना घेरा

### जिप सदस्य के पति समेत 11 लोगों पर दर्ज हुई थी प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** दलितों के साथ मारपीट तथा घरों में तोड़फोड़ करने से संबंधित मामला दर्द होने के पश्चात इटखोरी की जिला परिषद सदस्य सरिता देवी के पति भरत साव के समर्थक स्थानीय प्रशासन के विरुद्ध गोलबंद हो गए हैं। गुरुवार को जिप सदस्य के पति के समर्थकों ने इटखोरी के अंचल कार्यालय तथा थाना का घेराव किया। इस दौरान नेता के समर्थकों ने अंचल अधिकारी तथा थाना प्रभारी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की। मालूम हो कि बीते 29 मई को प्रखंड के ग्राम मलकपुर में दलित समुदाय के लोगों के साथ मारपीट तथा उनके घरों में तोड़फोड़ की घटना को लेकर स्थानीय थाना में जिला परिषद सदस्य सरिता देवी के पति भरत साव समेत 11 लोगों के विरुद्ध भादवि की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।



इस प्राथमिकी के विरोध में गुरुवार को जिप सदस्य के प्रति के समर्थकों ने स्थानीय प्रशासन की कार्रवाई के विरुद्ध कड़ा विरोध जताया। समर्थकों ने पहले अंचल कार्यालय इसके बाद थाना का घेराव किया। जिप सदस्य के प्रति के समर्थकों का कहना है कि अंचल अधिकारी तथा थाना प्रभारी ने दुर्भावना से ग्रसित होकर प्राथमिकी दर्ज की है। इधर थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि मलकपुर गांव में दलित समुदाय के लोग बंदोबस्त की हुई जमीन में अपना घर बना रहे थे। इसी दौरान प्राथमिकी के अभियुक्तों ने निर्माण स्थल पर जाकर दलित समुदाय के लोगों के साथ मारपीट की तथा एस्बेस्टस सेट को उखाड़ कर फेंक दिया। लिखित शिकायत मिलने के पश्चात भारत साव समेत 11 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# मुआवजा को लेकर किसानों का धरना नौवें दिन भी जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड के इचाक खुर्द गांव के रैयत का धरना नौवें दिन गुरुवार को भी जारी रहा। प्रभावित किसान गांव से होकर गुजर रही शिवपुर कठौतिया न्यू बीजी रेल लाइन में जा रही जमीन की मुआवजा भुगतान की मांग को धरना पर बैठे है। यह धरना भाकपा अंचल परिषद के नेतृत्व में शिवपुर कठौतिया रेल लाइन किसान संघर्ष समिति के द्वारा किया जा रहा है। धरना पर बैठे रैयत किसान गैर मजरूआ खास बंदोबस्त, भूदान जमीन को रैयती मान्यता देते हुए मुआवजा भुगतान करने, मकान और संरचना का सर्वे कर भुगतान करने की मांग कर रहे है। धरना स्थल पर बैठे किसानों का दिन प्रतिदिन प्रशासन के वादा खिलाफी



के खिलाफ जन आक्रोश बढ़ रहा है। किसान उग्र होते जा रहे है और जन आंदोलन के मूड बना रहे है। सभी रैयत किसानों ने अपनी अपनी जमीन पर लाल झंडा गाड़ दिया है। नौवा दिन गुजरने के बाद भी प्रशासन और रेलवे कर्मी किसानों से उनकी मांग पर वार्ता करने नही पहुंचे। जिससे किसानों में भारी रोष है। रैयत किसान मोती दांगी, नरेश कुशवाहा, अर्जुन कुमार और गेंदों राणा ने कहा कि जमीन छीनने नही देंगे, चाहे इसके लिए कुछ भी करना पड़ेगा। जमीन की मुआवजा के लिए लड़ाई चल रही है और यह लगातार चलता रहेगा। बिना मुआवजा दिए जमीन को छूने नही देंगे। प्रभावित रैयतों ने कहा कि प्रशासन व रेलवे विभाग द्वारा जब तक जमीन का उचित मुआवज का भुगतान नहीं किया जाता है, तब तक शांतिपूर्ण धरना चलता रहेगा। भाकपा अंचल मंत्री गयानाथ पांडेय ने कहा कि तीन जून को धरना स्थल पर जन आक्रोश महासभा का आयोजन किया गया। इस महासभा में पार्टी के केंद्रीय सदस्य सह पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिलामंत्री बनवारी साव और जिप सदस्य देवनन्दन साहू शामिल होने और सभा को संबोधित करेंगे। वही धरना में गिद्धौर के दुवारी, पत्थलगड्डा के कुब्बा और सिमरिया प्रखंड के धवैया, मंझली टांड़ व मुरवे के प्रभावित किसान शामिल हुए। धरना स्थल शंकर दांगी, नर्मदेश्वर सिंह, तुलसी महतो, सरयू दांगी, नारायण दांगी, राजेंद्र दांगी, गणेश दांगी, नंदेश्वर दांगी, गेंदों राणा, अशोक सिंह, कामेश्वर दांगी, संजय सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, कयूम मियां, राजू दांगी, शिवकुमार दांगी, मिथुन राणा, बिरेंद्र राणा,बीरबल राणा, जहुर मियां, जैनुल मियां, इजहार मियां, मो शमशेर, सोना महतो, प्रयाग दांगी, महेंद्र वर्मा, प्रीतम दांगी, मुकेश दांगी, पुरन दांगी, नारो राणा, सकेंद्र राम, चांदो प्रसाद, मुंशी सिंह, प्रयाग दांगी, सुकर राणा, राजकुमार, कामेश्वर दांगी, दशरथ भुइयां, तालेश्वर दांगी, संजय दांगी, अरविंद दांगी, संतोष दांगी, महेश उरांव सहित कई किसान उपस्थित थे।

एक नजर में

## नागपुर से भीलमा पहुंचा दिनेश का शव



शव को ले जाते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बलियारी पंचायत के भीलमा गांव निवासी दिनेश पाल के 20 वर्षीय पुत्र उपेंद्र पाल का शव गुरुवार को उसके घर पहुंचा। गांव में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। उपेन्द्र की मौत 30 मई को इलाज के दौरान नागपुर स्थित एक अस्पताल में हो गयी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह महाराष्ट्र के चंद्रपुर में मजदूरी करने गया था। जहां अज्ञात बीमारी के संक्रमण में उसके पैर में सूजन हो गया। इलाज भी हुआ, किन्तु स्वस्थ नहीं हो सका। तब वह अपना घर आ रहा था। वह नागपुर पहुंचा ही था कि उसकी तबियत अत्यधिक खराब हो गई। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहां से उसका शव पैतृक आवास पर पहुंचना भी मुश्किल हो गया, चुकी वह अत्यंत निर्धन परिवार से था। उसके गांव में ग्रामीणों ने सहयोग के रूप में अपने सामर्थ्य के अनुसार चंदा एकत्रित किया। तब शव को गुरुवार की सुबह में एम्बुलेंस से घर पर लाया गया। शव पहुंचने सूचना पाकर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ लग गई। परिजन दहाड़ मार-मार कर रोने लगे। बता दें कि उपेन्द्र ही अपने घर मे एक कमाऊ युवक था, जो अपने पूरे परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक का अंतिम संस्कार सोन नदी के तट पर कर दिया गया।

## डीसी की अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में झारखंड राज्य फसल राहत योजना से संबंधित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक गई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा लाभुकों से कुल प्राप्त आवेदन 61254 को रखा गया इसमें जिला स्तरीय समन्वय समिति के द्वारा कुल 24314 आवेदन को सर्वसम्मति से किसानों को लाभान्वित करने हेतु अनुमोदित किया गया।

इसमें चतरा प्रखंड के 8 पंचायत गिद्धौर के 6 पंचायत पत्थलगड्डा के 5 पंचायत हंटरगंज के 28 पंचायत प्रतापपुर के 18 कुंदा के 5 एवं लावालौंग के 8 पंचायत के किसान भाइयों को लाभान्वित किया जा रहा है। वहीं सहकारिता पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की किसानों के 30% से 50% तक फसल क्षति होने पर 3000 रुपया एवं 50% से अधिक क्षति होने पर 4000 रुपया दिया जाएगा। बैठक में उपायुक्त द्वारा सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि जो भी योग्य लाभुकों के आवेदन को आज अनुमोदित किया गया है। उसे जल्द से जल्द नोडल पदाधिकारी झारखंड रांची के लॉगिन में भेंजे जिससे सभी योग्य लाभुकों को झारखंड राज्य फसल राहत योजना से लाभान्वित किया जा सके। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## नवजात बच्ची को दूसरी महिला के पास छोड़कर अस्पताल से फरार हुई मां

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर/गढ़वा।** कहते हैं कि मां की ममता और पिता की क्षमता का कभी अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। परंतु आज एक मां की निर्दयिता इस कदर सामने आई है कि इसका भी अंदाजा लगाना समझ से परे है। एक मां अपनी करीब 20 दिन की नवजात बच्ची को दूसरी महिला को सौंप कर अस्पताल से फरार हो गई। यह घटना गढ़वा जिला अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर की है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के कवलदाग ग्राम निवासी शिवनाथ पासवान की पत्नी कुंती देवी अपनी पतोहू को लेकर सीएचसी भवनाथपुर में प्रसव कराने आई थी। इस दौरान एक महिला ने अपनी नवजात बच्ची को कुंती देवी को सौंप कर बोली कि इसे थोड़ी देर संभालिए। मैं फ्रेश होकर आ रही हूं। कुंती देवी नवजात बच्ची



नवजात बच्ची पकड़ी हुई दूसरी महिला

को लेकर बैठी रही। उस बच्ची की मां के इंतजार में करीब पांच घंटे बीत गए। फिर भी बच्ची की मां नहीं आई।

तब कुंती ने इसकी सूचना अस्पताल कर्मियों को दी। इसके बाद अस्पताल के चिकित्सक ने भवनाथपुर पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय एवं सहदेव साह ने उक्त बच्ची को बरामद कर स्वास्थ जांच कराया। तत्पश्चात स्वस्थ हालत में उक्त नवजात बच्ची को भवनाथपुर क्षेत्र के बाल कल्याण समिति के सदस्य रॉबर्ट कच्छप को सौंप दिया गया।

## निर्जला एकादशी पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय समेत विभिन्न गांवों के मंदिरों में निर्जला एकादशी पर बुधवार की अहले सुबह से ही पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। वहीं प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर में महिला व पुरूष श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु को जल के साथ प्रसाद भी चढ़ाया। बताते चलें कि निर्जला एकादशी पर विशेष रूप से भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से पूरे साल के एकादशी का फल मिल जाता है। बुधवार होने से भगवान विष्णु के साथ ही भगवान गणेश की पूजा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है, इस दिन दान भी करने का विधान है, नमक दान भी किया जाता है। निर्जला एकादशी को लेकर बुधवार की रात्रि प्रखंड के दुर्गा मंदिर समेत प्रखण्ड के विभिन्न गांवों के मंदिरों में रात को निर्जला एकादशी व्रतियों ने विष्णु भगवान की कथा सुनी। वहीं पंडितों ने श्रद्धालुओं को निर्जला एकादशी पर पाठ सुनाया और महत्ता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान कई जगहों पर भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया गया। इसमें खासकर महिला श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## स्पीड न्यूज

### बालूमाथ कन्या मध्य विद्यालय में होगा नये भवन का निर्माण

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकृत कन्या मध्य विद्यालय परिसर में पठन-पाठन के लिए डीएमएफटी फंड से नए कमरे का निर्माण कराया जाएगा। इसको लेकर विद्यालय परिसर में जर्जर हो चुके भवन को गुरुवार को बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम सीआई मुनेश्वर गंझु की उपस्थिति में ध्वस्त किया गया। नए कमरे का निर्माण हो जाने से विद्यालय को बच्चों को सहूलियत होगी क्योंकि विद्यालय में अधिक बच्चे नामांकित है और कमरा का अभाव के कारण बच्चों को पठन-पाठन में परेशानी होती है।

### बालू ग्राम में आयुष स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**बालूमाथ।** लातेहार जिला आयुष पदाधिकारी डॉक्टर एस एन तिवारी के निर्देश पर गुरुवार को प्रखंड अंतर्गत बालू ग्राम में आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर सैकड़ों रोगीयों का नि:शुल्क उपचार किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए बालूमाथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेश राम ने बताया कि जिला आयुष चिकित्सक पदाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य टीम गठित कर बालू ग्राम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 130 रोगियों का नि:शुल्क ईलाज के साथ ही साथ उनसभी रोगियों को नि:शुल्क दवा भी दी गई। आयुष चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने बताया कि शिविर में अधिकांश रोगियों का जोड़ों का दर्द, कमर का दर्द, गठिया के रोगी अधिक पाए गए। जिन्हें दवा के साथ साथ परहेज करने की सलाह दी गई। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के डॉ. रवि रंजन कुमार, डॉ. आलोक, डॉ. नीरज कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### आंधी में जल मीनार का सोलर प्लेट उड़ा, पेयजल आपूर्ति बाधित

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में तेज आंधी तूफान के साथ हुई वज्रपात के दौरान प्रखंड के चितरपुर ग्राम अंतर्गत बंगाली टोला में लाखों रुपए की लागत से लगाई गई। सोलर जल मीनार की दो सोलर प्लेट उड़ कर क्षतिग्रस्त हो गया। जिस कारण बंगाली टोला में पेयजल की समस्या उत्पन्न खड़ी हो गई है। ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि जल मीनार का निर्माण कुछ माह पूर्व ही सरकारी कोष किया गया था। लेकिन सही तरीके से सामग्रियों को नहीं लगाए जाने के कारण तेज आंधी तूफान से सोलर प्लेट उड़कर जमीन में गिर क्षतिग्रस्त हो गया और पेयजल आपूर्ति बाधित हो गया। जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से बनवाने की मांग की है।

### वज्रपात से मृत महिला के परिजनों को भाजपा ने की सहायता


50 किलो चावल सहयोग करते भाजपा कार्यकर्ता।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के ईचाक ग्राम में बीते सोमवार को ब्राजपात की चपेट में आने से सोहरी देवी 50 वर्ष पति बिगन गंझू की मौत हो गयी थी। जिसके बाद गुरुवार को भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लछ्मण कुशवाहा ने अपने सहयोगियों के साथ पीड़ित परिवार के घर जाकर मुलाकात की और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। मौके पर बोलते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष लछ्मन कुशवाहा ने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दें। भाजपा प्रखंड परिवार फिलहाल अपनी ओर से 50 किलो चावल सहयोग कर रहा है। आगे जब भी पीड़ित परिवार की मदद की जरूरत होगी उसके लिए वे प्रयास करेंगे। मौके पर एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, मुखिया पति बशुदेव उरांव, नीरज सिन्हा, रघुनंदन सोनी, विनोद यादव, अशोक यादव, मुरारी गंझू, देवलाल भगत, बिरेन्द्र गंझू, अवधेश साव, कारू लोहरा समेत कई लोग उपस्थित थे।

### उपायुक्त के निर्देश पर मृतक मजदूर संजय राम के घर पहुंचे बीडीओ


मृतक के परिजनों से बातचीत करते बीडीओ।

- मृतक की पत्नी को पेंशन और अंबेडकर आवास का दिया लाभ
- बीडीओ ने पीड़ित परिवार को दी आर्थिक मदद व पचास किलो चावल

**बरवाडीह।** धनबाद-गया रेलखंड पर मजदूरी का कार्य कर रहे बरवाडीह प्रखण्ड के मोरवाई पंचायत निवासी मजदूर संजय राम की कार्य के दौरान हुए एक हादसे में मौत के बाद जहां बुधवार को परिजनों के द्वारा उसके शव का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं गुरुवार को जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर बरवाडीह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने मृतक मजदूर संजय राम के घर पहुंच कर उनकी पत्नी पूर्णिमा देवी को अंबेडकर आवास और विधवा पेंशन का लाभ दिया। इस दौरान बीडीओ श्री सहाय ने इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के प्रति सहानुभूति जताई और उन्हें प्रखण्ड प्रशासन की ओर से आर्थिक मदद देने के साथ पचास किलो चावल भी प्रदान किया। बीडीओ ने कहा कि इस दुखद घटना के बाद इस गरीब परिवार की पूरी दुनिया ही उजड़ गई हैं। ऐसे में जिला उपायुक्त के निर्देश पर पेंशन और आवास जैसी महत्त्वपूर्ण योजनाएं परिवार को उपलब्ध करा दी गई हैं, आगे भी प्रखण्ड प्रशासन पीड़ित परिवार की मदद करने का काम करेगा। मौके पर पंचायत के मुखिया आशीष सिंह सहित प्रखंड और अंचल के कई कर्मी मौजूद थे।

# चंदवा के सीतटांड़ गांव में घरेलू कलह में दंपति ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत माल्हन पंचायत अंतर्गत सीतटांड़ गांव में घरेलू कलह के कारण आवेश में आकर नव विवाहित प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक की पहचान सुनील गंझू (21) पिता गोवर्धन गंझू व रीना कुमारी (18) (दोनो पति-पत्नी) के रूप में हुई। परिजनों के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार के निर्देशन में पुअनि नारायण यादव की अगुवाई में चंदवा पुलिस दोनो शव को कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई व अन्त:परिक्षण के बाद शव को परिजनों को सौप दिया, जिसके बाद गमगीन माहौल के बीच परिजनों ने दोनो का अंतिम संस्कार एक साथ किया, जहां दोनो नवविवाहित प्रेमी जोड़ी की चिता एक साथ जली। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि मृतक सुनील गंझू का प्रेम विवाह माल्हन के नवाटोली की रीना कुमारी के साथ महज एक माह पूर्व ही हुआ था। शादी के महज कुछ दिन के बाद ही दोनो के बीच कलह होने लगा, रीना कुमारी को शक था कि सुनील गंझू का प्रेम प्रसंग कहीं और भी चल रहा है। इसी बात को लेकर दोनो के बीच अक्सर कलह होने लगी। बुधवार को भी किसी बात को लेकर दोनो के बीच कलह हो रहा था, गुरुवार को जब दोनो के कमरे का दरवाजा नही खुला तो परिजन व आसपास के लोग घर में प्रवेश किये तो दोनो का शव फांसी के फंदे में झूल रहा था। जिसके बाद दोनो पति पत्नी को फंदे से उतारा गया व पुलिस को इसकी सूचना दी गयी।

## दो दिन पूर्व ही मृतक के भाई ने भी फांसी लगाकर दे दी थी जान

ग्रामीण सुत्रो ने बताया कि घरेलू कलह में हीं मृतक सुनील गंझू का भाई जयपाल गंझू ने भी दो दिन पूर्व हीं फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। जिसका अंतिम संस्कार परिवार वालो से गुपचुप तरिके से कर दिया था। जयपाल की चिता की आग ठंडी भी नहीं हुयी थी कि इधर सुनील गंझू व रीना ने भी फांसी लागाकर जान दे दी। हलांकि किस कलह के कारण तीन लोगो ने जान दे दी है, इसका खुलासा नहीं पो पाया था। इधर नवविवाहित प्रेमी जोडा सहित एक हीं परिवार के तीन लोगो के इस कदम के बाद ग्रामीण शकते में हैंँ।


सुनील गंझू।

- दो दिन के अंदर एक ही परिवार के तीन लोगों ने दे दी जान
- एक माह पूर्व ही दोनों ने किया था प्रेम विवाह, पत्नी को पति पर था शक


रीना कुमारी।

### सेविका चयन में अनियमितता का आरोप, जांच की मांग

- मेरिट को अनदेखा करते हुए मनमाने ढंग से किया जा रहा था चुनाव, ग्रामीणों ने किया हंगामा

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के मोरवाईं कला पंचायत अंतर्गत मंडल बाजार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बुधवार को सीडीपीओ और प्रयवेक्षिका पर आंगनबाड़ी सेविका का गलत तरीके से चयन कराने का आरोप पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों ने लगाया है, और खबर मंत्र के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय को जानकारी देते हुए मामले की जांच कराते हुए उचित कारवाई की मांग की हैं। जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार को सीडीपीओ, मुखिया, सरपंच, अध्यापक और एएनएम की उपस्थिति में सेविका का चुनाव कराया जा रहा था। लेकिन पोषक क्षेत्र में कई महिलाओं के पास बीए और एमए की योग्यता होने के बावजूद सीडीपीओ के द्वारा इंटर केंडीडेंट को निर्वाचित किया जा रहा था। जिसका विरोध पोषक क्षेत्र के ग्रामीण कर रहे थे। लेकिन सीडीपीओ, सबकी बातो को अनसुना करते हुए इंटर कैंडिडेट का आवेदन लेकर चली गई। आम सभा के उपस्थित संतोष कुमार, दिलीप कुमार, पवन सिंह, हीरा कुंवर, शोभा देवी, चंचला देवी, कुंती देवी, गीता सिंह, चंद्रवती देवी, राशि देवी, संतोष गुप्ता, रामसुंदर सिंह, संजय प्रसाद, सुनीता देवी, रूबी देवी, संजीता देवी, किरण देवी, रामकली देवी, प्रमोद सिंह, महादेव सिंह, सोनी कुमारी, अंसार अहमद, सत्येंद्र प्रसाद, गीता देवी, विकास, मो.काशीम कुरेशी, प्रियंका मिंज और कृष्ण देव शर्मा सहित अन्य कई ग्रामीणों ने इस चुनाव को रद्द करते हुए दुबारा चुनाव कराने की मांग बीडीओ राकेश सहाय से की हैं।

## लाइफलाइन एक्सप्रेस के तहत आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

- लाइफलाइन एक्सप्रेस ऑपरेशन/सर्जरी करने वाले चिकित्सकों की टीम को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**


निरीक्षण करते डीसी व अन्य अधिकारी।

**चंदवा।** इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन के सौजन्य से लाइफलाइन एक्सप्रेस हॉस्पिटल ट्रेन के 231 वें प्रोजेक्ट के तहत चंदवा के टोरी स्टेशन में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आज उपायुक्त श्री भोर सिंह यादव द्वारा निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा निबंधन काउंटर का निरीक्षण कर मरीजों के निबंधन, आवासन, भोजन, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा सहित संबंधित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर वस्तुस्थिति से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा के परिसर में लगाये गये स्वास्थ्य जाँच शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य जाँच कार्य का जायजा लिए। इसके पश्चात उन्होंने ऑपरेशन/सर्जरी के उपरांत चिकित्सीय देखभाल में रखे गये मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे जानकारी लिया। इस दौरान उपायुक्त ने शिविर में खुद का भी स्वास्थ्य जांच कराया। इसके पश्चात उन्होंने टोरी स्टेशन में लाईफलाइन ट्रेन में मरीजों का ऑपरेशन/सर्जरी करने वाले चिकित्सकों की टीम को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर एसडीओ शेखर कुमार, सीएस दिनेश कुमार, बीडीओ सह सीओ विजय कुमार, सीएचसी प्रभारी एनके पांडेय, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा समेत कई लोग मौजूद थे। 231 वां इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाईफ लाईन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत टोरी रेलवे स्टेशन में 15 मई से 04 जून तक निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी, कान की जांच एवं सर्जरी, मुड़े हुए पैर का परीक्षण एवं सर्जरी (14 साल से नीचे), कटे फटे होंठ की जाँच एवं सर्जरी, दांत की जाँच एवं उपचार स्तन एवं ग्रीवा कैंसर जागरूकता एवं परीक्षण किया जा रहा है। शिविर के अब तक कुल 9,634 लोगों द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया है। जिसमें आँख के जाँच के लिए 6427 लोगों ने रजिस्ट्रेशन किया। 225 लोगों की मोतियाबिंद की सर्जरी की गई तथा जांच के उपरांत 750 लोगों को चश्मा दिया गया है। कटेझफटे ओठ की सर्जरी 14, ऑर्थोपेडिक की 80, कान की 51 सर्जरी एवं 48 लोगों के दांत की जांच एवं उपचार की गई है।

## झामुमो जिला समिति की बैठक में संगठन विस्तार सदस्यता अभियान एवं विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य करें: लाल मोती नाथ शाहदेव

### हमारी पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान के लिए जी-जान लगा देगी : बैद्यनाथ राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बैठक में उपस्थित विधायक, जिला अध्यक्ष व अन्य।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित बजरंग होटल में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन जिला सचिव मो. शमशूल होदा ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लातेहार विधानसभा के विधायक बैद्यनाथ राम उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी का संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान एवं विभिन्न मंच मोर्चा के के लिए गठन करना है। इस बैठक में पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य, जिला समिति के पदाधिकारी एवं विभिन्न प्रखंडों से आए हुए प्रखंड अध्यक्ष के साथ-साथ सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य करें। साथ ही पार्टी में नए सदस्यों को जोड़ने का कार्य करें। बैठक में विभिन्न मंच मोर्चा के गठन के बारे में भी सभी कार्यकर्ताओं से चर्चा परिचर्चा की गई।

लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की कार्यकर्ता जोर शोर से लग जाएं, मैं और हमारी पार्टी आम जनता के साथ-साथ अपने कार्यकताओं के मान सम्मान के लिए जी जान लगा देगी। कार्यकर्ता क्षेत्र में जाकर सरकार के द्वारा किए जा रहे कार्यो का लाभ आम जनता को दिलाएं। उन्होंने यह भी कहा कि ज्यादा से ज्यादा युवाओं, महिलाओं एवं अन्य को पार्टी की सदस्यता दिला कर झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़ने का कार्य करें। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं जितने ज्यादा से ज्यादा लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार के साथ जुड़ेंगे उतना ही हमारी पार्टी तेजी से बढ़ेगा। बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न प्रखंडों में सदस्यता अभियान चलाने के लिए झामुमो जिला समिति लातेहार द्वारा प्रखंड प्रभारियों की नियुक्ति की गई।

### नियुक्त सदस्यता अभियान प्रभारी

चंदवा प्रखंड से पपन खान, सितमोहन मुंडा, मनोज चौधरी, लातेहार प्रखंड से मो. शमसुल होदा, माणिक गंझू, गोपाल सिंह, बालूमाथ प्रखंड नागदेव उरांव, मो. इमरान, बारियातू प्रखंड प्रभात कुमार, प्रदीप गंझू, हेरहंज प्रखंड से चंद्रदेव उरांव, चंचला देवी, उपेन्द्र यादव, गारू सह सरयू प्रखंड से बुद्धेश्वर उरांव, जीरा देवी, मनिका प्रखंड से अरुण दुबे, इंद्रदेव उरांव, बासुदेव यादव, बरवाडीह प्रखंड से अरुण सिंह, दीपू सिन्हा, महुआडांड़ प्रखंड से मो. मुस्तकीम, अनिल मनोहर, पॉल एक्का को नियुक्त किया गया है। प्रखंड प्रभारियों की देखरेख में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। लातेहार जिले में दो से ढाई लाख नए सदस्य जोड़े जाएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, पपन खान, मुस्तकीम खान, मनोज चौधरी, सीतमोहन मुंडा, शुभम गिरि, उपेन्द्र यादव, गोपाल सिंह, वासुदेव यादव, सुदामा प्रसाद गुप्ता, मानिक गंझू, जिला परिषद् सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, वारिश अंसारी, निर्मला उरांव, अनिता देवी, ममता देवी, सुनैना कुमारी, मो. इमरान, रेखा देवी, पॉल एक्का, प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव राजेन्द्र गंझू, रामवृक्ष गंझू, तौकीर मियां राजेश यादव, रंजीत उरांव, प्रदीप गंझू, मो. एहसान अंसारी, मो. परवेज, मो. शमशुल, सदाम अंसारी इत्यादि अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## चंदवा पुलिस ने अभिजीत प्लांट से चोरी का स्क्रैप लोड पिकअप सहित एक चोर को दबोचा, एक फरार

# 3 टन स्क्रैप लदा पिकअप जब्त, टोरी रेलवे फाटक के पास से हुई गिरफ्तारी

- गिरफ्तार भरत गंझू ने पुलिस के समक्ष किया है कई खुलासा, फरार चालक पंकज जायसवाल की गिरफ्तारी को लेकर अभियान तेज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा के चकला स्थित अभिजीत प्लांट से हो रहे लोहा चोरी पर रोकथाम को लेकर एसपी अंजनी अंजन के निदेशन में पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने प्लांट से चोरी किये गए स्क्रैप से भरा पिकअप के साथ एक चोर भरत उरांव पिता चोरिया उरांव (दामोदर चंदवा) को टोरी रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया। वहीं पिकअप का चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। गिरफ्तार भरत उरांव ने फरार चालक के सम्बंध में पूछे जाने पर उसका पहचान पंकज जायसवाल (कुजरी चंदवा) के रूप में दिया। पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अभिजीत प्लांट से स्क्रैप चोरी कर इक्कठा किया जाता है व जमा होने के बाद उसे पिकअप व ओमनी में लोड कर बालूमाथ, चंदवा, कुडू व लोहरदगा ले जाया जाता है। गुरुवार को भी पिकअप जेएच 01जे/2732 में लोहा लोडकर ले जाए जाने की सूचना मिली। सूचना के आलोक में टीम गठित कर चकला के अभिजीत प्लांट के समीप से छापामारी अभियान की शुरूआत की गई। इसी क्रम में सूचना मिली कि एक पिकअप सदाबर बस्ती के पास से लोहा लोड कर एक पिकअप चंदवा की ओर आ रहा है। सूचना के आलोक टीम द्वारा में वाहन का पीछा कर टोरी रेलवे फाटक के पास पकड़ लिया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरफ्तार भरत उरांव ने पुलिस के समक्ष कई खुलासे किए हैं, जिसे गुप्त रखते हुए पुलिस जांच पड़ताल तेज कर दिया है। बता दें कि बरामद पिकइप में लगभग 3 टन स्क्रैप लोड था। जिसे जब्त किया गया है। अभियान में पुअनि जमील अंसारी, नारायण यादव व सैट 202 के जवान शामिल थे। बता दें कि अभिजीत प्लांट के दिवालिया घोषित होने के बाद बैंक के कर्ज भुगतान को लेकर एनसीएलटी कोर्ट के द्वारा प्लांट को स्क्रैप घोषित कर कई चरणों में प्लांट से स्क्रैप को निलाम कर स्क्रैप कटिंग करायी जा रही है। स्क्रैप कटिंग शुरू होने के बाद सफेदपोश व मफिया स्क्रैप खरीदने वाली कंपनी के साथ सांठ-गांठ के कॉरपोरेट लूट को अंजाम दे रही है। यह आरोप प्लांट के मैन पावर कर्मी कई बार लगा चुके हैं। अब तक करोड़ो रूपये के कीमती संयत्रों को स्क्रैप के नाम ले जाने का आरोप प्लांट के कर्मियों ने लगाया है वहीं इसी बीच स्थानीय स्तर पर भी चोरो के कई गिरोह प्लांट से लोहा को काटकर चोरी कर रहे हैं। विगत एक पखवारा पूर्व काफी हो हंगामा होने के बाद चोरी पर कुछ दिनो के लिए विराम लगा था, लेकिन विगत कुछ दिनो से चोरी पुनः शुरू हो गयी। जिस पर लगाम लगाने के लिए पुलिस के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।


गिरफ्तार अभियुक्त व जानकारी देते अधिकारी।

## एक नजर में

### स्क्रैप चोरी का पदार्फाश करे पुलिस: प्रतुल शाहदेव



**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने लातेहार पुलिस से मांग की है कि वह अभिजीत प्लांट में स्क्रैप की लूट के पूरे षडयंत्र की तह तक पहुंचे। प्रतुल ने कहा की कड़ाई होने के बावजूद भी रोज लोहा चोर पकड़े जा रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की इन चोरों का मनोबल कितना बढ़ गया है। प्रतुल ने कहा की एक बड़ा गिरोह पूरे सिस्टम से इस चोरी में लगा हुआ है। मीडिया में स्क्रैप चोरी की खबर दर्जनों बार छप चुकी है। फिर भी यह चोरी का सिलसिला निरंतर जारी है। प्रतुल ने कहा चंदवा पुलिस आश्चर्यजनक रूप से चोरों को रिमांड में लेकर गहराई से पूछताछ नहीं कर रही। प्रतुल ने कहां की बताया जाता है कि आज जिस भरत उरांव की गिरफ्तारी हुई, अगर उससे गहराई से पूछताछ होती तो कई राज खुलते। ऐसा करने से शायद असली षड्यंत्रकारी और पर्दे के पीछे से चोरी करा रहे सफेदपोशों तक पुलिस पहुंच सकती है। जब तक असली षड्यंत्रकारी नहीं पकड़े जाएंगे तब तक यह चोरी नहीं रुकेगी।

### नशा मुक्त क्षेत्र बनाने को पंचायत समिति सदस्य ने पंचायत स्तरीय बुद्धिजीवियों के साथ की बैठक


बैठक करते ग्रामीण।

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत टोंटी बाजारटांड़ में गुरुवार को पंचायत को नशा मुक्ति बनाने हेतु पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद होजैफा ने पंचायत स्तरीय बुद्धिजीवीयों के साथ बैठक किया। बैठक में संबोधित करते हुए पंसस होजैफा ने कहा कि शराब समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधक है। लोग शराब के कारण स्वयं को और अपने पूरे परिवार की जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। शराब के कारण लोग अपने बच्चों को संसकार, शिक्षा व अच्छा समाज नहीं दे पा रहे हैं। वहीं समाज सेवी धनेश्वर उरांव ने कहा कि शराब के कारण ही पंचायत के कई युवाओं की जान चली गई। शराब दिमक की तरह परिवार को बर्बाद कर देता है। समाजसेवी मो. सालिम ने कहा कि शराब पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए महिलाओं को आगे आना होगा और हर सप्ताह गाँव-गाँव में बैठक कर लोगों को जागरूक करना होगा। बैठक में उपस्थित महिला पुरुषों ने शराब मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प लिया। मौके पर उप मुखिया जितेंद्र कुमार, मनोज उरांव, बिशुन्देव उरांव, नागदेव उरांव, शिला देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### महा भंडारा के साथ दुबे जी के गोला में संपन्न हुआ श्री हनुमान जी का प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम


प्राण प्रतिष्ठा समापन के मौके पर मौजूद श्रद्धालु

**चंदवा।** मेन रोड स्थित दुबे जी के गोला परिसर में नवनिर्मित श्री हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पांचवें दिन गुरुवार को प्रतिमा के स्थापना पूजन, हवन व भंडारा के साथ यज्ञ संपन्न हो गया। इससे पूर्व बुधवार की देर शाम गाजे-बाजे के साथ प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। बुधवार की शाम नवनिर्मित मंदिर परिसर से श्री बजरंगबली की भव्य प्रतिमा निकाली गई जो गोला से निकलकर नेताजी सुभाष चौक स्थित श्री शनिदेव श्री बजरंगबली मंदिर होते पुन: पूरे शहर का भर्मण किया। इस दौरान लोग गाजे-बाजे के साथ जय जयकार करते चल रहे थे। वाराणसी से आए विद्वानों के द्वारा सभी कार्यक्रम संपन्न किए गए। पूजा समिति के अजय वैद्य, संजय दुबे, मनोज दुबे, राजेंद्र यादव, संजीव आजाद, मुकेश दुबे, विकास अग्रवाल, विकास मित्तल समेत अन्य लोग पूरी तन्मयता से पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सिजेंटा इंडिया धान, मक्का बीज कंपनी ने सासंग गांव में किया किसान गोष्ठी का आयोजन


किसान गोष्टी में शामिल किसान व अन्य।

**चंदवा।** सिजेंटा इंडिया प्रा. लि. धान मक्का बीज कंपनी के द्वारा प्रखंड के सासंग (ब्राह्मणी) गांव मे प्रमुख किसानों के बीच किसान गोष्ठी एवं डेमो ट्रायल हेतु बीज वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें लातेहार एवं चंदवा ब्लॉक के लगभग 60 किसानों को कम्पनी की ओर से डेमो ट्रायल के लिए धान एस 4003 और मक्का एनके 7328 बीज वितरित किया गया। जिसमें चतरा और लातेहार जिला के सेल्स ऑफिसर गौरव सिंह ने किसानों को कहा की एस 4003 धान दो नंबर जमीन में अधिक उपज देने वाला धान है एस 4003 के बाली लम्बी एवम घनी होती है और दाने वजनदर होते है जिससे एक एकड जमीन में दूसरे धान के अपेक्षा लगभग 5 किविंटल ज्यादा उपज देती है। वहीं चंदवा और लातेहार के किसानों ने एस4003 धान और मक्का एनके 7328 डेमो ट्रायल हेतु बीज प्राप्त करने के बाद बहुत हीं खुशी जाहीर किये। प्रमुख किसान गोष्ठी में चंदवा ब्लॉक एवं लातेहार ब्लॉक के मार्केटिंग डेवलपमेंट ऑफिसर (एमडीओ) देवसुंदर यादव ने किसानों के बिच धान में लगने वाले मुख्य रोग बीमारी फाल्स स्मर्ट, तना छेदक, बी पी एच, बी एल बी, जैसे लक्षण एवं उसके रोक थाम के बारे में विस्तृत रूप से बताया। इस प्रमुख किसान गोष्ठी में चंदवा प्रखंड के थोक विक्रेता अन्नपूर्णा बीज भंडार के प्रोपराइटर अंकित कुमार एवं लातेहार के थोक विक्रेता राजू प्रसाद के अलावे प्रमुख किसान चंदवा ब्लॉक के योगेंद्र यादव राजेश मुंडा, अवधेश यादव, राजेश यादव, अजीत गंझू, एवं लातेहार ब्लॉक से आए हुए प्रमुख किसान लालमोहन साहू, कृष्णा यादव, विजय यादव, बाबूलाल प्रजापति समेत लगभग 60 किसान उपस्थित थे।

# गोपालगंज सैनिक स्कूल में बड़े घोटाले का खुलासा

## स्कूटी, चोरी की बाइक और ई-रिक्शा से करोड़ों की बालू ढुलाई, जांच जारी

खबर मन्त्र संवाददाता




**गोपालगंज।** गोपालगंज के कुचायकोट प्रखंड के सिपाया में बिहार का दूसरा सैनिक स्कूल बन रहा है। भवन अर्धनिर्मित है। इसके निर्माण में बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने फेज-टू में 27 करोड़ 59 लाख 50 हजार की राशि की स्वीकृति दी, ताकि भवन का अधूरा निर्माण का काम पूरा हो सके और किराए के भवन में चल रहे सैनिक स्कूल को खुद के भवन में शिफ्ट किया जा सके। लेकिन भवन बनने से पहले ही सैनिक स्कूल की ये भवन अनियमितता की भेंट चढ़ गयी और एक करोड़ 75 लाख रुपए का बालू ढुलाई के नाम पर घोटाला कर लिया गया। गोपालगंज के प्रभारी डीएम अभिषेक रंजन के अनुसार, महालेखाकार की ऑडिट टीम ने बिहार स्टेट एजुकेशन इंफ्रास्टेक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के एमडी कार्यालय का ऑडिट किया तो गोपालगंज सैनिक स्कूल के निर्माण में हुए 1.75 करोड़ की फजीर्वाड़ा सामने आया। ऑडिट टीम ने जांच में पाया कि सारण के बजाय मधेपुरा जिला से सफेद बालू खरीदा गया। यही नहीं, जांच के दौरान पता चला कि सफेद बालू को एंबुलेंस ई-रिक्शा, तिपहिया यात्री वाहन, ट्रैक्टर ट्रॉली, स्कूटर, चोरी की मोटर बाइक के माध्यम से ले जाया गया था, वह भी प्रत्येक वाहन से 900 ल सीएफटी बालू को परियोजना स्थल तक ढुलाई की लागत का भुगतान 1 करोड़ङ्क75 लाख का फर्जी चालान पर भुगतान किया गया। भवन निर्माण में स्कूटी, चोरी की बाईक, ई-रिक्शा और ट्रैक्टर-ट्रॉली से 1 करोड़ 75 लाख की सफेद बालू की ढुलाई कर राशि की निकासी करने के मामले में सरकार के आदेश पर इसकी जांच डीएम के स्तर से शुरू हो गयी है। प्रभारी डीएम अभिषेक रंजन ने मामले की जांच सीनियर डिप्टी कलेक्टर राधाकांत और डीटीओ मनोज कुमार रजक को दी है।

## बिहार का एक ऐसा गांव जहां इंटर पास हैं सिर्फ 3 लोग




**गया।** बिहार के सरकारी स्कूलों में बच्चों का ड्रॉपआउट यानी बच्चों के स्कूल छोड़ने के मामले में लगातार वृद्धि देखी गई है। इसे रोकने के लिए शिक्षा विभाग ने कई कदम उठाए हैं। बावजूद सरकारी विद्यालय से ड्रॉपआउट बच्चों के संख्या में कमी नहीं आ रही है। बच्चों के ड्रॉपआउट के मामले को कम करने के लिए शिक्षा विभाग बच्चों के माता-पिता की काउंसलिंग करने की योजना थी लेकिन यह धरातल पर नहीं दिख रहा है। यही वजह है कि पांचवी कक्षा के बाद ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या अधिक है। हम आपको गया जिले के एक ऐसे गांव की कहानी बताने जा रहे हैं जहां इस गांव के सभी बच्चे पांचवी कक्षा की पढ़ाई पूरा करने के बाद ड्रॉप आउट हो जाते हैं।

**पहाड़ों के बीच में बसा भुपनगर गांव, जानें को सड़क नहीं :** जी हां यह पूरी कहानी जिले के आमस प्रखंड क्षेत्र के भुपनगर गांव की है। दरअसल भुपनगर गांव पहाड़ों के बीच में बसा हुआ है और इस गांव में जाने के लिए कोई सड़क नहीं है।

यहां के लोग पथरीली और जंगली रास्ते से होकर स्थानीय बाजार या प्रखंड मुख्यालय आमस पहुंचते हैं। आमस से भुपनगर की दूरी लगभग 7 किलोमीटर है। इस गांव में एक प्राथमिक विद्यालय है जहां पर कक्षा एक से पांचवीं तक के बच्चों की पढ़ाई होती है, लेकिन 5वीं की पढ़ाई पूरा करने के बाद इस गांव के बच्चे आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते।

पांचवी के बाद सिर्फ 8-10 बच्चे ही आगे की पढ़ाई कर सके। इस गांव मे तकरीबन 400 से अधिक लोग हैं। सभी महादलित समुदाय से आते है। गांव में शिक्षा को लेकर कोई जागरुक नही है। पिछले 20 वर्षो में इस गांव के तकरीबन 200 लोगों ने पढ़ाई की, लेकिन पांचवी के बाद सिर्फ 8-10 बच्चे ही आगे की पढ़ाई कर सके। वह भी दूसरे गांव में रहकर।

आज भी यहां कि स्थिति ऐसी है कोई आगे की पढ़ाई नहीं करना चाहता हालांकि शिक्षा विभाग में हुए कुछ बदलाव के बाद अब कुछ बच्चों का नामांकन स्कूल के द्वारा ही अन्य गांव स्कूल के छठी कक्षा में कराया गया है लेकिन बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। अभी तक सिर्फ 3 बच्चे ही इंटर पास।

## पत्रकार सुदाम प्रधान के प्रथम पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के वरिष्ठ पत्रकार सुदाम प्रधान की प्रथम पुण्यतिथि पर गुरुवार को पत्रकारों ने उनक चित्र पर पुष्प आरोपित कर श्रद्धांजलि दी। प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित मानकी मुंडा सभागार में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मौके पर मौजूद वरिष्ठ पत्रकार रामगोपाल जेना ने स्व. सुदाम प्रधान के साथ पूर्व के दिनों में पत्रकारिता के संघर्षों को याद किया। साथ ही अन्य पत्रकारों ने भी सुदाम प्रधान के साथ बिताये गए पलों को साझा किया।

## बाइक के धक्के से भैंस मरी चालक गंभीर, रेफर

**दुमका।** शहर के नगर थाना क्षेत्र के होंडा शोरूम के समीप एक बाइक सवार युवक ने एक भैंस को धक्का मार दिया। घटना बुधवार की देर रात लगभग 2 बजे की है। दुर्घटना में मौके पर ही भैंस की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचीं नगर थाना पुलिस ने गंभीर रूप से घायल बाइक चालक को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जप्त कर कार्रवाई में जुट गई है।

# रात में सड़क पर उतरे दुमका के उपायुक्त

## चार वाहन ओवरलोड और पांच वाहन कागजात के अभाव में किये गये जब्त




जांच करते अधिकारी एवं जप्त वाहन

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** अवैध खनिज संपदा के उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रही है। इसके बाबजूद अवैध खनन और परिवहन धड़ल्ले से जारी है। जिसका नतीजा यह है आये दिन अवैध उत्खनन और परिवहन का मामला सामने आते रहता है। उपराजधानी दुमका जिला की सीमा बिहार और पश्चिम बंगाल से लगती है। प्रशासनिक स्तर से दुमका से अन्य राज्य जाने वाली तमाम रास्तों पर चेक पोस्ट बनाया गया है। सुरक्षाकर्मियों के साथ चेक पोस्ट पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसका काम खनिज संपदा लेकर जा रहे वाहनों की जांच करना है। शायद चेकपोस्ट पर तैनात अधिकारी और कर्मी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारीपूर्वक नहीं कर पा रहे है। तभी तो जिले के डीसी को खुद कमान संभालना पड़ रहा है। बुधवार की रात डीसी रविशंकर शुक्ला, डीटीओ पी बरला और एसएसबी के अधिकारी और जवानों की टीम को लेकर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुहियाजोरी चेक पोस्ट पहुंच गए। रात करीब 11 बजे से डीसी के नेतृत्व में शुरू हुई खनिज संपदा लेकर गुजरने वाली वाहनों की जांच की गई। रात करीब डेढ़ बजे तक लगभग 54 वाहनों की जांच की गई। जिसमें से 5 वाहनों को कागजात के अभाव में जप्त किया गया। जिसमें 4 पर ओवरलोड गिट्टी लदा था। पांचवे ट्रक के चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था।

डीसी ने अवैध रूप से खनिजों के परिवहन को रोक लगाने और ठोस कार्रवाई के लिए डीटीओ और अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया। जप्त वाहनों में जेएच10 एएफ 1119, बीआर 52जी1550, आरजे14 एन 4846, सीजी15 डीजी 9790 है। बिना ड्राइविंग लाइसेंस का वाहन चलाते एक वाहन बीआर 09 जीसी 7779 के चालक को पकड़ा गया। प्रशासनिक स्तर से जब्त सभी 5 वाहनों के चालक और मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जिस क्रशर प्लांट से क्षमता से अधिक वजन में गिट्टी लोड किया गया था। उसकी भी पहचान की जा रही है। ताकि वैसे क्रशर संचालकों के खिलाफ भी जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जा सके। गौर करने वाली बात यह है कि जिले में एक डीसी होते हैं। अवैध कार्यों को रोकने के लिए इनके द्वारा निर्देश जारी किया जाता। निर्देशों को अमली जामा पहनाने के लिए अधिकारियों और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाती है।

## सात के खिलाफ बिजली चोरी की प्राथमिकी, 146,024 रूपया जुमार्ना

**चक्रधरपुर।** झारखंड बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक के निर्देश पर विद्युत विभाग ने चक्रधरपुर पोटका क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान सात लोगों को बिजली चोरी करते पाया गया। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।

## फांसी के फंदे से झूलकर महिला ने की आत्महत्या

**दुमका।** फांसी के फंदे से झूल एक महिला के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोरटंगा रोड की है। जहां बुधवार देर रात विवाहिता मनीषा कुमारी (35), पति के के वर्मा है। जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुबह पति के के वर्मा ने अपनी पत्नी को फांसी के फंदे पर झूलता पाया। पति के आवेदन के आधार पर पुलिस यूडी केस दर्ज कर अनुसंधान में जुट गई है।

## एक नजर में

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जुड़ा मामला लंबित

**मधुबनी।** अगर आपका भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जुड़ा मामला लंबित पड़ा हुआ है तो अब चिंता की कोई बात नहीं है। क्योंकि इन सब मामलों का समाधान आप 5 जून तक करवा सकते हैं। बताया गया कि जिले में भी किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे हैं। लेकिन कई किसान हाल के दिनों में इस योजना का लाभ लेने से वंचित हो गए हैं, दरअसल, मुख्य सचिव की ओर से दिए गए निर्देश के आलोक में डीएम अरविंद कुमार ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के कृषि विभाग के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान लाभुक किसानों का लंबित ईकेवाईसी, लंबित बैंक खाता को एनपीसीआई एवं आधार से लिंक कराने की जानकारी ली गई।

### आईएएस बनकर देश सेवा करना चाहती है ग्रिजली विद्यालय की पलक

**कोडरमा।** सीबीएसई के 10वीं परीक्षा के परिणाम में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कोडरमा जिले की छठी टॉपर ग्रिजली विद्यालय की पलक हिसारिया आगे चलकर आईएएस बन देश सेवा में जाना चाहती है। झुमरीतिलैया के अड्डी बंगला निवासी प्रदीप कुमार हिसारिया और नेहा हिसारिया की पुत्री पलक हिसारिया ने अपनी पढ़ाई तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय से की है। अपनी इस सफलता का श्रेय पलक अपने माता पिता एवं शिक्षकों को देती है। पलक ने अपने सफलता का मूल मंत्र स्वअध्ययन बताया। उसने कक्षा में दिये गये कार्यो को स्वअध्ययन के माध्यम से पूरा किया। पलक के मुताबिक वह प्रतिदिन चार घंटे का स्वअध्ययन करती थी। अगले साल के बोर्ड परीक्षा में शामिल होने बाले छात्रों को वह सन्देश देना चाहती है कि क्लास की नियमित पढ़ाई के आलवे उन्हे स्वअध्ययन पर भी ध्यान देना होगा जो उन्हें सफलता दिलायेगा। पलक हिसारिया ने बताया की ग्रिजली विद्यालय के शिक्षकों ने जो पढ़ाया और जो टिप्स दिये वह बोर्ड परीक्षा में काफी काम आये।

### नवनियुक्त शिक्षकों को उपायुक्त ने दिया प्रशिक्षण

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में नवनियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों (टीजीटी) के लिए चल रहे ग्यारह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में गुरुवार को उपायुक्त आदित्य रंजन शामिल हुए और शिक्षकों को उनके कर्तव्य और दायित्वों का बोध कराते हुए कहा की आपलोगों पर देश के भविष्य को गढ़ने की जिम्मेवारी है, ऐसे में आपलोग एक जिम्मेदार शिक्षक बन कर विधालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करें और छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास करें। डीसी श्री रंजन ने शिक्षकों को स्कूली व्यवस्था, प्रशासन और प्रधानाध्यापकों के दायित्वों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि विद्यालय का संस्थागत विकास हो इसका हमेशा प्रयास करें ताकि विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा एवं सकारात्मक वातावरण स्थापित हो सके। मौके लर प्रशिक्षु उप समाहर्ता सारांश जैन, पीएमयू सदस्य विशाल कुमार, अनुज सिंह, सनी कुमार आदि मौजूद थे।

### राजद ने किया जिलास्तरीय अंबेडकर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन

**डोमचांच (कोडरमा)।** राष्ट्रीय जनता दल कोडरमा के बैनर तले डोमचांच के विवाह भवन में गुरुवार को जिला स्तरीय अम्बेडकर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव जबकि संचालन पार्टी के दलित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजय दास ने किया। परिचर्चा की शुरुआत बाबा साहब डॉ बीआर अम्बेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। वहीं जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष ने परिचर्चा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के महान विभूति भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर ने देश ही नही दुनियां में होने वाले अत्याचार, शोषण और जातीय, धार्मिक भेदभाव का अध्ययन करने वाले सख्सियत रहे।

### प्रधानमंत्री के अड़ियल रवैया से देश की जनता को हो रही है घुटन : रवींद्र

**कोडरमा।** पूर्व प्रत्याशी विधानसभा कोडरमा सह पूर्व जिलाध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा रविंद्र शांडिल्य ने आक्रोश जताते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की भारतीय जनता पार्टी नीत की केंद्र सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी के अड़ियल रवैया से देश में अराजकता का माहौल उत्पन्न हो गया है, जिससे देश की जनता घुटन महसूस कर रही है। झारखंड राज्य के प्रति गंभीर और संवेदनशील रहने वाली माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू को संसद भवन के उद्घाटन में निमंत्रण नहीं दिया जाना श्री मोदी की तानाशाही रवैया को दर्शाता है। वहीं भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के द्वारा कथित तौर पर यौन शोषण का आरोपों की जांच नहीं कराने से अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

# कल सोनुवा आएंगे बिहार के मंत्री अशोक चौधरी व सांसद खीरू महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह जनता दल यूनाईटेड के झारखंड प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी व राज्यसभा सांसद सह जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो को तीन जून से कोल्हान प्रमंडल का दौरा शुरू हो रहा है। इस दौरान तीन जून को सोनुवा के वन विश्रामागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह अभिनंदन समारोह में शिरकत करेंगे। यह जानकारी जदयू के जिलाध्यक्ष बिश्राम मुंडा ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि सोनुवा कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोर शोर से चल रही है। बैद्यमारा रेलवे फाटक से लेकर सोनुवा तक कई तोरणद्वार बनाए जा रहे है। बड़ी संख्या में पश्चिमी सिंहभूम के जदयू कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाग लेंगे। बताया कि अशोक चौधरी व खीरू महतो के अलावा को-आर्डिनेटर शैलेंद्र महतो, जिला संगठन प्रभारी कौशल कुमार व युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। जदयू के नेता सोनुवा कार्यक्रम के बाद चार जून को पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिले के दौरे में रहेंगे। बिश्राम मुंडा ने बताया कि जिला जदयू आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूरी तैयारी में है। सदस्यता अभियान के साथ संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे है। पार्टी नेताओं के दौरे को लेकर जिला जदयू में उत्साह है। बिश्राम ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी के दौरे से संगठन में नए रक्त का संचार होगा।

## चक्रधरपुर का भरनिया गांव सौर ऊर्जा से होगा जगमग

### ग्रामीणों को 24 घंटे मिलेगी बिजली की सुविधा



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड का भरनिया गांव सौर ऊर्जा ग्राम के रूप में विकसित होगा। भरनिया पश्चिमी सिंहभूम जिले का एकमात्र गांव है जिसे सोलर ग्राम में विकसित करने के लिए चयनित किया गया है। दिल्ली से आए दल ने भरनिया गांव के शिक्षक, महिला स्वयं समूह, किसान एवं ग्रामीणों के साथ वार्ता कर योजना के संबंध में जानकारी दी। भरनिया गांव को सौर ऊर्जा ग्राम बनाए जाने की खबर से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों ने सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। चक्रधरपुर के बीडीओ संजय कुमार सिन्हा, दिल्ली से आई ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद की कार्यक्रम सहयोगी भावना त्यागी, वरिष्ठ सहयोगी अंकित पांडेय व वैभव कुमार ने भरनिया पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ बैठक कर योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। भरनिया गांव में 700 परिवार के करीब 3 हजार आबादी निवास करती है।

सौर ऊर्जा ग्राम के रूप में विकसित होने के बाद गांव के सभी परिवारों को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति होगी। योजना के अन्तर्गत सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट, चौक-चौराहे पर हाई मास्ट लाइट लगाए जाएंगे। इसके अलावा विद्यालय, आंगनबाड़ी भवन, स्वास्थ्य उप केंद्र के छत पर सोलर पैनल स्थापित किए जाएंगे। भरनिया गांव में अधिकतर कच्चे मकान है इसलिए सोलर पावर सब स्टेशन से घरों में बिजली की आपूर्ति की जाएगी। मौके पर मुखिया सरिता गागराई, कनीय अभियंता प्रकाश रंजन गुप्ता, समाजसेवी गंगाराम गागराई समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# शादी के दो दिन बाद ही उजड़ा सुहाग

**गया।** बड़ी खबर बिहार से यह है कि जहां शादी के महज दो दिन बाद ही एक युवक की हत्या कर दी गई। दो दिन पहले जो युवती दुल्हन के परिधान में आई थी, वो विधवा हो गई। शादी के दो दिन बाद ही दूल्हा अशोक कुमार की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक गया जिले के गुरुआ थाना क्षेत्र के पलूहरा पंचायत के लकराही गांव का रहने वाला अशोक यादव था जो पेशे से ठेकेदार था। युवक की शादी 29 मई को थी और 30 मई की बारात लौटी थी। इसके बाद 31 मई की शाम से वो लापता हो गया था। 31 मई की शाम उसके मोबाइल पर किसी ने फोन कर बाहर बुलाया था जिसके बाद वह चला गया, लेकिन उस दिन से वापस नहीं लौटा। इस बीच गुरुवार को अहले सुबह उसका शव गुरुआ थाना के ही गुनेरी पंचायत के नहर के किनारे फेंका मिला। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस जांच में जुट गई है। डॉग स्क्वायड की मदद से अपराधियों तक पहुंचने के लिए पुलिस मदद ले रही है।

## धूमधाम से मना विश्व दुग्ध दिवस

**दुमका।** विश्व दुग्ध दिवस फुलो-झानो मुर्मू दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में गुरूवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड मिल्क फेडरेशन के यूनिट हेड मिलन मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को अतिथियों ने द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने दुग्ध व्यवसाय के असीम संभावनाओं को बताया। भारत दुग्ध उत्पादन और उपयोग में प्रथम स्थान रखता है। विश्व का 22 फीसदी दुग्ध उत्पादन केवल भारत में होने की बात कही। दुग्ध उत्पादन से रोजगार को बढ़ावा मिलने और जीविकोपार्जन की असीम संभावना बताया। डॉ आलोक कुमार पांडे ने छात्रों को पठन-पाठन ध्यानपूर्वक कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया।

# मुखिया हत्याकांड का खुलासा, पकड़ा गया शूटर

## 26 मई को दिनदहाड़े हुई थी मुखिया की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**मधेपुरा।** बिहार की मधेपुरा पुलिस ने मुखिया दिलीप कुमार हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। सदर अनुमंडल के मुरलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दीनापट्टी में सखुआ पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार की बीते 26 मई को दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। हत्या के इस मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मधेपुरा पुलिस ने फिल्मी अंदाज में हत्याकांड में शामिल शूटर को यूपी के मिजार्पुर के निकट चलती ट्रेन से पकड़ने में सफलता पाई है। मुखिया की इस हत्या के बाद जिले में कोहराम मच गया था। आक्रोशित लोगों ने शव के साथ ट्रेन रोका, सड़क जाम कर आगजनी की। एसपी के 48 घंटे के भीतर हत्यारों की गिरफ्तारी और हत्या में शामिल लोगों को बेनकाब करने के आश्वासन पर किसी तरह मामला शांत हुआ था। एसपी राजेश कुमार ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि 48 घंटे में पुलिस ने लाइनर को गिरफ्तार कर हत्या के कारणों का पता लगा लिया। दरअसल दिलीप अतिपिछड़ा के लिए सुरक्षित सीट से मुखिया बने थे।

उनको चुनाव जितवाने में वहां के दो विरोधी अपराधी गुटों की अहम भूमिका थी। दोनों गुट उनको अपने कब्जे में रखना चाहता था। एक गुट से उसकी निकटता ने दूसरे गुट को उनकी हत्या के लिए तैयार कर दिया था लेकिन जिस गुट के वो निकट थे वो भी उसे मरवाने की सोच रहा था। पुलिस ने बताया कि दिलीप मुखिया अजय के निकट था। उसका अधिकांश काम वही देख रहा था। अनिल यादव जो खुद कभी फैजान गुट का सदस्य हुआ करता था उसका बेटा बौआ हाल ही में जेल से छुटा था। बौआ को यह नागवार गुजर रहा था की मुखिया सारा लाभ सिर्फ अजय-विजय यादव को दे। उसने मुखिया से 5 लाख की रंगदारी मांग दी। मुखिया ने इस बात की शिकायत बौआ की मां से कर दी फिर क्या था बौआ चिढ़ गया। उसने अपने एक अन्य अपराधी साथी नीतीश के साथ मिलकर मुखिया के हत्या की प्लान बना डाला। नीतीश ने अजय यादव से भी सेटिंग की। अजय ने तत्काल काम करने के लिए 1000 रुपये दिए जिससे उसने बाइक में तेल भराया और हत्या को अंजाम दिया। नीतीश ने काम होने की पहली सूचना अजय को फोन से दी। एसपी राजेश कुमार की मानें तो नीतीश ने मुखिया को तीन गोलियां मारीं जबकि बौवा ने दो गोलियां चलाई थी। इसके बाद मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी।

### श्याम मंदिर में किया गया ताली कीर्तन का आयोजन, निकाली गई निशान यात्रा

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्याम मंदिर पानी टंकी रोड में गुरूवार को बारस को लेकर बाबा श्याम का आलौकिक श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर अखंड ज्योत में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए एवं खीर चुरमा का भोग लगाया गया। वहीं मंदिर कमिटि के सज्जन खेतान ने बताया कि खाटु नरेश की पूजा कलयुग में घर-घर में हो रही है। इधर देर शाम ताली कीर्तन का आयोजन किया गया। मौके पर तन्मय लड्ढा ने हजारी लिखवाता हूं हर बारस को तनखा मिलती है बारस को.....दो दिन के बदले 30 दिनों की मौज करू अपने ठाकुर की सेवा भजनों से करू।

### पुणे में चार दिवसीय फोर्थ एजुकेशन वर्किंग ग्रुप मीटिंग का आयोजन

**दुमका।** जी ट्वेंटी के तहत महाराष्ट्र के पुणे में चार दिवसीय फोर्थ एजुकेशन वर्किंग ग्रुप मीटिंग का आयोजन होना तय है। मीटिंग 19 से 22 जून तक होगा। इस बावत छात्र-छात्राओं एवं अन्य लोगों के बीच जागरूकता फैलाने को लेकर गुरुवार को केंद्रीय विद्यालय की ओर से एक जागरूकता रैली निकाली गई।

## पेज 1 का शेष

### रामगढ़ : जबरन दोस्ती में...

मेरे विरोध करने के बाद वह मेरे साथ मारपीट करने लगा। उसने मेरा गला दबाते हुए मुझे जान मारने की कोशिश की। साथ ही, उसने मेरे ऊपर चाकू से हमला किया। हालांकि, मैं उसके चाकू के वार से बचती रही। वह मुझसे जबरदस्ती दोस्ती करने का बार बार धमकी देता रहा। दोस्ती नहीं करने पर जान मारने की धमकी देता रहा। पीड़िता ने प्राथमिकी में लिखा है कि वह किसी तरह जान बचाकर भागी और शोर मचाने लगी।

### दो लाख का इनामी नक्सली ...

इसमें माओवादी कमांडर रंथू उरांव के दस्ते का सक्रिय सदस्य दो लाख का इनामी राजेश उरांव मारा गया। मुठभेड़ आंजन व मड़वा जंगल के बीच में हुई है। बताया गया कि पुलिस की ओर से लगभग 20 से 25 चक्र गोलियां चलायी गयीं, जबकि राजेश उरांव ने अपने रायफल से आठ से दस चक्र गोलियां चलायी। पुलिस के अनुसार, माओवादी दस्ते में कई सदस्य शामिल थे, लेकिन मुठभेड़ के समय राजेश उरांव ही सामने आया। अन्य नक्सली भाग निकले। इधर, घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस सर्च अभियान चला रही है।

स्पीड न्यूज

## चीन रेशम मार्ग अब बनेगा फौलादी पथ

**गंगटोक।** सदियों पहले से तिब्बत के साथ व्यापार के सिल्क रूट यानी रेशम मार्ग को 21वीं सदी में रेल लाइन बिछा कर आयरन रूट यानी फौलादी पथ बनाने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है तथा अगले साल सिक्किम के रंगपो तक और एक दशक में चीन शासित तिब्बत की सीमा पर नाथू ला तक रेल लाइन तैयार हो जाएगी। बंगाल के उत्तरी भाग में चार देशों – नेपाल, बंगलादेश, भूटान एवं चीन की सीमाओं से घिरे चिकेन नेक क्षेत्र में सिलीगुड़ी के सिवोक से सिक्किम की सीमा पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र रंगपो तक करीब 45 किमी तक रेलवे लाइन बिछाने का काम वर्ष 2024 दिसम्बर तक पूरा हो जाएगा।

## मणिपुर के नये डीजीपी बने राजीव सिंह

**इंफाल।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी राजीव सिंह को गुरुवार को मणिपुर का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया। आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आदेश के अनुसार, त्रिपुरा कैडर के 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी सिंह को तीन साल के लिए अंतर-कैडर प्रतिनियुक्ति पर मणिपुर भेजा गया है।

## पाकिस्तान के पंजाब में विस्फोट, छह मरे

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गुरुवार को एक घर में हुए विस्फोट में एक ही परिवार के कम से कम छह लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हुए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना पंजाब प्रांत के कोट अड्डू जिले में हुई। इस घटना में इकबाल, उनकी पत्नी हसीना, उनके दो बच्चों और दो महिला रिश्तेदारों की मौत हो गई।

## बारामूला में आतंकियों के दो सहयोगी अरेस्ट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षाबलों ने गुरुवार को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि फ्रेशितहार क्रीरी गांव में आतंकवादियों की आवाजाही के संबंध में मिली विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षाबलों ने फ्रेशितहार वारीपोरा क्रॉसिंग पर एक मोबाइल वाहन जांच चौकी (एमवीसीपी) स्थापित की।.

## यूपी के जिलों में तैनात होंगे आपदा मित्र : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के नये भवन का शिलान्यास किया और कहा कि सरकार के प्रयास से आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल हुयी है। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश में कभी 40 जिले बाढ़ प्रभावित माने जाते थे, आज हमने इस खतरे को 4-5 जिलों में समेटने का काम किया है। आज अगर कहीं आपदा आती है तो लोगों को ये विश्वास रहता है कि सरकार की ओर से राहत भी आ रही होगी। उन्होने प्रदेश के सभी 75 जनपदों में आपदा मित्रों की बात कहते हुए अच्छा कार्य करने वालों को व्यवस्था के साथ जोड़ते हुए उचित मानदेय देने के लिए भी राजस्व विभाग को कहा।

## ‘मेरे नैना तेरे नैना’ आज होगी रिलीज

**मुंबई।** खेसारीलाल यादव अभिनीत अवाधी फि ल्म मेरे नैना तेरे नैना शुक्रवार को रिलीज होगी। लाल विजय शाहदेव निर्देशित मेरे नैना तेरे नैना में खेसारीलाल यादव के साथ खुशबू शर्मा, कामाक्षी ठाकुर, रीतू शर्मा, नीना चीमा, निशिकांत दीक्षित और चुनु मेहरा ,रवि भाटिया भी एक अहम रोल में हैं। निर्देशक लाल विजय ने बताया कि एक अनाथ लड़की और एक अनाथ लड़का अनोखी प्रेम कहानी की रहस्यमयी विषय पर आधारित फिल्म है।

# भारत-नेपाल में फिर सुपरहिट होंगे रिश्ते

### हम अपने संबंध को हिमालय जैसी ऊंचाई देने के लिए काम करते रहेंगे : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अपने नेपाली समकक्ष पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के साथ व्यापक वार्ता के बाद कहा कि भारत और नेपाल अपने द्विपक्षीय संबंधों को हिमालयी ऊंचाइयों पर ले जाने और सीमा मुद्दे सहित सभी मामलों को इसी भावना के साथ हल करने का प्रयास करेंगे। मोदी ने कहा कि उन्होंने और प्रचंड ने भविष्य में दोनों देशों के बीच साझेदारी को सुपर हिट बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। वार्ता के बाद मोदी और प्रचंड ने संयुक्त रूप से कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरूआत की। उन्होंने कई योजनाओं का उद्घाटन और कुछ का शिलान्यास भी किया।

दोनों पक्षों ने सीमा पार पेट्रोलियम पाइपलाइन के विस्तार, एकीकृत जांच चौकियों के विकास और पनबिजली में सहयोग बढ़ाने सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए सात समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए।

दोनों नेताओं ने भारत के रुपईडीहा और नेपाल के नेपालगंज में एकीकृत जांच चौकियों का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। उन्होंने बिहार के बथनाहा से नेपाल कस्टम यार्ड के लिए एक मालवाहक रेलगाड़ी को भी हरी झंडी दिखाई। प्रचंड की मौजूदगी में मोदी ने कहा कि हम अपने संबंधों को हिमालय की ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास जारी रखेंगे। और इसी भावना के साथ हम सभी मुद्दों का समाधान करेंगे, चाहे वह सीमा से जुड़ा हो या कोई अन्य मुद्दा।

- ▶▶ पनबिजली समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को सात समझौतों पर दोनों देशों ने किया हस्ताक्षर
- ▶▶ 10 वर्षों में नेपाल से 10,000 मेगावाट बिजली आयात करेगा भारत

हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में से एक ट्रांजिट की संशोधित भारत-नेपाल संधि थी। इसमें नेपाल के लोगों के लिए नए रेल रेल मार्गों के साथ ही भारत की अंतरदेशीय जलमार्ग सुविधा का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने नए रेल लिंक स्थापित कर



भौतिक संपर्क बढ़ाने का निर्णय किया। साथ ही भारतीय रेल संस्थानों में नेपाल के रेलकर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करने का भी निर्णय किया गया है। नेपाल के सुदूर पश्चिमी क्षेत्र से संपर्क को बढ़ावा देने के लिए शिरशा और जुलाघाट में और दो पुल बनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तीन आईसीपी (इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट) के निर्माण से संपर्क सुदृढ़ होगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष हमने बिजली क्षेत्र में सहयोग के लिए एक ऐतिहासिक दृष्टिपत्र दस्तावेज अपनाया था। इसे आगे बढ़ाते हुए आज भारत औ? नेपाल के बीच दीर्घकालीन बिजली व्यापार समझौता किया गया है। इसके अंतर्गत हमने आने वाले 10 वर्षों में नेपाल से 10,000 मेगावाट बिजली का आयात करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि मोतिहारी अमलेहगंज पाइपलाइन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए इस पाइपलाइन को चितवन तक ले जाने का निर्णय किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, सिलीगुड़ी से पूर्वी नेपाल में झापा तक और एक नई पाइपलाइन भी बिछाई जाएगी। साथ साथ चितवन और झापा में नए स्टोरेज टर्मिनल भी लगाए जाएंगे।

मोदी ने नौ साल पहले प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के बाद नेपाल के साथ संबंधों को मजबूत करने में अपनी प्राथमिकता का भी जिक्र किया।

उन्होंने कह कि मुझे याद है, नौ साल पहले 2014 में पदभार संभालने के तीन महीने के भीतर मैंने नेपाल की अपनी पहली यात्रा की थी। उस समय मैंने भारत-नेपाल संबंधों के लिए हिट फॉमूर्ला दिया था- राजमार्ग, आई-वे और ट्रांस-वे। उन्होंने कहा कि मैंने कहा था कि हम भारत और नेपाल के बीच ऐसे संबंध स्थापित करेंगे कि हमारी सीमाएं हमारे बीच बाधा न बनें।

उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के बीच संबंध सदियों पुराने और बहुआयामी हैं। यह संबंध एक तरफ सभ्यतागत, सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक संबंधों की समृद्ध परंपरा से निर्मित ठोस नींव पर खड़ा है तो दूसरी तरफ संप्रभु समानता, आपसी सम्मान, समझ और सहयोग के समय की कसौटी पर खरे उतरे सिद्धांत के प्रति दोनों देशों की दृढ़ प्रतिबद्धता पर ।

### रामायण सर्किट में आयेगी तेजी

मोदी ने कहा कि उन्हें नौ साल बाद यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि हमारी साझेदारी वास्तव में हिट रही है। उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल के धार्मिक और सांस्कृतिक संबंध बहुत पुराने और मजबूत हैं। इस सुन्दर कड़ी को और मजबूती देने के लिए प्रधानमंत्री प्रचंड और मैंने निश्चय किया है कि रामायण सर्किट से संबंधित परियोजनाओं में तेजी लाई जानी चाहिए। प्रचंड ने अपनी टिप्पणियों में कहा कि उन्होंने और मोदी ने संबंधों में प्रगति की व्यापक समीक्षा की और संबंधों एवं सहयोग को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। नेपाली प्रधानमंत्री ने कहा कि वह मोदी की पड़ोस पहले की नीति की सराहना करते हैं।

# मणिपुर में जातीय हिंसा की होगी न्यायिक जांच

एजेंसी

**इंफाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को घोषणा की कि मणिपुर में हुई जातीय हिंसा की जांच के लिए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश स्तर के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग का गठन किया जाएगा। लगातार तीन दिनों तक राज्य के विभिन्न हिंसाग्रस्त इलाकों का दौरा करने और राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों से चर्चा के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में शाह ने मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके की अध्यक्षता में एक शांति समिति के गठन और हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए मुआवजे के साथ ही राहत और पुनर्वास पैकेज की भी घोषणा की। गृह मंत्री ने कहा कि हिंसा में जान गंवाने वालों के परिजनों को भारत सरकार की ओर से पांच-पांच लाख रुपये और राज्य सरकार की ओर से पांच-पांच लाख रुपये

- ▶▶ हाइकोर्ट के सेवानिवृत्त चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग होगा गठित : गृह मंत्री
- ▶▶ हिंसा में मारे गये लोगों के परिजनों को मुआवजा



की सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि ये राशि पीड़ित परिवारों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। शाह ने कहा कि मणिपुर में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चलें, इसके लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी और अलग-अलग मंत्रालयों के पांच निदेशक स्तर के अधिकारी मणिपुर में उपस्थित रहेंगे। गृह मंत्री ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि उन्हें लगता है कि भारत-म्यांमार सीमा मुद्दे के स्थायी समाधान के लिए दोनों देशों के बीच सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा करने की जरूरत होगी।उन्होंने कहा कि खोंगसांग रेलवे स्टेशन पर एक अस्थायी प्लेटफॉर्म बनाकर मणिपुर को देश के बाकी हिस्सों से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जाएगी।

**मुठभेड़ में तीन पुलिसकर्मी घायल :** इस बीच, अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में बुधवार रात संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ बुधवार रात को कुंबी पुलिस थाने के अंतर्गत तांगजेंग में हुई। सेना और पुलिस छिपे हुए हथियारों के जखीरे के लिए राज्यव्यापी तलाशी अभियान चला रही हैं। अधिकारियों ने कहा कि ड्रोन द्वारा निगरानी और सुरक्षा बलों की तैनाती भी जारी है।

## 2000 रुपये के नोट पर शीघ्र सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने किया इनकार

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिना किसी वैध पहचान पत्र के 2000 रुपये के नोट बदलने के मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय की अनुमति संबंधी फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने से गुरुवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से दायर अपील पर शीघ्र सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से इनकार करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता गर्मी की छुट्टियों के बाद मुख्य न्यायाधीश के समक्ष इस मामले का उल्लेख कर सकते हैं। अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ बुधवार को सिर्फ अदालत में अपील दायर की थी। उन्होंने आज इस मामले को विशेष उल्लेख के दौरान उठाया था। याचिकाकर्ता का तर्क है कि 19 और 20 मई को जारी आरबीआई की अधिसूचना ने अवैध धन को वैध बनाने का अवसर दिया है।

# चंद्रखेखर राव ने विपक्षी एकता की कोशिश छोड़ी

### अब देश में तेलंगाना विकास के मॉडल को पेश करेगी बीआरएस

एजेंसी

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने गुरुवार को कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री और पार्टी प्रमुख के चंद्रशेखर राव ने केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट करने की कोशिश छोड़ दी है। राज्य सरकार में मंत्री केटी रामा राव ने बताया कि पार्टी अब देश में तेलंगाना विकास मॉडल को पेश करने पर ध्यान देगी। रामा राव ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब उनके पिता चंद्रशेखर राव अपनी पार्टी बीआरएस का विस्तार राष्ट्रीय स्तर पर करने की कोशिशों में जुटे हैं।पत्रकारों से बातचीत करते हुए रामा राव ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का परोक्ष हवाला देते हुए कहा कि देश को एक पार्टी या एक व्यक्ति के खिलाफ घृणा के आधार पर नहीं, बल्कि शासन के सकारात्मक मॉडल के आधार पर विपक्षी एकता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम यह सारी



कोशिशें करने बाद कह रहे हैं। हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि एक नई राष्ट्रीय पार्टी हो (जिसे राष्ट्रीय स्तर पर ले जाया जाएगा), क्योंकि इस देश में एक बहुत बड़ा शून्य है। मूल बात है कि विपक्ष बुरी तरह विफल रहा है। चंद्रशेखर राव ने गैर भाजपा व गैर कांग्रेस दलों को एकजुट करने के लिए कई नेताओं से मुलाकात की थी, जिनमें एम के स्टालिन , नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल समेत कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल थे। उनका आरोप था कि दोनों राष्ट्रीय दल देश का विकास करने में नाकाम रहे हैं।

## मई में जीएसटी संग्रह 12 प्रतिशत बढ़कर 1.57 लाख करोड़ पर

**नयी दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.57 लाख करोड़ रुपये रहा। यह लगातार तीसरी महीना है जब जीएसटी संग्रह 1.50 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहा है।

वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विशेषज्ञों का कहना है कि यह सभी राज्यों में पिछले एक वर्ष से लगातार अच्छे आर्थिक प्रदर्शन को बताता है। मई, 2022 में जीएसटी संग्रह 1.41 लाख करोड़ रुपये रहा था। इससे पहले अप्रैल, 2023 में जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 1.87 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया था। मंत्रालय ने बताया कि मई में सकल जीएसटी राजस्व 1,57,090 करोड़ रुपये रहा। इसमें केंद्रीय जीएसटी 28,411 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 35,828 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी 81,363 करोड़ रुपये (वस्तुओं के आयात पर जुटाए गए 41,772 करोड़ रुपये सहित) और उपकर 11,489 करोड़ रुपये (माल आयात पर जुटाए गए 1,057 करोड़ रुपये सहित) रहा है।

# उर्वशी रौतेला ने 190 करोड़ में खरीदा बंगला

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने मुंबई में 190 करोड़ में बंगला खरीदा है। उर्वशी रौतेला अपने नए घर को लेकर चर्चा में है ।वह अब मुंबई में दिवंगत फिल्म निमार्ता यश चोपड़ा के घर के बगल में स्थित एक शानदार बंगले में रहने लगी हैं, जिसकी कीमत 190 करोड़ रुपए है। मुंबई के मध्य में स्थित, यह आलिशान बंगला चार माले का है, जहां उर्वशी के लिए सभी तरीके की सुविधाएं मौजूद है ।बंगले का आर्किटेक्चर बहुत ही खूबसूरत है और क्लासी है , जबकि बंगले का इंटीरियर भाग आधुनिक तस्वीरो और कलाकीर्तियो से सजा हुआ है

चार मंजिल के इस भव्य बंगले में, बंगले में एक भव्य गार्डन, जिम और भिन्न सुविधाएँ मौजूद है। उर्वशी ने अपने घर से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं।



## आलिया के नाना राजदान का निधन

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट के नाना और सोनी राजदान के पिता नरेंद्रनाथ राजदान का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण गुरुवार को निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। सोनी राजदान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने पिता के निधन की खबर साझा की। अभिनेत्री सोनी राजदान ने उन्हें एक शौकीन गोल्फर, संगीत प्रेमी और हमारे जीवन का प्रकाश कहते हुए लिखा कि उनका परिवार भाग्यशाली है कि उनके जैसे दलायु और सब को प्यार करने वाले इंसान का आशीर्वाद मिला।

# तेलंगाना में बन रहा दुनिया का पहला थ्री-डी प्रिंटेड मंदिर

हैदराबाद। विश्व का पहला थ्री-डी प्रिंटेड हिंदू मंदिर तेलंगाना में बनाया जा रहा है। शहर की रियल एस्टेट कंपनी अप्सुजा इंफ्राटेक, सिद्दिपेट के बुरुगुपल्ली में 3,800 वर्ग फुट क्षेत्र में इसका निर्माण कर रही है। अप्सुजा इंफ्राटेक इस परियोजना के लिए थ्री-डी प्रिंटेड निर्माण कंपनी सिम्पलीफोर्ज क्रिएशंस की मदद ले रही है और चारविथा मीडोज परियोजना क्षेत्र में इस मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। अप्सुजा इंफ्राटेक के प्रबंध निदेशक हरि कृष्णा जीदीपल्ली ने बताया कि ढांचे के अंदर तीन गर्भगृह मोदक के प्रतीक हैं, जो भगवान गणेश को प्रिय माना जाता है। एक शिवालय है और, कमल की आकृति का एक कक्ष देवी पार्वती के लिए है। मार्च में सिम्पलीफोर्ज क्रिएशंस ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), हैदराबाद के साथ मिलकर दो घंटे से भी कम समय में भारत का प्रथम प्रोटोटाइप पुल निर्मित किया था। सिम्पलीफोर्ज क्रिएशंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ध्रुव गांधी ने बताया कि इसे भी चारविथा मीडोज, सिद्दिपेट में अंतिम रूप दिया गया था।

# बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-1 का प्रशिक्षण प्रक्षेपण सफल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण किया, जिससे रणनीतिक हथियार के सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को सत्यापित किया गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सामरिक बल कमान (एसएफसी) ने ओडिशा में ए. पी. जे. अब्दुल कलाम द्वीप से मिसाइल का प्रक्षेपण किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एक जून, 2023 को ए. पी. जे. अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा से सामरिक बल कमान द्वारा एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-1 का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्रक्षेपण किया गया। इसमें कहा गया है कि यह सिद्ध हो चुका है कि यह मिसाइल बहुत ऊंचाई से लक्ष्य को भेदने में सक्षम हैं। इस

**बहुत ऊंचाई से लक्ष्य को भेदने में सक्षम है मिसाइल**
**अग्नि शृंखला की मिसाइलों के कई रूपों को किया गया डेवलप**

प्रक्षेपण के जरिये मिसाइल के सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को सफलतापूर्वक सत्यापित किया गया। भारत पिछले दो दशकों में विभिन्न बैलिस्टिक मिसाइलों, सटीक-निर्देशित युद्ध सामग्री और संबंधित प्लेटफार्म को विकसित करके अपनी सामरिक क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भारत ने अग्नि श्रृंखला की मिसाइलों के विभिन्न रूपों को विकसित किया है। पिछले दिसंबर में, भारत ने परमाणु-सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया था, जो 5,000 किलोमीटर तक के लक्ष्य को भेद सकती है। अग्नि 1



से 4 मिसाइलों की रेंज 700 किलोमीटर से 3,500 किलोमीटर तक है और उन्हें पहले ही तैनात किया जा चुका है।

## बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 194 अंक टूटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 194 अंक टूटकर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच बैंक,धातु और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरू में बढ़त के साथ खुला। लेकिन अंत में यह 193.70 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62,428.54 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 263.1 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 46.65 अंक यानी 0.25 की गिरावट के साथ 18,487.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में भारती एयरटेल 3.42 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक 3.31 प्रतिशत नीचे आया।








# किसानों की स्थिति पर कौन चिंता करता है?

देश की सर्वोच्च अदालत ने किसानों की आत्महत्या को गंभीरता से लेते हुए केंद्र सरकार को ताकीद किया है कि वह ऐसी नीति बनाये जिससे कि किसानों को आत्महत्या के लिए विवश न होना पड़े। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि किसानों की मौत के बाद उनके पीड़ित परिवार को मुआवजा देना समस्या का हल नहीं है। इसे रोकने के लिए आत्महत्या की परिस्थितियों को ही खत्म करना होगा। भारत सरकार ने देश में किसानों और खेतिहर मजदूरों द्वारा आत्महत्या किए जाने की बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए इसके मूल कारणों का पता लगाने और उसका निराकरण करने के उद्देश्य से व्यापक अध्ययन शुरू कराया है। इस अध्ययन में पाया गया है कि किसानों पर बढ़ता क़र्ज, मानसून पर अत्यधिक निर्भरता, अपर्याप्त सिंचाई व्यवस्था, छोटे-छोटे हिस्सों में बंटे खेत और फसल बीमे की समुचित व्यवस्था का अभाव कृषि क्षेत्र की बदहाली का मुख्य कारण है।

**एन के मुरलीधर**

गौरतलब है कि अदालत ने यह सख्त टिप्पणी गैर-सरकारी संगठन सिटीजन रिसोर्स एंड एक्शन एंड इनीशिएटिव द्वारा दायर याचिका पर की है जिसमें गुजरात के 619 किसानों के परिवारों को मुआवजा दिये जाने की मांग की गई है। अदालत ने सरकार को यह भी कहा है कि वह किसानों की फसल की एक निश्चित कीमत तय करे। गौर करें तो किसानों की आत्महत्या के मसले पर सरकार के रवैए को लेकर पहले भी अदालत द्वारा अपनी नाराजगी जताया जा चुका है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि किसानों की आत्महत्या का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभी गत माह पहले ही राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा खुलासा किया गया कि वर्ष 2015 में 8 हजार किसान और 12 हजार खेतिहर मजदूरों ने आत्महत्या की है। इस रिपोर्ट में आत्महत्या के लिए कर्ज को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना गया। रिपोर्ट में कहा गया कि 2015 में कर्ज न चुका पाने के कारण 2978 किसानों ने आत्महत्या की जबकि खेती से जुड़ी अन्य समस्याओं के कारण 1494 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

2015 के आंकड़ों पर गौर करें तो महिला और पुरुष किसानों को मिलाकर आत्महत्या करने वाले की कुल संख्या 12602 है, जो कि देश में आत्महत्या के कुल मामलों का तकरीबन 9.4 फीसद है। यह आंकड़े बताते हैं कि विगत वर्ष की तुलना में साल 2015 में किसानों द्वारा आत्महत्या की घटनाओं में तकरीबन तीन फीसद की बढ़ोतरी हुई है। चिंताजनक तथ्य यह है कि सरकार द्वारा किसानों और कृषि संबंधी कई लाभकारी योजनाओं को आकार दिए जाने और फसल बीमा योजना लागू किए जाने के बावजूद किसानों की आत्महत्या का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। कृषि मंत्रालय और राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट पर गौर करें तो 2004 में 4385, 2005 में 3175 और 2006 में 1901 किसानों ने आत्महत्या की। इसी तरह 2009 में 17 हजार, 2010 में साढ़े 15 हजार, 2011 में 14 हजार और 2013 में साढ़े 11 हजार किसानों ने आत्महत्या की। एक आंकड़े के मुताबिक 1998 से लेकर अब तक तकरीबन 6 लाख से अधिक किसान आत्महत्या कर चुके हैं। नेशनल सैंपल सर्वे रिपोर्ट से भी उदघाटित हो चुका है कि देश के 9 करोड़ किसान परिवारों में से 52 फीसद कर्ज में डूबे हैं और हर किसान पर औसतन 47 हजार रुपए कर्ज है। गत वर्ष पहले 'भारत में कृषक परिवारों की स्थिति के मुख्य संकेतक' शीर्षक वाली रिपोर्ट से भी उदघाटित हुआ कि आंध्रप्रदेश में 93 फीसद, उत्तर प्रदेश में 44 फीसद, बिहार में 42 फीसद, झारखंड में 28 फीसद, हरियाणा में 42 फीसद, पंजाब में 53 फीसद और पश्चिम बंगाल में 51.5 फीसद किसान परिवार कर्ज में डूबे हैं। देश में कृषि की हालत कितनी चौपट है इसी से समझा जा सकता है कि 2001 में देश में 12 करोड़ 73 लाख किसान थे, जिनकी संख्या आज घटकर 11 करोड़ से भी कम रह गई है। यानी 86 लाख किसान कृषि कार्य से विरत हुए हैं। माना जा रहा है कि प्रकृति पर आधारित कृषि, देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ एवं सूखा का प्रकोप, प्राकृतिक आपदा से फसल की क्षति और ऋणों के बोझ के कारण बड़े पैमाने पर किसान खेती छोड़ने को मजबूर हैं।

पिछले एक दशक के दौरान महाराष्ट्र में सर्वाधिक 7 लाख 56 हजार, राजस्थान में 4 लाख 78 हजार, असम में 3 लाख 30 हजार और हिमाचल में एक लाख से अधिक किसान खेती को तिलांजलि दिए। इसी तरह उत्तराखंड, मेघालय, मणिपुर और अरुणाचल जैसे छोटे राज्यों में भी किसानों की संख्या घटी है। आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि इस दौरान देश में कृषि मजदूरों की संख्या में इजाफा हुआ है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2001 में जहां 10 लाख 68 हजार कृषि मजदूर थे, उनकी संख्या 2011 में बढ़कर 14 करोड़ 43 लाख हो गई। आंकड़े बताते हैं कि देश में 1990 से 2005 के बीच 20 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि कम हुई है। 2010 से 2015 के बीच विभिन्न राज्य सरकारों ने कुल 4,842 हेक्टेयर जमीन एसईजेड के लिए अधिसूचित की है। यह अलग बात है कि 80 फीसद जमीन का उपयोग नहीं हुआ है और कंपनियां इसे गिरवी रखकर बैंक से कर्ज ले रही हैं और इस जमीन का उपयोग अन्य दूसरे कामों में कर रही हैं।

गौरतलब है कि एक हजार हेक्टेयर खेती की जमीन कम होने पर 100 किसानों और 760 खेतिहर मजदूरों की आजीविका छिनती है। आज देश में प्रति व्यक्ति कृषि भूमि की उपलब्धता 0.18 हेक्टेयर रह गई है। 82 फीसद किसान लघु एवं सीमांत किसानों की श्रेणी में आ गए हैं और उनके पास कृषि भूमि दो हेक्टेयर या उससे भी कम रह गई है। कृषि क्षेत्र का विकास दर भी लगातार घट रहा है। आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 1950-51 में देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि की भागीदारी 51.9 थी, जो 1990-91 में 34.9 फीसद रह गई। आज 2012-13 में घटकर 13.7 फीसद पर आ गई है।

## खेतिहर मजदूर बनते किसान



हाईवे निर्माण के नाम पर लाखों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि हड़पा जा चुका है। पिछले तीन दशक में कृषि पर निर्भर आबादी में इजाफा दर्शाता है कि गैर-कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का आनुपातिक फैलाव नहीं हुआ है। दूसरी ओर खेती के विकास में क्षेत्रवार विषमता का बढ़ना, प्राकृतिक बाधाओं से पार पाने में विफलता, भूजल का खतरनाक स्तर तक पहुंचना और हरित क्रांति वाले इलाकों में पैदावार में कमी आना के अलावा फसलों और बाजारों की दूरी न घटने, फसलों का उचित मूल्य न मिलने, कृषि में मशीनीकरण और आधुनिक तकनीकी का अभाव भी किसानों की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार है। किसान क्रेडिट कार्ड और फसलों की बीमा योजनाओं के अलावा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, गुणवत्तापूर्ण बीज के उत्पादन और वितरण, राष्ट्रीय बागवानी मिशन जैसी अनगिनत योजनाओं से भी किसानों को राहत नहीं मिली है। बेहतर होगा कि सरकार किसानों और खेतिहर मजदूरों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए ठोस और कारगर उपाय करे।

अपनी जमीन गंवाने के बाद किसानों के पास जीविका का कोई साधन नहीं रह गया है और वे खानाबदोशों की तरह जीवन गुजार रहे हैं। विस्थापित किए गए किसानों के लिए सरकार के पास कोई ठोस पुनर्वास नीति नहीं है। न ही उन्हें रोजी-रोजगार से जोड़ने के लिए कोई कारगर तरीका अपनाया जा रहा है। नतीजा कल तक जो किसान थे वे खेतिहर मजदूर बनते जा रहे हैं। निश्चित रूप से विकास के लिए भूमि का अधिग्रहण जरूरी है। लेकिन कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण कहां तक उचित है? देश में

## काले गेहूं के उत्पादन से किसानों को बड़ी लाभ

**काले गेहूं** की पैदावार काफी बढ़ी है। इस बार जिले में 200 से अधिक किसानों ने 250 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में काले गेहूं का उत्पादन किया है। स्थानीय स?तर पर इसे छह हजार रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर खरीदा जा रहा है जबकि बड़े शहरों में इसकी कीमत 10 से 12 हजार रुपये तक मिल रही है।जिला प्रशासन का प्रयास है कि किसानों को स?थानीय स?तर भी उनकी उपज का भरपूर लाभ मिले। तिलहर के राजापुर गांव के किसान प्रेम शंकर गंगवार ने बताया कि उन्होंने इस बार परीक्षण के तौर पर एक एकड़ क्षेत्र में काले गेहूं की पैदावार की है।उन्होंने काले गेहूं से संबंधित एक प्रसंस्करण इकाई भी लगाई है जिसमें मैदे की जगह काले गेहूं के आटे से बिस्कुट बनाये जा रहे हैं। मैदे का बेहतरीन विकल्प होने की वजह से लोग इसे काफी पसंद भी कर रहे हैं। गंगवार ने बताया कि काले गेहूं में कुदरती एंटी ऑक्सिडेंट और एंटीबायोटिक गुण हैं जो मधुमेह, दिल की बीमारी, कैंसर, मानसिक तनाव, घुटनों के दर्द और एनीमिया जैसे रोगों के निदान में काफी कारगर है।

काले गेहूं का आटा छिलकेयुक्त चने के सत्तू की तरह दिखता है और इसका स्वाद साधारण गेहूं की अपेक्षा अलग होता है। मगर यह काफी पौष्टिक है। इसकी फसल साधारण गेहूं की तरह ही होती है मगर पकने पर इसकी बालियां काली हो जाती हैं। मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि जिले के हर गांव में किसानों को काले गेहूं की खेती के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्हें बीज उपलब्ध कराने के अलावा कृषि विभाग की एक टीम बनाई है जो कृषकों को इस खास जिंस के उत?पादन के लिये प्रशिक्षित भी कर रही है तथा समय-समय पर काले गेहूं की फसल का निरीक्षण करने के अलावा कृषकों को फसल के रखरखाव के लिए आवश्यक दिशानिर्देश भी यही टीम दे रही है।कृषि क्षेत्र में कार्यरत एक संस्था के संचालक राकेश पांडे ने बताया कि वह 2020 से ही शाहजहांपुर के किसानों को काले गेहूं की फसल उगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं और इसमें प्रशासन भी सहयोग कर रहा है। इसी का नतीजा है कि आज जिले की कलान, तिलहर तथा पुवायां तहसीलों में एक बड़े क्षेत्रफल में किसान काले गेहूं की फसल उगा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा कृषि मित्रों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों के जरिये किसानों को लगातार काले गेहूं की पैदावार की तकनीक और इसकी बिक्री से होने वाले वित्तीय लाभ की जानकारी दी जा रही है।

यूपी क शाहजहांपुर जिले सहित पूरे देश में काले गेहूं की खेती अब प्रचुर मात्रा में होने लगी है। पूरे जिले के लगभग 250 एकड़ क्षेत्र में इसे उगाया गया है। स्थानीय प्रशासन भी किसानों को इस बेहद पोषक अनाज माने जा रहे गेहूं की खेती के लिये प्रोत्साहित कर रहा है।

## लगभग 13 करोड़ किसान परिवार की पीड़ा कौन सुनेगा, कौन समझेगा



**मनोज शर्मा**

कृषि जनगणना (2015-16) के अनुसार, भारत में लघु एवं सीमांत किसानों की संख्या 12.563 करोड़ है। देश में 35 प्रतिशत किसानों के पास 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन है, जबकि 69 फीसदी किसानों के पास एक और 87 फीसदी किसानों के पास दो हेक्टेयर से कम जमीन है। 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन वाले किसान सालाना औसतन 8,000 रुपये कमाते हैं, जबकि एक और दो हेक्टेयर के बीच जमीन वाले किसान सालाना औसतन 50,000 रुपये कमाते हैं। देश मे लघु और सीमांत किसानों की न केवल आय कम है, बल्कि इनके लिए कृषि एक जोखिम भरा कार्य भी है।

देश में अब तक कृषि क्षेत्र से संबंधित जितनी योजनाएं बनती रही हैं, उनका लाभ अधिकतर बड़े किसान ही उठाते हैं। लघु और सीमांत किसान इनका लाभ नहीं उठा पाते हैं, क्योंकि उन्हें इन योजनाओं की जानकारी नहीं होती। अब प्रधानमंत्री किसान योजना में इसका ध्यान रखा गया है कि समस्त लघु और सीमांत किसानों को इसमें शामिल किया जाए। नई तकनीकी अपनाने में भी लघु एवं सीमांत किसान झिझकते हैं और कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते। केंद्र सरकार ने वर्ष 2020-21 के बजट में ग्रामीण एवं कृषि क्षेत्र के विकास हेतु अधिकतम वित्त की व्यवस्था की है। साथ ही, 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में लघु एवं सीमांत किसानों की आय को बढ़ाना आवश्यक है।

लघु एवं सीमांत किसानों की आय बढ़ाने व उनके कृषि-जोखिमों को कम करने के लिए छोटी-छोटी योजनाओं के बजाय बड़ी योजनाएं बनाने की जरूरत है। अभी लघु एवं सीमांत किसान कृषि को व्यवसाय नहीं मानते, इसलिए कोई जोखिम लेने को तैयार नहीं होते। कृषि से संबंधित उनकी समस्याओं को सब्सिडी देकर हल किया जाता है, जिससे मूल समस्या का निदान नहीं हो पाता है। उनके लिए कृषि व्यवसाय मॉडल विकसित करने की जरूरत है। कम से कम लागत में अधिकतम आय कैसे प्राप्त की जाए, यह उन्हें समझाना होगा। इसमें निजी क्षेत्र को भी मुख्य भूमिका निभानी होगी।

लघु एवं सीमांत किसानों के पास छोटी जोत की जमीन है, जिससे फसल की लागत बढ़ जाती है और उन्हें बहुत कम लाभ होता है अथवा नहीं के बराबर लाभ होता है। इसलिए उन्हें संगठित होकर एकसाथ मिलकर खेती करने, कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण एवं विपणन स्वयं करने के लिए प्रेरित करना होगा, ताकि उनकी आमदनी में इजाफा हो सके। देश में 87 फीसदी किसान लघु एवं सीमांत श्रेणी के हैं, अगर इनकी आय बढ़ेगी, तो मांग बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

**विचार मंत्र**

देश में 35 प्रतिशत किसानों के पास 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन है, जबकि 69 फीसदी किसानों के पास एक और 87 फीसदी किसानों के पास दो हेक्टेयर से कम जमीन है।

कृषि एवं गैर कृषि, दोनों क्षेत्रों में लघु एवं सीमांत किसान की आमदनी बढ़ाकर ही उनकी आय दोगुनी की जा सकती है। जापान, वियतनाम एवं दक्षिण कोरिया में भी छोटे-छोटे खेत हैं, वहां किसान अंशकालिक कृषि करते हैं। बाकी समय वे गैर कृषि कार्य करते हैं। इसे हमारे यहां भी लागू करने पर विचार किया जा सकता है। किसानों को कहां ऋण मिलेगा, बाजार कहां होगा, वे कैसे कुशल हो सकते हैं, इन सबकी जानकारी उन्हें देना जरूरी है। चीन में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीचोंबीच उद्योगों को विकसित किया गया है, ताकि किसान गैर कृषि कार्य करने के अलावा अपने उत्पादों को बेच सकें। भारत में जगह-जगह ऐसे मॉडल विकसित किए जाने चाहिए।



सीमांत किसान दो एकड़ से भी कम जमीन पर सब्जी एवं फल आदि उगा सकते हैं। सूक्ष्म सिंचाई, नई-नई तकनीक के उपयोग, बाजार एवं भंडारण की व्यवस्था करके लघु एवं सीमांत किसानों के लिए छोटी-छोटी जोत को भी लाभप्रद बनाया जा सकता है।

## स्पेस तकनीक से रोकेंगे खेतों के पानी की बर्बादी

**खेतों** में होने वाली पानी की बर्बादी को रोकने के लिए अब स्पेस तकनीक की मदद ली जाएगी। फसल का तापमान बताएगा कि सिंचाई की अभी जरूरत है या नहीं। आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिकों ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत कानपुर के गांवों पर एक साल तक शोध किया और डाटा एनालिसिस के बाद एक विस्तृत मैप तैयार किया है। इसके आधार पर फसलों में पानी की मात्रा तय की जाएगी। आईआईटी कानपुर और लीसेस्टर विश्वविद्यालय यूके के वैज्ञानिक थर्मल इमेजिंग आधारित ड्रोन पर प्रयोग कर रही है। वैज्ञानिकों की टीम संस्थान के नजदीक बनी और बंसेठी गांव में प्रयोग कर रहे हैं।

गांव में चल रहे प्रयोग को देखने मंगलवार को आईआईटी व यूके के वैज्ञानिकों के साथ प्रदेश के संयुक्त निदेशक नीरज श्रीवास्तव भी पहुंचे। आईआईटी कानपुर के अर्थ साइंस विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर राजीव सिन्हा ने बताया कि देश में 80 फीसदी पानी का उपयोग खेती में किया जा रहा है, जबकि इसकी जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि शोध के तहत आईआईटी के वैज्ञानिकों ने खेतों में जाकर मिट्टी से लेकर फसल का तापमान, आद्रता समेत अन्य जरूरी रिकार्ड दर्ज किए गए। प्रो. सिन्हा के मुताबिक दोनों डाटा का एनालिसिस करने के बाद एक मैप तैयार किया गया है। इस मैप के अनुसार अगर खेती की जाए तो पानी की बचत होगी और पैदावार अच्छी होगी। पायलट प्रोजेक्ट में कामयाबी मिलने के बाद इसे वृहद स्तर पर करने की तैयारी है।

सरकार ने कुछ शर्तों के साथ आंध्रप्रदेश के कृष्णापुरम इलाके की खास किस्म की प्याज निर्यात की अनुमति दे दी है। वाणिज्य मंत्रालय की विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा कि 31 मार्च तक 10,000 टन प्याज निर्यात किया जाएगा, जो सिर्फ चेन्नई बंदरगाह के जरिए होगी। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

छोटे आकार और तीखेपन के कारण घरेलू किचन में कृष्णापुरम की खास प्याज का ज्यादा इस्तेमाल नहीं किया जाता है। लेकिन थाईलैंड, हांगकांग, मलयेशिया, श्रीलंका और सिंगापुर में इसकी अच्छी मांग है। अधिसूचना के मुताबिक, निर्यातकों को आंध्र प्रदेश सरकार के बागवानी विभाग से प्रमाणपत्र लेना होगा। इसमें निर्यात किए जाने वाले प्याज की मात्रा की जानकारी होगी। निर्यातक को यह प्रमाणपत्र चेन्नई में डीजीएफटी के स्थानीय कार्यालय में पंजीकृत कराना होगा। चेन्नई का डीजीएफटी कार्यालय प्याज निर्यात की मात्रा की निगरानी करेगा और उसी हिसाब से पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करेगा।

### चावल निर्यात 20 फीसदी गिरने का अनुमान

मध्य पूर्व एशियाई क्षेत्र में जारी तनाव और व्यापार नियमों में सख्ती की वजह से चालू वित्त वर्ष में भारत का चावल निर्यात 18-20 कम रह सकता है। अमेरिकी वित्त व्यापार कंपनी ड्रिप कैपिटल ने जारी रिपोर्ट में बताया कि दुनियाभर में चावल के निर्यात में कमी आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, चावल आयात के सबसे बड़े क्षेत्र मध्य पूर्व एशियाई देशों में लगातार तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस कारण भारत का चावल निर्यात भी प्रभावित होगा। इससे ईरान को निर्यात में 22 फीसदी, यूएई में 33 फीसदी, यमन में 2 फीसदी, सेनेगल में 90 फीसदी, नेपाल में 23 फीसदी और बांग्लादेश में 94 फीसदी तक गिरावट का अनुमान है।

## दूध के दंश: दुनिया के सबसे बड़े उत्पादक भारत की पीड़ा

**प्रिया राज**

**दुनिया** का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश भारत अपने नागरिकों की दूध की मांग पूरी करने में मुश्किल महसूस कर रहा है। कोरोना काल में दूध आपूर्ति बाधित होने से उत्पादकों को नुकसान उठाना पड़ा। वहीं सरकारी आंकड़ों के अनुसार लंपी के चलते दो लाख से अधिक गौधन की क्षति हुई। स्वतंत्र पर्यवेक्षक इसकी संख्या कहीं ज्यादा बताते हैं। बहरहाल, इन आपदाओं से हुई क्षति की वजह से दूध उत्पादन में गिरावट आना स्वाभाविक था। जिसके चलते दूध उत्पादों के आयात के कयास लगाये जा रहे हैं। हालांकि, यदि बाहर से सस्ता दूध आता है तो कीमत युद्ध से देश के दुग्ध उत्पादकों का संरक्षण करना भी एक चुनौती होगा। उल्लेखनीय है कि दुनिया का चौबीस फीसदी दूध उत्पादन भारत में होता है। बीते साल 22 करोड़ टन से अधिक दूध उत्पादन के आंकड़े हैं। लेकिन उसी अनुपात में दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश में दूध की मांग में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। यह वृद्धि आठ से दस फीसदी बतायी जा रही है। कोरोना काल व बाद में लंपी के चलते दूध उत्पादन में जो गिरावट आई है, उससे इस साल कुल उत्पादन में गिरावट या स्थिर रहने के आसार हैं। तभी डेयरी उत्पाद मसलन मक्खन व घी के आयात की बात कही जा रही है। वहीं इस परिस्थितिजन्य संकट के अलावा राजनीतिक लक्ष्यों की पूर्ति के लिये दूध के मुद्दे पर भी अब खूब सियासत होने लगी है। कर्नाटक चुनाव से पहले दो दुग्ध उत्पादक ब्रांड्स को लेकर जमकर राजनीति हुई। अब यह मुद्दा तमिलनाडु में जा पहुंचा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि आविन के मिल्क शेड क्षेत्र में अमूल की दूध खरीद पर रोक लगायी जाये।



उल्लेखनीय है कर्नाटक चुनाव में अमूल की एंट्री को लेकर जमकर राजनीति हुई थी। कांग्रेस व जेडीएस ने यहां तक आरोप लगाया था कि गुजरात से आने वाला अमूल लोकल ब्रांड नंदिनी को खत्म करने की साजिश कर रहा है। यहां तक कि एक होटल संगठन ने बाकायदा अमूल उत्पादों के बहिष्कार की घोषणा की। गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क फेडरेशन अपने ब्रांड अमूल के व्यवस्थित कारोबार के लिये जाना जाता है। जिसके चलते सहकारी दुग्ध उत्पादकों के जीवन में खासा सकारात्मक बदलाव भी आया है। वहीं ब्रांड चुनने की उपभोक्ता को आजादी है और इसके लिये बेहतर प्रबंधन भी एक शर्त है। एक पहलू यह भी है कि देश में पशुओं के चारे के दाम में खासी तेजी आई है और दुग्ध उत्पादकों का मुनाफा कम हुआ है। जिसके चलते हरियाणा समेत कई राज्यों में पशुपालक इस व्यवसाय से अपना हाथ खींच रहे हैं। यही वजह है कि मांग व आपूर्ति में असंतुलन से इसकी कीमतों में उछाल आ रहा है। कोरोना व लंपी के बाद जहां उत्पादन गिरा, वहीं मांग तेजी से बढ़ी है। हालांकि, विदेशों से दूध का आयात लाभकारी नहीं हो सकता है क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतें मजबूत बनी हुई हैं। बेहतर होगा कि सरकार भी सहकारी क्षेत्र के दूध उत्पादन के आंकड़ों के साथ ही निजी व असंगठित क्षेत्र के उत्पादन का भी मूल्यांकन करे, ताकि देश की जरूरतों का न्यायसंगत मूल्यांकन हो सके। वहीं दूसरी ओर सरकार को चारे की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि का भी नियमन करके दूध उत्पादकों को राहत देने प्रयास करना चाहिए। कोशिश हो कि चारे की फसल के रकबे में भी वृद्धि की जाये। साथ ही डेयरी क्षेत्र के सालाना उत्पादन व मांग में संतुलन स्थापित करने के भी गंभीर प्रयास हों। यदि दुग्ध उत्पादक किसानों की दशा सुधरेगी तो उत्पादन में सुधार निश्चित रूप से महसूस किया जायेगा।